सुप्रभात
रांची, सोमवार
05.01.2026
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 173 | 12



वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति बनीं रोड्रिग्ज

## न्यूज डायरी

### रिम्स नर्सिंग की छात्रा ने थाने में खाया जहर, हड़कंप

**रांची।** हजारीबाग में उस वक्त हड़कंप मच गया जब महिला थाने पहुंची एक युवती ने जहर खा लिया। फिलहाल युवती का इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। युवती ने थाना प्रभारी से मुलाकात से पहले ही जहर खा लिया। युवती एमएससी नर्सिंग की छात्रा है। वह रिम्स में रहकर एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। युवती का कहना है कि युवती के प्रेमी ने लंबे समय तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद शादी का प्रलोभन देकर उसका यौन शोषण किया।

### महिला को बंधक बना जेवर दुकान से लाखों की लूट

**धनबाद।** धनबाद में एक महिला को बंधक बनाकर अपराधियों ने लक्ष्मी ज्वेलर्स से लाखों की लूट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने रविवार को महुदा थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर लूट की इस घटना को अंजाम दिया। ज्वेलरी दुकान के मालिक अमित कुमार वर्मा ने बताया कि लुटेरों ने घटना को अंजाम देते वक्त दुकान के पीछे घर में रहने वाले एक परिवार को बंधक बना लिया था। इसके बाद दुकान में लगे चार ताले को तोड़कर करीब 6 लाख की ज्वेलरी लूट कर ले गए।

### हाथी ने महिला को मार डाला, पति-बेटा घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा प्रखंड अंतर्गत संतरा वन क्षेत्र में रविवार सुबह एक दंतैल जंगली हाथी के हमले से 47 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। उसका पति और 10 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये। रविवार सुबह एक परिवार के सदस्य अपने घर के पास थे, तभी अचानक जंगल की ओर से निकले दंतैल हाथी ने हमला कर दिया। चार दिनों के भीतर जंगली हाथियों के हमलों से अब तक पांच लोगों की जान जा चुकी है।

### बांग्लादेश टी-20 वर्ल्डकप खेलने भारत नहीं आयेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आयेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की है। बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के आदेश पर आईपीएल से बाहर करने के बाद बीसीबी ने यह फैसला लिया है। अब आइसीसी तय करेगा कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में होंगे या नहीं। बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज में सभी चार मुकाबले भारत में ही शेड्यूल हैं।

### ओलंपिक की मेजबानी को भारत तैयार : पीएम

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में सरकार ने देश में खेलों के क्षेत्र में व्यापक बदलाव करते हुए 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किये हैं और भारत पूरी मजबूती से 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है। देश का हर क्षेत्र, विकास की हर परिभाषा इस रिफॉर्म एक्सप्रेस से जुड़ रहा है।

## कार्टून कोना




### 3-4 डिग्री और गिरेगा न्यूनतम तापमान, बढ़ेगी ठंड

# झारखंड में आज से दो दिन चलेगी शीतलहर, 11 जिलों में येलो अलर्ट

**वेदर अलर्ट**

- झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने सरकारी एवं गैर-सरकारी सभी स्कूलों में अवकाश कुछ दिन और बढ़ाने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कड़ाके की ठंड और कोहरे का व्यापक असर दिख रहा है। बर्फीली हवाओं के चलने और रात में तापमान गिरने से अत्यधिक ठंड महसूस की जा रही है। राजधानी रांची समेत राज्य के प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। रविवार को पूरा दिन कहीं कहीं बादल तो कहीं धूप निकलने से मौसम में उतार-चढ़ाव रहा। रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया कि राज्य में अगले दो दिन शीतलहर चलेगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**न्यूनतम तापमान में आयेगी कमी:** मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री से. की गिरावट होने की संभावना है, इससे ठंड और बढ़ेगी। इसके बाद अगले 2 दिनों में इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री से. की बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 5 जनवरी से 10 जनवरी को सुबह में कहीं-कहीं हल्का कोहरा छाया रहेगा।

**यहां शीतलहर का प्रभाव :** गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला जिलों में कहीं-कहीं शीतलहर का प्रभाव देखने को मिलेगा।



**यहां रहेगा घना कोहरा :** 5 जनवरी को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ आदि जिलों में कहीं-कहीं घना कोहरा रहेगा।

**फॉग लाइट जलायें :** वाहन चलाते समय या किसी परिवहन माध्यम से बाहर निकलते समय सावधान रहें। गाड़ी चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग अवश्य करें। अपनी यात्रा के पुनर्निर्धारण के लिए एयरलाइंस और रेलवे एवं राज्य परिवहन से संपर्क में रहें। जरूरी रहने पर ही घर से बाहर निकलें।

**सुबह-शाम बरतें सावधानी :** मौसम विभाग ने ठंड से बचाव के उपाय अपनाने और सुबह-शाम सावधानी बरतने की अपील की है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## रांची जिले के सभी स्कूलों में केजी से 12वीं तक की कक्षाएं कल तक बंद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मौसम विज्ञान विभाग ने विशेष बुलेटिन में झारखंड में अगले आदेश तक के लिए भारी ठंड एवं शीतलहरी की चेतावनी जारी की है। इसमें रांची जिले को येलो जोन की श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इसके मद्देनजर रांची जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में केजी से 12वीं तक की कक्षाएं 6 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत रांची जिले के अंतर्गत सभी सरकारी और गैर-सरकारी तथा निजी विद्यालयों में केजी से वर्ग 12वीं तक की कक्षाओं में पठन-पाठन का कार्य 5 से 6 जनवरी, 2026 तक जिला प्रशासन ने स्थगित कर दिया है। प्रशासन की ओर से विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। यदि उक्त अवधि में किसी विद्यालय में परीक्षा आयोजित है तो अपने विवेकानुसार विद्यालय में परीक्षा का संचालन करेंगे। 10वीं एवं 12वीं की कक्षाओं का संचालन विद्यालय विवेकानुसार करेंगे। इसके साथ ही कहा गया है कि छह जनवरी को सरकारी विद्यालय शिक्षकों के लिए खुले रहेंगे, जिसमें शिक्षक विद्यालय में अपनी उपस्थिति ई-वीवी पर दर्ज करेंगे और गैर शैक्षणिक कार्य निष्पादित करेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अनुष्का कुमारी ने सीएम से की भेंट

# फुटबॉलर अनुष्का को सरकार करेगी सहयोग : हेमंत सोरेन

**खेल प्रतिभा**

- अनुष्का के रुक्का गांव में खेल मैदान विकसित करने का दिया निर्देश
- राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया है सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित अनुष्का कुमारी ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने अनुष्का को नववर्ष और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेल प्रतिभा से देश और राज्य का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फुटबॉलर अनुष्का को सम्मानित करने के साथ स्पोर्ट्स किट प्रदान किया। अनुष्का ने भी अपने अब तक के खेल अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अनुष्का से कहा कि आप बेफिक्र होकर अपने खेल पर ध्यान दें। आपसे इस राज्य को काफी उम्मीदें हैं। आपकी हर जरूरत तथा सहयोग के लिए सरकार खड़ी है। हमारी सरकार खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ वैसा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है, जहां से राज्य के खिलाड़ी खेलों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकें।

**अनुष्का के गांव रुक्का में बनेगा खेल मैदानः** मुख्यमंत्री ने अनुष्का के रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड स्थित रुक्का गांव में एक खेल मैदान विकसित करने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया। उन्होंने डीडीसी को अनुष्का के परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया।

### द गोल मशीन के रूप में जानी जाती है अनुष्का

मालूम हो कि अनुष्का अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा के लिए द गोल मशीन के रूप में जानी जाती है, लेकिन उसके यहां तक पहुंचने की दास्तान आसान नहीं रही। घर की आर्थिक हालात और संघर्ष के बीच फुटबॉल के प्रति जुनून से ही उसने यहां तक का रास्ता तय किया। उसके पिता दिलेश मुंडा दिव्यांग हैं और माता दिहाड़ी मजदूरी कर घर परिवार चलाती हैं। अनुष्का के दो भाई हैं। बड़ा भाई एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है, छोटा भाई पढ़ाई कर रहा है।

### अनुष्का ने कम उम्र में हासिल कर ली कई उपलब्धियां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 26 दिसंबर 2025 को अनुष्का कुमारी को फुटबॉल में उत्कृष्ट उपलब्धियां के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया था। अनुष्का कुमारी मार्च में चीन में एशियाई अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। इससे पूर्व पिछले वर्ष सितंबर में भूटान में आयोजित सैफ अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनी भारतीय टीम की प्रमुख खिलाड़ी भी थी। इस प्रतियोगिता में उसने सबसे ज्यादा सात गोल किये थे। इससे उसे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। वहीं, 2024 में नेपाल में अंडर 16 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में उप विजेता रही भारतीय टीम की भी सदस्य थी। वह फिलहाल आवासीय बालिका फुटबाल प्रशिक्षण केंद्रए हजारीबाग में प्रशिक्षण ले रही है और इस वर्ष दसवीं की परीक्षा देगी।

# कोयल नदी पर क्षतिग्रस्त रेलवे पुल से गुजरी राजधानी एक्सप्रेस, हादसा टला

### लोहरदगा स्टेशन पर ट्रेनों का परिचालन बंद, कई के मार्ग बदले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, लोहरदगा।** लोहरदगा-रांची-टोरी रेल लाइन में लोहरदगा के कोयल नदी पर स्थित रेलवे पुल संख्या 115 के एक पिलर संख्या 5 के क्षतिग्रस्त होने पर भी रविवार को राजधानी एक्स., सासाराम एक्स. और लोहरदगा रांची मेमू पैसेंजर गुजर गयी। हालांकि बड़ा हादसा होने से टल गया। जब क्षतिग्रस्त रेलवे पुल के पिलर पर इंजीनियरिंग स्टाफ की नजर पड़ी तो तत्काल पुल से ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया। समय रहते रेलवे ब्रिज से पहले ही रांची-लोहरदगा ट्रेन को रोका गया। इससे वे पैदल ही अपने गंतव्य तक रवाना हुए।

**सात जनवरी तक परिचालन बाधित रहेगा :** रांची-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को फिलहाल अपने नियमित मार्ग लोहरदगा के बजाय मेसरा-बरकाकाना-टोरी होकर चलाने की बात कही है। आगामी सात जनवरी तक लोहरदगा रेलवे स्टेशन से रेल गाड़ियों का परिचालन बाधित रहेगा। रांची-सासाराम एक्पसप्रेस को रांची से आगामी पांच से सात जनवरी तक कैंसिल कर दिया गया है। वहीं सासाराम-रांची एक्सप्रेस को छह से आठ जनवरी तक कैंसिल किया गया है। जबकि पांच से लेकर सात जनवरी तक मेमू पैसेंजर को रांची से लेकर नगजुआ तक की सीमित किया गया है।



**पहले से चल रही थी मरम्मत :** जानकारी के अनुसार क्षतिग्रस्त पिलर संख्या 5 की पहले से ही मरम्मत चल रही थी। इसमें आंशिक दरार थी। इसके बाद भी रेल का परिचालन नहीं रोका गया। जब पिलर संख्या चार में भी दरार आ गयी तब रेलवे हरकत में आया और तत्काल ट्रेन का परिचालन रोका। रांची रेलमंडल की सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने बताया कि पुल वाली सूचना सही है। हल्की दरार है, फिर भी सुरक्षा कारणों से इस लाइन में ट्रेन का आवागमन रोक दिया है।

### दो दिनी दौरे पर झारखंड पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त, बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा

# दुमका के मोहनानंद प्लस टू विद्यालय में आज बीएलओ से सीधा संवाद करेंगे ज्ञानेश कुमार

- राज्य और देश के बेहतर भविष्य के लिए प्रार्थना करेंगे : ज्ञानेश कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पत्नी सहित रविवार को देवघर पहुंचे। झारखंड पहुंचने पर उन्होंने स्थानीय भाषा में झारखंड के लोगों को जोहार कर अभिवादन किया। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा की और आशीर्वाद लिया।



बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

**एम्स जाकर प्रबंधन के साथ की बैठक :** बाबा मंदिर में पूजा करने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एम्स-देवघर गए, जहां पर अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की। एम्स प्रबंधन के साथ बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार बाबा मंदिर के शाम की श्रृंगार पूजा में भी शामिल हुए।

**आज जायेंगे वासुकीनाथ मंदिर, करेंगे पूजा :** सोमवार की सुबह 8:30 बजे मुख्य चुनाव आयुक्त देवघर से दुमका में बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। मंदिर में दर्शन करने के बाद वे लगभग 10 बजे दुमका के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस पहुंचेंगे, जहां अल्पाहार के बाद वे देवघर लौट जाएंगे। यहां वे तपोवन के मोहनानंद प्लस टू स्कूल में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां वे स्थानीय बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारियों) से सीधा संवाद करेंगे। इसके बाद, वे मीडिया को संबोधित करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे को लेकर जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है।

### जबलपुर में रामायण कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए बिहार के राज्यपाल

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भारत की एकात्मकता के सबसे बड़े प्रतीक : आरिफ मोहम्मद खान

एजेंसी

**जबलपुर।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत की संस्कृति वेदों, उपनिषदों, गीता और रामचरित मानस पर आधारित है, जहां यह सिखाया गया है कि हर शरीर मंदिर है और परमात्मा हर व्यक्ति के हृदय में निवास करता है। प्रभु श्रीराम भारत की एकात्मता के सबसे बड़े प्रतीक हैं। जब हम हर व्यक्ति में दिव्यता देखेंगे, तभी वास्तविक एकता संभव होगी।

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद रविवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित तीन दिवसीय वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राज्यपाल खान के आगमन पर मानस भवन में राम-




राम भजन से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने मंचासीन संत कल्याण दास महाराज के चरण स्पर्श किए। राष्ट्रगान के बाद संतों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति, प्रभु श्रीराम के आदर्शों व राष्ट्रीय एकात्मता पर गहरे विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत का अध्यात्म उसकी आत्मा से परिभाषित होता है। हमारी संस्कृति वह नहीं है जो भेद पैदा करे बल्कि वह है जो विविधता का सम्मान करना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल सुख की प्राप्ति नहीं, बल्कि ज्ञान की प्राप्ति होना चाहिए, ताकि हम अपने भीतर की वास्तविक एकता को देख सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना एकात्मता को पाए मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है।

### राम का अर्थ उस परमात्मा से जो हर जीव के भीतर मौजूद

राज्यपाल ने भगवान राम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह का जीवन जिया, उसी से देश में सांस्कृतिक एकता आई। उन्होंने कहा कि राम का अर्थ उस परमात्मा से है जो हर जीव के भीतर मौजूद है, इसलिए हर व्यक्ति हमारे सम्मान का अधिकारी है। उन्होंने वाल्मीकि रामायण के उस प्रसंग का भी उल्लेख किया जहां वन गमन के समय लक्ष्मण के क्रोध को राम अपनी शांति और सेवा भाव से संतुलित करते हैं। उन्होंने दान और गुरुदक्षिणा के महत्व को भारतीय परंपरा का मूल स्तंभ बताया।

राज्यपाल ने कहा कि दुनिया में जारी खून-खराबे और हिंसा के लिए हम खुद काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश है, लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह मानव संवेदना और करुणा का मामला है। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। ऐसी घटनाओं पर संवेदना और मानवीय करुणा के आधार पर एकजुट होकर आवाज उठाने की जरूरत है।

### दिल्ली लालकिला ब्लास्ट पर बड़ा खुलासा

# पाक में बैठे आकाओं से कोडनेम से होती थी बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट की जांच में 'व्हाइट-कॉलर' टेरर मॉड्यूल का खुलासा हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार डॉक्टरों ने पाकिस्तानी हैंडलरों से संपर्क के लिए 'घोस्ट' सिम कार्ड्स और एन्क्रिप्टेड ऐप्स जैसे व्हाट्सऐप और टेलीग्राम का इस्तेमाल किया। पिछले साल 10 नवंबर हुए विस्फोट से जुड़े 'व्हाइट-कॉलर' टेरर मॉड्यूल की जांच में ये खुलासा हुआ है। जांच में पता चला कि आरोपी डॉक्टरों मुजम्मिल गनाई, अदील राथर और अन्य आरोपियों ने सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए 'डुअल-फोन' प्रोटोकॉल अपनाया था। प्रत्येक आरोपी के पास दो-तीन मोबाइल हैंडसेट थे। एक फोन अपने नाम से रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए और दूसरा 'टेरर फोन' केवल पाकिस्तानी हैंडलरों से व्हाट्सऐप और टेलीग्राम पर बातचीत के लिए था। इससे कोडनेम 'उकासा', 'फैजान' और 'हाशमी' के नाम से बात होती थी।

सरकार ने आतंकी नेटवर्क रोकने के लिए नए साइबर सुरक्षा नियम लागू किये। यह जांच तब सामने आया है, जब दूरसंचार विभाग ने ऐप-आधारित संचार सेवाओं को डिवाइस में सक्रिय फिजिकल सिम से लगातार जोड़े रखने का आदेश दिया था। इन सेकंडरी डिवाइस के सिम अनजान लोगों के आधार कार्ड से जारी किये गये थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड से सिम जारी करने का अलग रैकेट भी उजागर किया। आरोपियों में उमर-उन-नबी भी शामिल था, जो विस्फोटक से लदी गाड़ी चलाते हुए मारा गया। हैंडलरों ने ऐप्स की उस सुविधा का फायदा उठाया जिसमें फिजिकल सिम के बिना भी मैसेजिंग जारी रहती है, जिससे वे पाकिस्तान या पीओके से मॉड्यूल को यूट्यूब से आईईडी बनाने की ट्रेनिंग दिलवा सके और भारत में हमले का प्लान बनवा सके।

### पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने पेसा एक्ट की नियमावली पर उठाये सवाल, कहा-

# पेसा के मूल प्रावधानों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पेसा कानून की मूल भावनाओं से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं है। श्री मुंडा रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से पारित पेसा कानून को कोल्ड ब्लडेड मर्डर करार दिया। उन्होंने कहा कि पेसा कानून लागू करने की मांग उठी तो लोग अदालत गये और सरकार को बाध्य किया गया। इसकी अधिसूचना जारी करने में सरकार को काफी देर लगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पेसा कानून 1996 की मूल भावना पर कुठाराघात किया है। नियमावली में ग्राम सभा को ही डाइल्यूट करने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपने तरीके और संस्थायें अपने तरीके से काम करेगी तो सिस्टम धराशायी होगा।




उन्होंने कहा कि एक तो यह नियमावली देर से आई है और दुरुस्त नहीं है। यह मूलभावना से भटकी हुई नजर आती है।

उन्होंने कहा कि नियमावली से साफ है कि राज्य सरकार आदिवासियों के अधिकार के प्रति संवेदनशील नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह 2019 में केंद्र में जनजाति मंत्री थे। उस समय कई राज्यों में नियमावली नहीं बनी थी। इसके बाद राज्यों को बार बार नियमावली बनाने और पेसा कानून लागू करने को कहा गया था। कई राज्यों ने अपने यहां पेसा कानून लागू किया। लेकिन, दो राज्य ओडिशा और झारखंड पिछड़ गये। झारखंड काफी दिनों तक निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया।

**अजित महतो की पुलिस कस्टडी में मौत पर उठाया सवाल :** अर्जुन मुंडा ने सरायकेला निवासी अजित महतो की जमशेदपुर के मानगो में पुलिस कस्टडी में मौत का मामला उठाते हुये कहा कि बीमार रहते हुये भी उसे एक मोबाइल चोर द्वारा दिये बयान के आधार पर पुलिस पकड़कर ले गई और टॉर्चर किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अजित महतो की पिटाई की। इससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी भी गर्भवती थी। पिता की मृत्यु के समय बेटी का जन्म हुआ। यह मानवता का भी मामला है। इस दौरान पुलिस आनन फानन में सादा पेपर लेकर पीड़ित के घर पहुंचती है और दो लाख की पेशकश करती है। लेकिन जब पैसा नहीं लिया जाता है तो अगले दिन कुछ लोग पहुंचते हैं और सादा पेपर पर साइन करा लेते हैं और 2 लाख रुपये देते हैं। उन्होंने पुलिस के बिचौलिया के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। दोषी पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित करना चाहिये।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी अशोक बड़ाईक और प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।

# पेसा नियमावली में ग्राम सभा सर्वोच्च रहेगी : विनोद पांडेय

- **झामुमो महासचिव ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के पेसा नियमावली को लेकर लगाये गये आरोपों को निराधार बताया है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के पेसा नियमावली को लेकर लगाये गये आरोपों को निराधार और राजनीतिक हताशा से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को आदिवासी हितों की याद आज आ रही है। जबकि उसके लंबे शासनकाल में पेसा कानून को लागू करने की नीयत तक नहीं थी। हेमंत सरकार ने जो काम वर्षों में नहीं हुआ, उसे संवैधानिक दायरे में रहकर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा स्वयं लंबे समय तक मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री रहे। लेकिन, उस दौरान पेसा कानून को लागू करने के लिये न नियम बने, न ग्राम सभाओं को अधिकार मिले। आज वही भाजपा राजनीतिक की दुहाई दे रही है। भाजपा ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा। जबकि, झामुमो ने उन्हें अधिकार संपन्न बनाने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेसा नियमावली में ग्राम सभा की भूमिका को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत किया गया है। परंपरा, रूढ़ि और स्थानीय स्वशासन की भावना को संविधान के अनुरूप स्पष्ट और व्यावहारिक रूप दिया गया है। भाजपा जानबूझकर भ्रम फैला रही है। ताकि, आदिवासी समाज को गुमराह किया जा सके। नियमावली में ग्राम सभा सर्वोच्च है और रहेगी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया से बनी नियमावली को कोल्ड ब्लडेड मर्डर कहना भाजपा की संवैधानिक अज्ञानता और राजनीतिक कुंठा को दर्शाता है। जो लोग वर्षों तक आदिवासी अधिकारों की हत्या करते रहे, उन्हें आज बड़े.बड़े शब्दों का इस्तेमाल करने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की मंशा शुरू से स्पष्ट रही है। यह सरकार आदिवासी अस्मिताए परंपरा और स्वशासन संवैधानिक संरक्षण दे रही है। भाजपा को यह बात हजम नहीं हो रही है। उन्होंने साफ किया कि पेसा नियमावली को लेकर किसी भी रचनात्मक सुझाव का स्वागत है।

# अनुसेवकों को बर्खास्त किया जाना अनुचित : धर्मेंद्र तिवारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने पलामू जिले के बर्खास्त अनुसेवकों के मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह पूरा प्रकरण अनुसेवकों की किसी भी प्रकार की गलती का परिणाम नहीं, बल्कि नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों की अस्पष्टता और प्रशासनिक विफलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। नियुक्ति से संबंधित नियम-कानून बनाना और उन्हें न्यायालय सम्मत रखना सरकार तथा संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद वर्षों तक सेवा देने वाले निर्दोष अनुसेवकों को नियमों की खामियों का दंड देकर बर्खास्त किया जाना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के भी विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में यह स्पष्ट किया जा चुका है कि यदि नियुक्ति प्रक्रिया में त्रुटि पाई जाती है, तो संबंधित विज्ञापन को रद्द किया जाना चाहिये। बर्खास्तगी के बाद से अनुसेवकों का आंदोलन पिछले एक वर्ष से जारी है। लेकिन, सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसी क्रम में सैकड़ों अनुसेवक 3 जनवरी को मेदिनीनगर से पैदल मार्च करते हुये रांची रवाना हुये। इस आंदोलन के दौरान अनुसेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे संपर्क कर अपनी पीड़ा और मांगों से अवगत कराया। क्या सड़कों पर संघर्ष कर रहे अनुसेवकों की आवाज सरकार तक नहीं पहुंचेगी।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिले कई अधिकारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को आवासीय कार्यालय में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, उद्योग निदेशक विशाल सागर, झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, गव्य निदेशक जीशान कमर, पश्चिमी सिंहभूम के डीसी चंदन कुमार, बोकारो के डीसी अजय नाथ झा, रांची के उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, रांची के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने शिष्टाचार भेंट कर बधाई और शुभकामनायें दी। वहीं, पुलिस पदाधिकारियों में नरेंद्र कुमार सिंह, बोकारो के आईजी सुनील भास्कर, कोल्हान रेंज के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा, पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु, बोकारो के एसपी हरविंदर सिंह, चतरा के एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, जैप 2 की कमांडेंट सरोजनी लकड़ा और जैप 7 के कमांडेंट अविनाश कुमार ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर नये वर्ष की बधाई दी। इसके साथ ही रांची रेल मंडल के डीआरएम केएन सिंह, सीनियर डीसीएम सूची सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अंकित शुक्ला जी न्यूज, धीरज ठाकुर और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर एमए हक ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई दी।

## कांग्रेस विधायक दल के नेता समेत कई ने सीएम से की मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को आवासीय कार्यालय में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय, जयमंगल सिंह, राम सूर्य मुंडा, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, रांची कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा और



पूर्व मेयर रमा खलखो ने शिष्टाचार भेंट कर नववर्ष की बधाई दी।



मुख्यमंत्री ने भी सभी को नये वर्ष की बधाई दी।

# बीजेपी के पास आदिवासियों के हित में बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : किशोर नाथ शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीजेपी के पास आदिवासियों के हित में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा का बयान केवल राजनीतिक हताशा और जनता को गुमराह करने का एक प्रयास है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि अर्जुन मुंडा को यह बताना चाहिए कि राज्य बनने के बाद 20 वर्षों तक जब झारखंड में भाजपा की सरकारें रहीं, तब उन्हें पेसा एक्ट की याद क्यों नहीं आई? भाजपा ने दशकों तक पेसा नियमावली को ठंडे बस्ते में डालकर रखा ताकि वे जल, जंगल और जमीन की लूट जारी रख सकें।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने नियमावली में मानकी-



मुंडा और डोकलो-सोहोर जैसी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं को उचित सम्मान दिया गया है। अर्जुन मुंडा जिस कोल्ड ब्लेडेड मर्डर की बात कर रहे हैं, दरअसल वह दर्द भाजपा का है क्योंकि अब ग्राम सभाएं सशक्त होंगी और कॉरपोरेट मित्रों के लिए जमीन लूटना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नियमावली बनाकर आदिवासियों को उनके संवैधानिक अधिकार लौटाने का काम किया है। भाजपा का चरित्र हमेशा से बांटो और राज करो का रहा है।

# मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में केंद्र से जातीय जनगणना कराने का आग्रह

- **परिसीमन और जातीय जनगणना से ही बचेगा सदानों का अधिकार : राजेन्द्र प्रसाद**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में पेसा कानून को लेकर मूलवासी सदानों में बढ़ती चिंता को देखते हुए मूलवासी सदान, युवा शिक्षाविद्दों के साथ केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। इसमें कहा गया कि झारखंड में लागू किए गए पेसा कानून के बाद राज्य के गैर-जनजातीय मूलवासी सदान समुदाय खुद को राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक रूप से हाशिए पर महसूस कर रहे हैं। मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदानों के अधिकारों को बचाने का एक मात्र संवैधानिक तरीका है कहा कि केन्द्र सरकार 2026 में जातीय जनगणना और परिसीमन कराने के बाद 2029 में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव नए परिसीमन के बाद ही कराये।

**मूलवासी सदान यहां के मूलनिवासी हैं**

उन्होंने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदान बहुसंख्यक हैं। इनके अधिकारों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। पेसा कानून के वर्तमानस्वरूप से गैर-जनजातीय आबादी को बड़ी आबादी को नुकसान होगा। मूलवासी सदान यहां के मूलनिवासी हैं। प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना और परिसीमन झारखंड की वास्तविक सामाजिक संरचना का सन्तुलन के लिए जातीय जनगणना और परिसीमन को अनिवार्य बताया, ताकि नीति निर्माण न्यायपूर्ण और तथ्य आधारित हो सके। राजेन्द्र प्रसाद ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन जनसंख्या के वर्तमान आंकड़ों के आधार पर कराने का आग्रह भारत सरकार से किया। मूलवासी अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रो अरविंद प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान ने कहा राज्य की नीतियां बनाते समय स्थानीय मूलवासी सदानों से गैर-जनजातीय समुदायों से संवाद सरकार कभी नहीं करती है।

**केंद्र सरकार तक बात पहुंचाने का निर्णय**

बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर झारखंड की जमीनी स्थिति से उन्हें अवगत कराया जाएगा। साथ ही, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिलकर पेसा कानून से उत्पन्न समस्याओं और मूलवासी समाज की मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का आग्रह किया जाएगा। डॉ अमित साहू व नवल किशोर ने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन किसी एक कानून के नाम पर झारखंड की बहुसंख्यक मूलवासी सदान और गैर-जनजातीय आबादी को नजरअंदाज करना स्वीकार्य नहीं है। बैठक में मुकेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, रंजीत प्रसाद, चंदन कुमार, डॉ जहांगीर अंसारी, डॉ अमर गोप, डॉ राजु हजाम, पप्पू कुमार आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस का लोक भवन मार्च आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोमवार को बापू वाटिका गांधी प्रतिमा से लोक भवन तक मनरेगा बचाओं अभियान रैली निकालकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गये जी–राम–जी योजना के खिलाफ अपने आंदोलन का शुभारंभ करेगी। इसके तहत प्रदेश कांग्रेस पूरे देश सहित झारखंड में भी मनरेगा बचाने के लिए सड़कों पर उतरेगी। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू विशेष रूप से संकल्प सभा एवं पैदल मार्च में शामिल होंगे,मनरेगा के खिलाफ झारखंड के गरीबों किसानों मजदूरों को उनके हक दिलाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में होगा एवं पूरे राज्य भर के कांग्रेस कार्यकर्ता बापू वाटिका में उपस्थित होकर मनरेगा बचाने का संकल्प लेंगे एवं लोक भवन मार्च तक पदयात्रा में शामिल होंगे। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि महात्मा गांधी राष्टीय रोजगार गांरटी कानून (मनरेगा) से हर वर्ष करोड़ो मजदूरों को काम मिल रहा है और गांव–गांव में विकास का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब मोदी सरकार मनरेगा को बंद करने की कोशिश कर रहा है। इस स्थिति में कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचााने का संकल्प लिया है।

# ठंड को देखते हुए स्कूलों में अवकाश कुछ दिन और बढ़ाये सरकार : अजय राय

- **कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में लगातार गिरते तापमान, बढ़ती ठंड और घने कोहरे को देखते हुए झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य सरकार से सरकारी एवं गैर-सरकारी (निजी) दोनों प्रकार के विद्यालयों में अवकाश कुछ दिनों के लिए और बढ़ाने की मांग की है।

श्री राय ने कहा कि 4 जनवरी को प्रकाशित समाचारों एवं मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार राज्य में ठंड का प्रभाव और बढ़ने वाला है। राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है, जबकि 15 जिलों में अगले दो दिनों तक घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची सहित 12 जिलों में दिन के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सुबह के समय दृश्यता बेहद कम हो जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों का सुबह-सुबह स्कूल जाना स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों की दृष्टि से जोखिमपूर्ण है।

श्री राय ने कहा कि ठंड, कोहरा और शीतलहर में छोटे बच्चों को स्कूल भेजना सर्दी, निमोनिया, बुखार और श्वसन संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि सरकारी एवं गैर-सरकारी सभी स्कूलों में एक समान रूप से अवकाश बढ़ाया जाये। नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यालयों को विशेष रूप से शामिल किया जाये। मौसम सामान्य होने तक बच्चों की उपस्थिति को लेकर किसी प्रकार का दबाव न बनाया जाये। जिला प्रशासन को स्थानीय तापमान एवं मौसम की स्थिति के आधार पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी जाये। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यह मांग पूरी तरह जनहित, बच्चों की सुरक्षा और अभिभावकों की चिंता को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह हालात की गंभीरता को समझते हुए तत्काल मानवीय और व्यावहारिक निर्णय ले।

# राजनीति में यादव समाज को आबादी के अनुपात में नहीं मिली हिस्सेदारी : कैलाश यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बलराम कृष्ण कल्याण समिति यादव समाज का महत्वपूर्ण बैठक धुर्वा पुराना विधानसभा स्थित मैदान में रविवार को हुई। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने यादव समाज के समृद्ध विकास के लिए चिंता व्यक्त किया। चर्चा के दौरान सामाजिक उत्थान के लिए कई विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप उपस्थित बलराम कृष्ण कल्याण समिति यादव समाज के मुख्य संरक्षक एवं राजद नेता कैलाश यादव ने कहा कि राज्य में यादव समाज की संख्या लगभग 14 फीसदी है। यादव जाति अनेक



उपनामों से जानी जाती है जैसे यादव, गोप, अहीर, महतो माजी, घोष समेत दर्जनों उपनाम टाइटल से नामित है। इसके बावजूद आबादी के अनुरूप यादव समाज सामाजिक उपेक्षा का शिकार होते रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नई पीढ़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं लेकिन राजनैतिक हिस्सेदारी काफी कमजोर हुई है। उन्होंने कहा है कि यादव समाज के आराध्य देव कृष्ण वंशज है और इनका उदेश्य जनकल्याण करना और सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि चतरा, कोडरमा, गोड्डा, धनबाद लोकसभा में यादव समाज का विधानसभा में जैसे गोड्डा, हुसैनाबाद, कोडरमा, जरमुंडी, नाला, जामताड़ा, रामगढ़, बड़कागांव, बोकारो, धनबाद, झरिया, गिरिडीह, गांडेय, हटिया, रांची, जमशेदपुर, पूर्वी मधुपुर सहित लगभग 20 विधानसभा में प्रतिनिधित्व होनी चाहिए।

कैलाश यादव ने कहा है कि राज्य में 27 आरक्षण ओबीसी को मिली थी, देश का पहला राज्य झारखंड है जहां लगभग 60 फीसदी ओबीसी वर्गों की संख्या है। इसके बावजूद ओबीसी को मात्र 14 फीसदी आरक्षण मिलना सामाजिक विकास के लिए अन्याय है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में बीसी 1 और बीसी 2 को अलग कर कमजोर किया गया है। राज्य के 10 जिलों में आरक्षण शून्य है जिसमें ओबीसी की संख्या 60 फीसदी होने के बाद भी वहां सुरक्षित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सेक्टर 3 स्थित भव्य राधाकृष्ण मंदिर बनाया जाएगा। इसे कार्य के लिए 50 सदस्यीय विशेष कमिटी बनाई जाएगी।

बैठक में संरक्षक नंदन यादव, अध्यक्ष बबन यादव, सचिव संजीत यादव, विभाकर यादव, रंजन यादव, उमेश यादव, रामकुमार यादव, राजकिशोर सिंह यादव, प्रमोद यादव, रामभजन यादव, गौरीशंकर यादव, सुनील यादव, धनंजय यादव, राजेश यादव, पप्पू यादव, चंदेश्वर प्रसाद यादव, भैया जी यादव, ओमप्रकाश यादव, नवलकिशोर यादव, दयाशंकर यादव, सुरेन्द्र यादव, उमेश राय, लोकनाथ यादव, रमाशंकर यादव, राहुल यादव, अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# सरकारी स्कूल के बच्चे भी अब कर सकेंगे शैक्षणिक भ्रमण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- **बच्चों के लिए क्विज और करियर काउंसिलिंग शुरू करेगी सरकार**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को राज्य के अंदर और बाहर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। उनके लिए क्विज तथा करियर काउंसिलिंग जैसे कार्यक्रम भी शुरू होंगे। इन सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को दी जाएगी। झारखंड परियोजना परिषद ने एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीएम श्री योजना के तहत पीएम श्री स्कूलों के बच्चों के लिए विज्ञान और गणित से संबंधित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि बच्चे सरलता से इन विषयों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान अर्जित कर सकें। इन स्कूलों के बच्चों को राज्य और राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। साथ ही बच्चों की करियर काउंसिलिंग कराई जाएगी। वहीं, समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत पीएम श्री से इतर अन्य सरकारी स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, राज्य से बाहर शैक्षणिक भ्रमण आदि कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

**मेंटर की भूमिका निभाएंगे उच्च शिक्षण संस्थान :** माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षण संस्थान मेंटर की भूमिका निभाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को दी जाएगी। समग्र शिक्षा अभियान के इन सभी कार्यक्रमों की स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष के बजट में मिली है। इसे लेकर राशि का भी प्रविधान किया गया है। इन कार्यक्रमों के संचालन को लेकर निजी एजेंसियों से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इसे लेकर छह जनवरी को प्री बीड मीटिंग भी प्रस्तावित है।

**शीघ्र आयोजित होगी स्टेट ओलंपियाड परीक्षा :** राज्य में जेसीईआरटी के माध्यम से आयोजित होने वाली स्टेट ओलंपियाड परीक्षा के लिए निबंधित बच्चों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह परीक्षा फरवरी माह में हो सकती है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तथा ओएमआर शीट के प्रकाशन के लिए मुद्रकों के चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीद की जा रही है कि इस माह तक प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट का प्रकाशन हो जाएगा। इसके बाद परीक्षा तिथि की घोषणा हो सकती है।

स्पीड न्यूज

# गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व पर जमशेदपुर गुरु गोबिंदमय, नगर कीर्तन से गूंजी संगत

■ नये मार्ग से निकला भव्य नगर कीर्तन, बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयकारों से शहर में बिखरी भक्ति और एकता की छटा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





टिनप्लेट क्षेत्र से गुजरता नगर कीर्तन और पालकी साहेब और नगर कीर्तन में शामिल सरदार भगवान सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, अमरप्रीत सिंह काले व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

**जमशेदपुर।** सिख धर्म के दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के 359वें प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को जमशेदपुर पूरी तरह गुरु गोबिंदमय हो उठा। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) के तत्वावधान में निकाले गए भव्य नगर कीर्तन ने शहर को आध्यात्मिक उल्लास, भक्ति और सामाजिक समरसता के रंग में रंग दिया। रिफ्यूजी कॉलोनी गुरुद्वारा से नए मार्ग पर निकाले गए नगर कीर्तन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पालकी साहिब के दर्शन किए और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर कीर्तन के दौरान, बोले सो निहाल सतश्रीअकाल और वाह-वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। गेंदा और गुलाब के फूलों से सजी पालकी साहिब के आगे पंज प्यारे पारंपरिक वेशभूषा में चलते हुए श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहे थे। पूरे मार्ग में शब्द-कीर्तन की मधुर ध्वनियां संगत के हृदय को स्पर्श करती रहीं।

नगर कीर्तन में सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, पूर्णिमा दास, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, श्रीमती सुधा गुप्ता सहित कई राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक हस्तियों ने पालकी साहिब के समक्ष शीश नवाया। स्त्री सत्संग सभा की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने सिख धर्म में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया।

साकची गुरुद्वारा पहुंचने पर पालकी साहिब का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया गया। अरदास और आतिशबाजी के साथ प्रकाश पर्व का समापन हुआ। सीजीपीसी पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक सद्भाव, सेवा और एकता का जीवंत उदाहरण है। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों के साथ शहर ने गुरु के प्रकाश पर्व को श्रद्धा से नमन किया।

**मुख्य बिंदु**

- नगर कीर्तन का शुभारंभ सुबह 11 बजे रिफ्यूजी कॉलोनी गुरुद्वारा से हुआ।
- नए मार्ग से निकले कीर्तन का समापन शाम 5:30 बजे साकची गुरुद्वारा में हुआ।
- मार्ग में टुइलाडुंगरी, गोलमुरी, आरडी टाटा गोलचक्कर और हावड़ा ब्रिज शामिल रहे।
- स्कूली बच्चों और युवाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया।
- पांच गतका टीमों ने साहसिक प्रदर्शन कर संगत को मंत्रमुग्ध किया।
- नौजवान सभा के सदस्यों ने ट्रैफिक नियंत्रण और सेवा कार्य संभाला।
- कदमा की टीम ने सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर चांडिल में कार्यक्रम

**चांडिल।** नौरंगराय सूर्या देवी सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मातृशक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयंती चक्रवर्ती और झरना महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर माताओं को परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्राचीन गौरवशाली परंपरा एवं संस्कृति का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुब्रतो चट्टर्जी सहित सभी शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत, नाती गंभीर



**चांडिल।** चांडिल के डुमटांड़ स्थित पाटपुर के पास शनिवार शाम करीब सात बजे एक सड़क हादसे में जीजा और साले की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चितरी गांव निवासी शंकर सिंह (45) और रथु सिंह (60) के रूप में हुई है। दोनों सितू हाट बाजार से खरीदारी कर अपने 14 वर्षीय नाती महादेव सिंह के साथ बाइक से घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शंकर और रथु की मौके पर मौत हो गई, जबकि नाती गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## युवा विधायक सोमेश ने बाड़ाघाट में की बैठक



**जमशेदपुर।** मुसाबनी प्रखंड के बड़ाघाट ग्रामीण स्टेडियम में आज युवा विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ग्रामीणों द्वारा आयोजित साफ-सफाई कार्यक्रम के पश्चात बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान विधायक ने गांव की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को समझा और उनके समाधान पर चर्चा की। ग्रामीणों की इस पहल की सराहना करते हुए सोमेश सोरेन ने कहा कि हर व्यक्ति को केवल सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वयं समाज और गांव के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर करने एवं क्षेत्रीय विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## नेत्र ज्योति महायज्ञ के दूसरे दिन 173 का हुआ ऑपरेशन



**जमशेदपुर।** केके सिंह की स्मृति में आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ झ 2026 के दूसरे दिन नेत्र ऑपरेशन सत्र का शुभारंभ उर्मिला सिंह, उनकी पुत्री उषा सिंह, छगनलाल दयालजी सन्स के चेयरमैन आश्विन आडेसरा, नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह और समाजसेवी चंद्रमोहन सिंह ने किया। सत्र में डॉ बीपी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ मलय द्विवेदी, डॉ विवेक केडिया सहित चिकित्सकीय टीम ने 173 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया। 160 रोगियों की जांच हुई, जिनमें से 26 को तत्काल ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। शिविर में रेड क्रॉस टीम और समाजसेवियों ने योगदान दिया।

## सरायकेला-खरसावां अंडर-16 क्रिकेट हेतु पंजीकरण आज से

**सरायकेला।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ सरायकेला-खरसावां (उअरङ) ने आगामी सत्र 2025-26 के लिए जिला अंडर-16 क्रिकेट टीम चयन की प्रक्रिया की घोषणा की है। सचिव प्रवीर कुमार ने बताया कि पंजीकरण 5 से 8 जनवरी 2026 तक CASK कार्यालय में सुबह 11:30 बजे से 1:30 बजे तक होगा।

# डहरे टुसू पर निकली भव्य शोभा यात्रा

■ मौसम की चुनौती के बीच डिमना से साकची तक उमड़ा सांस्कृतिक सैलाब

■ आदिवासी समाज के हजारों लोगों ने किया लोकसंस्कृति की शक्ति का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





मानगो जयप्रकाश सेतु से गुजरती डहरे टुसू शोभा यात्रा और डहरे टुसू शोभा यात्रा में आदिवासी समाज के साथ नृत्य करते पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता और साथ में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा गुप्ता।

**जमशेदपुर।** झारखंड की लोकसंस्कृति और सामूहिक चेतना का प्रतीक डहरे टुसु परब 2026 इस वर्ष भी पूरे उत्साह, अनुशासन और परंपरागत गरिमा के साथ संपन्न हुआ। हजारों लोगों की भागीदारी के साथ यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया, जिसने जमशेदपुर की धरती पर सांस्कृतिक एकजुटता का सशक्त संदेश दिया।

मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। खराब मौसम के कारण शोभायात्रा दोपहर 1 बजे डिमना से आरंभ हुई, जो ढोल, धंस और मदार की थापों के बीच शाम करीब 6 बजे साकची स्थित आमबागान मैदान पहुँची। पूरे मार्ग में नाचते-गाते लोगों ने यह साबित किया कि लोकपरंपराएं किसी भी बाधा के आगे नहीं झुकतीं।

टुसु गीतों की मधुर गूंज, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की लय और पीले रंग से सजा जनसमूह पूरे शहर में लोकपर्व का वातावरण रच रहा था। यह दृश्य केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि सामूहिक स्मृति और सांस्कृतिक गर्व का जीवंत उत्सव था। विशेष उल्लेखनीय रही महिलाओं की सशक्त भागीदारी। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने गीत-नृत्य के माध्यम से यह संदेश दिया कि लोकसंस्कृति की असली संवाहक वही हैं।

डिमना, संकोसाई, मानगो, पुराना कोर्ट और आमबागान क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों एवं समाजसेवियों द्वारा जलपान और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई। चना, चाय, पानी, खिचड़ी और मुड़ी-घुगनी का वितरण जनसहयोग और भाईचारे का प्रतीक बना। आयोजन से जुड़े दीपक रंजीत ने कहा कि डहरे टुसु परब हमारी पहचान और निरंतर संघर्ष का प्रतीक है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक सशक्त रूप में पहुंचाना हमारा संकल्प है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए आभार जताया।



टुसू शोभा यात्रा में विधायक सरयू राय और कुड़मी सेना के नेता शैलेंद्र महतो भी शामिल हुए।

वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में निकली शोभायात्रा में पारंपरिक चौड़ल, टुसु प्रतिमा, लोकनृत्य और लोकसंगीत के बीच पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता के साथ शामिल हुए। बिष्टुपुर में विधायक सरयू राय और कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने भी सहभागिता निभाई। विधायक सरयू राय ने कहा कि इस तरह के आयोजन भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

## एक नजर में

### पूर्वी सिंहभूम : ठंड और शीतलहर के कारण सभी स्कूलों में 5-6 जनवरी को कक्षाएं स्थगित


**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट और शीतलहर की संभावना है। इसके मद्देनजर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक और निजी विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक का पठन-पाठन दिनांक 05 और 06 जनवरी तक स्थगित किया है। सभी विद्यालयों को आदेश का सख्ती से पालन करने को कहा है। यदि इस अवधि में किसी विद्यालय में परीक्षा निर्धारित है, तो विद्यालय अपने विवेकानुसार परीक्षा का संचालन करेगा। 6 जनवरी को सरकारी विद्यालय शिक्षकों के लिए खुले रहेंगे, जहां वे अपनी उपस्थिति ेिश पर दर्ज करेंगे और गैर-शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करेंगे।

### कॉमर्शियल टैक्स बार एसोसिएशन जमशेदपुर का पारिवारिक पिकनिक कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** यहां कमर्शियल टैक्स बार एसोसिएशन का पारिवारिक पिकनिक कार्यक्रम जुबली पार्क में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नए और पुराने परिवारों सहित करीब 100 से अधिक सदस्य शामिल हुए। बार के चेयरमैन मुरलीधर केडिया, सह चेयरमैन खजांची लाल मित्तल, अध्यक्ष बासु चटर्जी, महासचिव दिलीप कुमार, जितेंद्र जी, राजेश मित्तल, राजू अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, प्रमोद अग्रवाल, रामगोपाल प्रसाद, संजय सेन, कृष्ण त्रिपाठी, सपन कुमार, राहुल कुमार, पारस कुमार, विक्रम साहू, अंजन भट्टाचार्य, मैरिक जी, सरदार मनिंदर सिंह, धीरज श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैट के उपाध्यक्ष सुरेश संथालिया एवं महेश संथालिया जी भी शामिल हुए और सभी ने मिलकर पारिवारिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

### आदिवासी गोड समाज समिति का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



**जमशेदपुर।** आदिवासी गोड समाज समिति का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह एवं वनमौज कार्यक्रम 4 जनवरी 2026 को हुडको पार्क, टेल्को में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ बच्चों और महिलाओं के लिए खेलकूद भी किया गया। साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विश्वकमी गोड, उपाध्यक्ष रामसुगम प्रसाद गोड, सचिव धर्मचन्द्र साह, विद्यानाथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, जगदीश प्रसाद, गणेश साह, सुरेश साह, सुरेंद्र प्रसाद, राम ईश्वर प्रसाद, सुनील प्रसाद, प्रेमनाथ, लोचन प्रसाद, रंजन प्रसाद व बालाजी प्रसाद व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सहभागिता, उत्साह और सामाजिक समरसता बढ़ाना रहा।

### रविदास समाज का वार्षिक रवि मिलन समारोह संपन्न



**जमशेदपुर।** रविदास भवन, शास्त्री नगर में 4 जनवरी 2026 को रविदास समाज का वार्षिक रवि मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मू. सरयू रविदास ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यदेव राम, प्रिंसिपल पोलिटेक्निक कॉलेज आदित्यपुर और विशिष्ट अतिथि माननीय सीताराम, पूर्व डीसी जीएसटी एवं एडवोकेट रामलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों, युवतियों और महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी और प्रबोधन सत्र आयोजित किया गया। अनुच्छेद 13 एवं मूलनिवासियों पर उसके प्रभाव पर चर्चा हुई। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। लंच के बाद आजीवन सदस्यों को मोमेंटो दिया गया और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

### केके सिंह की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों में बांटा कंबल



**जमशेदपुर।** केके सिंह की पुण्यतिथि पर उनके पोते आर्य वत्स की पहल पर सेवा भाव से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये गये। यह कार्यक्रम राज क्लब गंडा समाज के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से कुल 60 लोगों को कंबल प्रदान किए गए। वितरण बेलदिह ग्राम बस्ती के गंडा समाज और आदिवासी समाज के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में गंडा समाज अध्यक्ष श्री नरेश कुमार तंडैया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आर्यवत्स ने कहा कि स्वर्गीय के.के. सिंह जीवनभर समाज सेवा में समर्पित रहे और उनकी स्मृति में हर वर्ष ऐसे कल्याणकारी कार्य किये जाते हैं।

### विश्वकर्मा समाज में निबंध प्रतियोगिता और कैरियर परामर्श कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन के सभागार में समाज के बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता सह कैरियर परामर्श कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए बच्चों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और जीवन में सफलता प्राप्त करने के गुण सीखे। कार्यक्रम में समाज के पूर्व पदाधिकारी एवं एसएनटीआई के टेक्निकल और मोटिवेशनल मेंटर बृजनंदन प्रसाद, डीएवी की शिक्षिका वीनीता राणा और लोयला विद्यालय के शिक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बच्चों को उनके कैरियर के प्रति जागरूक किया और सफलता के मंत्र साझा किए। कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी और युवा साथी गण के सहयोग से बच्चों और उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी की।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद का वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर द्वारा आयोजित वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह एटमॉस्फेयर रिजॉर्ट पिकनिक स्पॉट में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, सैन्य मातृशक्ति एवं उनके परिजनों सहित लगभग 375 लोगों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। प्रकृति की गोद में आयोजित यह वनभोज पारिवारिक समन्वय, आपसी परिचय और संगठनात्मक मजबूती का सशक्त माध्यम बना। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दोपहर के भोजन के उपरांत तंबोला खेला गया, जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन राष्ट्र, समाज और सैनिकों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है।

## पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति का 13वां वार्षिक मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मिलन समारोह में बाबा साहेब, संस्थापक अध्यक्ष छेदीलाल एवं प्रथम महिला शिक्षिका फूले जी की तस्वीर पर माल्यापर्ण करते अतिथि।

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर पार्क परिसर में पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति का 13वां वार्षिक मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह ने कहा कि पासी समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। समाज के पूर्वजों के योगदानों को याद रखना और उनसे प्रेरणा लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयासों के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में खबर मन्त्र दैनिक के ब्यूरो चीफ सत्येंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज की प्रगति का मूल आधार बताते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही आत्मनिर्भर बनता है और समाज को नई दिशा देता है।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का सपरिवार वनभोज सह मिलन समारोह हुआ संपन्न

■ हुडको डैम परिसर में खेल, भोजन और आपसी एकजुटता का दिखा उत्साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित हुडको डैम परिसर में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा सपरिवार वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों, कमेटी मेंबर्स, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में डीएलसी अरविंद कुमार, अविनाश ठाकुर, यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आर.के. सिंह, टाटा मोटर्स के एचआर हेड प्रणव कुमार तथा ईआर हेड सौमिक रॉय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

वनभोज के दौरान मनोरंजन एवं आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बच्चों, महिलाओं और सदस्यों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने लजीज व्यंजनों का भी आनंद उठाया।

## एमजीएम थाना प्रभारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र के गोकुलनगर निवासी जीत महतो की पुलिस हिरासत में हुई मौत को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम के सिटी एसपी को ज्ञापन सौंपकर इस घटना को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की गयी। जेएलकेएम नेताओं ने कहा कि पुलिस हिरासत में किसी भी व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन के अधिकार का सीधा उल्लंघन है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि इस मामले में एमजीएम थाना प्रभारी सहित संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## डिमना की वादियों में पूर्वी जमशेदपुर के भाजपाइयों ने लिया वनभोज का आनंद

■ नववर्ष पर आयोजित वनभोज में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू सहित हजारों कार्यकर्ताओं की रही सहभागिता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





वनभोज के दौरान कार्यकर्ताओं संग क्रिकेट खेलते पूर्व सीएम रघुवर दास और वनभोज के दौरान कार्यकर्ताओं संग विधायक पूर्णिमा साहू।

**जमशेदपुर।** नववर्ष के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं का वार्षिक मिलन-समारोह सह वनभोज रविवार को डिमना की मनोरम वादियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करना तथा बूथ स्तर तक कार्यकताओं में ऊर्जा और आपसी संवाद को बढ़ाना रहा।

वनभोज के दौरान व्यवस्था एवं अनुशासन बनाये रखने के लिए पार्टी की ओर से पूर्व नियोजित पास व्यवस्था लागू की गयी थी। सातों मंडलों के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे, जहां भवन प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति के सदस्यों ने संगठित रूप से भागीदारी निभायी। करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं ने शुद्ध शाकाहारी एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और विधायक पूर्णिमा साहू सक्रिय रूप से मौजूद रहे और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम स्थल पर गीत-संगीत, मनोरंजन और खेल-कूद की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। रघुवर दास ने कार्यकताओं के साथ क्रिकेट, बैडमिंटन और पारंपरिक खेल लट्टू खेलकर सहभागिता निभाई, वहीं विधायक पूर्णिमा साहू भी संगीत की धुनों पर कार्यकर्ताओं के साथ थिरकती नजर आयीं।

## स्पीड न्यूज

### मनातू : थाना प्रभारी विक्की कुमार का गर्मजोशी से किया गया स्वागत



**मनातू (पलामू)।** दिन रविवार को मनातू थाना परिसर में नवपदस्थापित थाना प्रभारी विक्की कुमार से प्रखंड के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू मंडल अध्यक्ष अरविंद यादव, छोटू कुमार, अजय यादव सहित कई गणमान्य लोगो ने थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सुशासन की अपेक्षाएं व्यक्त कीं। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि वे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों के साथ निरंतर संवाद बनाये रखेंगे। पुलिस की यह पहल न केवल कानून व्यवस्था को सदृढ़ करेगी, बल्कि जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगी। लोगों ने नये थाना प्रभारी से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जतायी।

### कोमल ग्रुप के चेयरमैन ने बांटा कंबल



**मेदिनीनगर।** रविवार को कोमल ग्रुप के चेयरमैन सह व्यवसायी पंकज साव ने कंबल वितरण समारोह किया। मुख्य अतिथि बीडीओ राजीव कुमार, प्रखंड प्रमुख गीता मेहता, बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने भाग लिया। अतिथियों ने पड़वा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से 250 गरीब असहायों के बीच कंबल बांटा गया। बीडीओ ने कहा कि कोमल ग्रुप के चेयरमैन ने इस कड़ाके के ठंड में कंबल का वितरण कर सराहनीय कार्य किया है। श्री मेहता ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। मौके पर देवकुमार साव, कुलदीप गुप्ता, अंगद कुमार,अजय चौहान, सुमंत चौहान, यशवंत मिश्रा, निर्मल मिश्रा आदि मौजूद थे।

### रेहला में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला शहर में सुभाष कुमार के घर के बाहर खड़ी आपची (जेएच 03 एटी 5261) की चोरी बीती रात हो गयी। सुभाष ने बताया कि प्रतिदिन की तरह बाइक रात में घर के बाहर खड़ी थी। सुबह देखा तो बाइक गायब थी। सुभाष ने इस संबंध में रेहला थाना में आवेदन भी दिया है। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### विवाहिता राजस्थान से मिली, पिता को सुपुर्द

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के करिया निवासी फिरदोस अंसारी की पत्नी शगुफ्ता प्रवीण को मोहम्मदगंज पुलिस ने अजमेर राजस्थान से बरामद कर पिता को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने कहा कि शगुफ्ता के ससुराल पक्ष की ओर से घर से लापता का सनहा और विवाहिता के पिता अजीबुद्दीन अंसारी ने लड़की की हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। फोन लोकेशन के आधार पर अजमेर से बरामद हुई। शगुफ्ता को पिता अजीबुद्दीन को सुपुर्द कर दिया।

### नशा मुक्ति : डालसा की प्रभात फेरी आज

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश पर व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को नशा मुक्ति अभियान को लेकर प्रभात फेरी निकलेगी। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने दी। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रखा गया है। प्रभात फेरी सिविल कोर्ट से आरंभ होकर समाहरणालय होते हुए कचहरी चौक पहुंचेगी। जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, जिला प्रशासन के लोग एलएडीसीएस अधिवक्ता, कोर्ट कर्मी रहेंगे।

### सगुना मुखिया ने किया कंबल वितरण



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना मुखिया मंजु देवी ने सगुना पंचायत में जरुरतमंद लोगों के बीच 80 कंबल बांटा। मौके पर सुरेंद्र सिंह, पंसस मुस्तकीम अंसारी, पंचायत सचिव मोखतार अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे। मुखिया ने कहा कि पंचायत में जो भी असहाय, वृद्ध गरीब लोगों को कंबल मिलने से ठंड से राहत मिलेगा। कोई भी गरीब असहाय कंबल के बिना नहीं रहेंगे। ठंड बढ़ने से गरीबों को अधिक परेशानी हो रही है। लोगों को ठंड से रोजी रोटी पर भी असर है। मौके पर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि इस ठंड के मौसम में गरीबों की सेवा करना ही पुनीत कार्य है। इसमें सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे सभी असहाय गरीबों को इस ठंढ के मौसम में सहायता मिल सके। कंबल पाकर गरीब बुजुर्ग असहाय लोगों में काफी खुशी देखी गयी।

### सभी जरूरतमंदों को हर हाल में कंबल उपलब्ध करायेंगे: मुखिया रवीना बीबी



**पाटन पलामू।** सुंठा पंचायत के मुखिया रवीना बीबी ने करर खुर्द एवं करर कला गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। कंबल मिलने से गरीब असहाय लोगों में काफी खुशी देखी गयी। मौके पर मुखिया रवीना बीबी ने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी कंबल दिया गया है उसके अतिरिक्त और कम्बल निजी खर्च से खरीदकर लोगों के बीच वितरण किया जा रहा है। मौके पर इकवाल अंसारी, रुस्तम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मोहम्मदगंज के प्रभात बने वन मंत्रालय में प्रशाखा पदाधिकारी



**मोहम्मदगंज पलामू।** शहर के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता रामवतार राम के पुत्र प्रभात कुमार ने जेएससीसी की सीजीएल परीक्षा में सफल होकर झारखंड सरकार के वन मंत्रालय में प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर योगदान दिया है। प्रभात की सफलता पर परिजनों सहित मित्र और निकट संबंधियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। प्रभात अपनी प्रारंभिक शिक्षा इंटर स्तर तक सैनिक स्कूल तिलैया (झारखंड) से करने के बाद जेएनयू (दिल्ली) से स्नातक और स्नातकोत्तर की शिक्षा हासिल किया है।

# परशुराम सेना भार्गव ने किया मिलन समारोह सह वनभोज

■ श्री परशुराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की रूपरेखा तय

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** परशुराम सेना भार्गव ने मेदिनीनगर के रांची रोड स्थित रेड़मा में नव-निर्मित भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर में मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता सेना के अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने की। संचालन अभिषेक तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमले शुक्ला ने किया। मौके पर पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में सनातनी श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके पश्चात परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने संगठन की भूमिका, उद्देश्य एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण पर विस्तार से अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्री परशुराम न केवल शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे, बल्कि वे न्याय,धर्म और सामाजिक संतुलन के प्रतीक भी हैं। उनके आदर्श आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। मिलन समारोह के दौरान आगामी प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी और उसकी रूपरेखा तय की गयी। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि भगवान श्री परशुराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कई चरणों में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये जायेंगे। इसी क्रम में 15 जनवरी को नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। नगर भ्रमण के बाद हनुमंत पूजा होगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने बताया कि भगवान श्री परशुराम की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा 2 फरवरी को शुरू होगी। इसके कार्यक्रम प्रभारी दिलीप तिवारी 'मंटू' को बनाया गया। कलश यात्रा में पलामू प्रमंडल के प्रत्येक गांव से श्रद्धालु आयें इसके लिए लोगों को जिम्मेदारी दी गयी। बताया गया कि सभी गांवों के मंदिरों में कलश दे दिया जाये एवं वहां श्रद्धालुओं को लाने की भी व्यवस्था की जाये। यह संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान श्रीश्री जीयर स्वामी के सान्निध्य में होगा, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ेगी। इस दौरान मंदिर के विकास, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रमुख स्थल होगा। यहां समय-समय पर धार्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियां होंगी। आयोजन स्थल पर सामने पड़ने वाली जमीन के हाता को हटाकर मंदिर की शोभा को बढ़ाने के लिए जमीन के मूल रैयतों ने सहमति दी जिसके लिए सभी उपस्थित समाज के लोगों ने हार्दिक स्वागत किया। लोगों ने इसे सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला कार्यक्रम बताया। वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है, जो समाज को नैतिकता, अनुशासन और कर्तव्यबोध की सीख देता है। भगवान श्री परशुराम का जीवन त्याग, तपस्या और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके आदर्शों को अपनायें और समाज निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभायें। समिति ने अपील की है कि आगामी धार्मिक अनुष्ठानों में अधिक संख्या में लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। साथ ही नगर भ्रमण, हनुमंत पूजा और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गयी। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, रोटरी क्लब के चेयरमैन अनुग्रह नारायण शर्मा, रविंद्र तिवारी, झामुमो नेता सुनील तिवारी, बिनोद तिवारी गढ़वा, संरक्षक अजय तिवारी, रूद्र शुक्ला, मुखिया पप्पु दुबे, रोहित तिवारी, अंकित पांडेय, अमित तिवारी,विजय तिवारी, भाजपा नेता विनय चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, डीएन पांडेय, विवेकानंद त्रिपाठी, गुड्डू तिवारी, अजय तिवारी, ललन तिवारी ओमप्रकाश दुबे, बृजेश शुक्ला, अचीता दुबे, धीरज मिश्रा मौजूद थे।

## सात जनवरी को जिला मुख्यालय पर धरना देगी भाजपा

# निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की नियत खराबः भानु

■ पार्टी की बैठक में लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** बीजेपी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार बीसफुटा स्थित जिला कार्यालय में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। तय हुआ कि 7 जनवरी को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में जिला परिषद कार्यालय के सामने मैदान में एकदिवसीय धरना दिया जाएगा और उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार मे नगर निगम चुनाव कराने की मंशा साफ नहीं है सिर्फ लटकाने का प्रयास किया जाता रहा है। उच्च न्यायालय के दबाव में अब जाकर नगर निगम चुनाव की कुछ सुगबुहाट देखने को मिल रही है। भाजपा का मानना है कि 2018 की तरह दलीय आधार पर इवीएम से जल्द चुनाव कराया जाये। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव जान-बूझकर लगातार देरी कर रही है जिससे जनहित एवं विकास कार्य ठप हो रहा है। श्री शाही ने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर राज्य सरकार की नियत साफ नहीं है। आरक्षण रोस्टर, ट्रिपल टेस्ट, वैलेट पेपर, दलगत चुनाव नहीं कराने जैसे तरह-तरह के बहाने ढूंढती रहती है। बैठक में विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, वरिष्ठ नेता रामधनी यादव, नरेंद्र पांडेय, दुर्गा जौहरी, अजय तिवारी व अन्य नेताओं ने भी अपने विचार एवं सुझाव व्यक्त किये। संचालन ज्योति पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय ठाकुर ने किया।

# महिलाओं के संगठन बनने से मजबूती मिलेगी: अरुणा शंकर

■ कसौधन परिवार का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** नगर निगम के चैनपुर अंचल कार्यालय के सामने राधे कृष्णा मैरेज लान में कश्यप परिवार का पारिवारिक वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष दिलीप कश्यप ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम महापौर अरुणा शंकर व नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में परिवार के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब गायन, नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि इस संगठन में महिलाओं को न छोड़ें। महिलाओं का भी संगठन गठित हो। इससे संगठनात्मक दृष्टि कोण से मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रथम महापौर व पूर्व उपाध्यक्ष ने कश्यप परिवार को नव वर्ष की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस अवसर पर अनिल कश्यप, रुपेश कश्यप, प्रिंस कश्यप, शंभू कश्यप, श्याम, उदय, पवन सहित कश्यप परिवार के सभी महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

## हार के डर से निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं कराना चाहती सरकार : डॉ मेहता

■ होटल रूद्र में नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

■ निकाय चुनाव को जान बूझकर लटका रही राज्य सरकारः मनोज सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के होटल रूद्र में भाजपा की आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें प्रभारी के रूप में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह एवं पांकी विधायक शशिभूषण मेहता उपस्थित रहे। साथ ही पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रभारी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को राज्य सरकार जान-बूझकर लटका कर रख रहा है। जिससे राज्य में विकास कार्य रूक गया है। निकायों में जनप्रतिनिधि नहीं होने से अफसरशाही हावी है। चुनाव दलीय आधार पर और ईवीएम से कराया जाना चाहिए। पांकी विधायक ने कहा कि राज्य सरकार अपनी हार के डर से निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं कराना चाहती। इसी के विरोध में भाजपा धरना-प्रदर्शन करेगी। सड़क से लेकर सदन और जरूरत पड़ी तो अदालतों तक जायेगी।

## ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से भी जुड़ने की जरूरत है : डॉ ईश्वर सागर

■ बिश्रामपुर नप के वार्ड 10 में खुला चूड़ा मिल, लोग खुश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के वार्ड 10 मधुरीडीह - तेनवाही तीन मुहान चौक के पास रविवार को चूड़ा, राइस व आटा चक्की मिल का शुभारंभ हुआ। मिल का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा व गोपाल राम ने फीता काट कर किया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे कस्बे में अत्याधुनिक तकनीक से लैस चूड़ा मिल खुलना नप के विकास का प्रतीक है। वैसे भी ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार से भी जुड़कर बेरोजगारी दूर करने की जरूरत है। मौके पर चूड़ा मिल के संचालक इंद्रजीत पासवान, बबन राम, शिववंश मिश्रा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, अजय कुमार रवि, रजनीश कुमार, रामप्रवेश मेहता, धीरन तिवारी, संतोष राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### पांकी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया सम्मान समारोह



**पांकी पलामू।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने ओलंपियाड में उत्तीर्ण प्रतिभागियों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेत्री डॉ. लवली गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कृत किया व उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखी। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि सम्मान समारोह बच्चों में आगे बढ़ने का जुनून बढ़ाता है। साथ ही अन्य बच्चे भी इससे प्रेरित होकर बेहतर करने के लिए परिश्रम करते हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के प्रति प्रोत्साहित करती है। उन्होंने प्रतिभावान बच्चों को बधाई दी।

### असहाय और जरूरतमंदों को मिला कंबल



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के किशुनडीह टोला में शनिवार को असहाय और वृद्ध को कंबल प्रदान किया गया। वार्ड सदस्य नंदकिशोर मेहता ने प्रखंड से प्राप्त कुल 9 कंबल जरूरतमंदों को दिया। इससे असहाय लोगों को ठंड में सुकून मिली है।

### बीडीओ ने किया वीरा स्मार्ट लाइब्रेरी का उद्घाटन



**मोहम्मदगंज।** बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार एवं थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने भजनियां में ईश वीरा स्मार्ट लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संचालिका विभा कुमारी के इस प्रयास को सराहनीय और अनुकरणीय कदम बताते हुए शुभकामना दी। मौके पर मुख्य वक्ता गोकुल गुप्ता, कामता प्रसाद और राम सुंदर मेहता ने भी विचार व्यक्त किये। लाइब्रेरी संचालिका विभा कुमारी शिवनारायण मेहता पैक्स अध्यक्ष के बड़े बेटे रामप्रवेश मेहता की बड़ी बेटी है।

### दिशा की सदस्य चुने जाने पर संध्या हुई सम्मानित



**पांडू पलामू।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संध्या सिंह को राज्य स्तरीय दिशा समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में चुने जाने पर ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास डाला खुर्द जाकर फूल माला व अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। बताया जाता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय दिशा समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में संध्या सिंह सहित छह लोगों के चुना गया है।

## डालटनगंज को हराकर छतरपुर ने जीता बद्री कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट

■ खेल से समाज में बढ़ती है भाईचारा : मनोज सिंह

■ खेल के प्रति युवाओं का लगाव सराहनीय : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** रविवार को हिसरा बरवाडीह मैदान में स्व बद्री नारायण सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया। फाइनल मुकाबला विजय तारा टीम छतरपुर एवं इवन इलेवन टीम डालटनगंज के बीच हुआ। रोमांचक व संघर्षपूर्ण मुकाबले में छतरपुर विजय तारा टीम ने इवन इलेवन टीम डालटनगंज को हराकर क्रिकेट टूर्नामेंट पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कार दिया। कहा कि खेल से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ती है। पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने कहा कि इस तरह का खेल ग्रामीण क्षेत्र में होना खुशी कि बात है।

### 20 से होगा सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट

**मोहम्मदगंज।** सिचाई विभाग मनोरंजन केंद्र के मैदान में इस वर्ष भी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 20 जनवरी से किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए कुमार ने कहा कि टूर्नामेंट में कुल 8 टीम भाग लेंगी जो निःशुल्क है। सभी मैच फीफा के नियमानुसार खेलाया जायेगा।

### उपमुखिया लक्ष्मण की पत्नी का निधन, शोक

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ीवीर पंचायत के उप मुखिया चोटहांसा गांव निवासी लक्ष्मण चौधरी की पत्नी माया देवी का निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनो से बीमार चल रही थी। शनिवार की शाम अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार को तहले नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## चतरा सांसद ने सोहड़ी विद्यालय में उपलब्ध कराया बेंच डेस्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पीएम श्री स्तरोन्नत +2 उवि सोहड़ी खास के 200 बच्चों को बैठने के लिए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने बेंच डेस्क की व्यवस्था करवायी है जिससे शिक्षकों, विद्यार्थियों व ग्रामीणों में खुशी की लहर है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद से प्राचार्य भरदुल सिंह ने विद्यार्थियों की परेशानी बतायी थी, जिसे सांसद ने व्यवस्था की गई। मालूम हो कि विद्यालय की स्थापना 1940 में हुई थी। वर्तमान में यह विद्यालय सतबरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आता है मगर नीलांबर पितांबरपुर, पांकी, तथा लातेहार जिला के मनिका प्रखंड के बरवैया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है जिसके कारण इन चारों प्रखंड क्षेत्र के करीब 1000 से भी अधिक विद्यार्थी पढ़ने आते हैं।

# गरीब और असहायों को चिह्नित कर किया जा रहा कंबल वितरणः बीडीओ

■ पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में किया गया कंबल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जरूरतमंदों के बीच राहत का कंबल बांटते बीडीओ, मुखिया व अन्य।

**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित कुमार झा ने पाटन प्रखंड अंतर्गत महुलिया, कसवाखांड, पंचायत के अति सुदूरवर्ती गांव होमिया, करमाही एवं चुराईहर में आदिम जनजाति बुजुर्ग के बीच 100 से अधिक लोगों के बीच कंबल बांटा गया।

मौके पर जिला परिषद सदस्य नंद यादव, मुखिया हरेंद्र सिंह, बीपीओ स्वीटी सिन्हा, रोहित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा कि अति सुदूरवर्ती गांव में आदिम जनजाति बुजुर्ग महिला के बीच कंबल दिया जा रहा है। इस कड़कड़ाती ठंड में असहाय लोगों को चिह्नित कर कंबल दिया जा रहा है। खासकर जंगली गांव जहां आदिम जनजाति के लोग रहते हैं वे ठंड में गर्म कपड़े नहीं खरीद पाते हैं वैसे लोगों को कंबल दिया जायेगा। वहीं हर पंचायत में असहाय लोगों को कम्बल दिया जा रहा है जिससे कोई भी व्यक्ति ठंड की चपेट में नहीं आये।

बीडीओ ने कहा कि सभी लोगों का कर्तव्य है कि गरीबों का सहायता करें। आगे आकर साथ दें जिससे योग्य व्यक्ति को कम्बल का लाभ मिल सके। इस ठंड में गरीब बुजुर्ग असहाय लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन सभी को राहत पहुंचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस कार्य में सरकार के द्वारा सभी असहाय लोगों को कंबल उपलब्ध करायी जा रही है।

# सावित्री बाई फुले ने अशिक्षा और भेदभाव की बेड़ियों को तोड़ा है : अजय सिंह चेरो

■ पाल पंचायत संघ कौड़िया ने मनायी सावित्रीबाई फुले की जयंती, पहुंचे आसपा नेता अजय सिंह चेरो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जयंती के मौके पर उपस्थित अतिथि व अन्य लोग।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कौड़िया स्थित पावस शिक्षण केंद्र शिक्षा संस्थान में पाल पंचायत संघ कौड़िया के तत्वावधान में शिक्षा की देवी एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। मुख्य अतिथि मुखिया कुमारी अंजना सिंह चेरो तथा विशिष्ट अतिथि आजाद समाज पार्टी (आसपा) के पूर्व विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन कौड़िया निवासी रविंद्र पाल एवं शंकर पाल ने किया।

आसपा नेता अजय सिंह चेरो ने माता सावित्रीबाई फुले जी के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 18वीं शताब्दी में जब महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था, तब माता सावित्रीबाई फुले, राष्ट्रपिता ज्योतिराव फुले और फातिमा शेख ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष कर वर्ष 1848 ई. में महिलाओं के लिए भारत का पहला विद्यालय स्थापित किया। उन्होंने सभी जाति-धर्म की महिलाओं को शिक्षा से जोड़कर उनके पैरों में बंधी अशिक्षा की बेड़ियों को तोड़ा। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच अजय सिंह चेरो ने पुस्तिका एवं कलम दिया, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में नागमणि रजक, त्रिपुरारी सिंह चेरो, जिलाध्यक्ष चंदू राम, अनुराग भारती, सुहैल अंसारी, यशवंत पासवान, राहुल कुमार रवि, सूरज कुमार, मंतोष कुमार सहित जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, पाल समाज के सदस्य, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित शामिल थे। कार्यक्रम का समापन माता सावित्रीबाई फुले जी के विचारों को आत्मसात करने और समाज में शिक्षा के प्रसार का संकल्प लेकर किया गया।

स्पीड न्यूज

### पिता की पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण

**कांडी।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र स्थित बत्तो खुर्द निवासी व्यवसाई विश्वनाथ शाह ने अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर 50 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। यह पुनीत कार्य हर साल उनके बड़े भाई, सेवानिवृत शिक्षक गुरुचरण साह द्वारा किया जाता था, लेकिन इस बार स्वास्थ्य कारणों से वे गांव नहीं आ सके। ऐसे में विश्वनाथ शाह ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए गरीबों की मदद की। विश्वनाथ शाह ने कहा कि उनके बड़े भाई गुरुचरण साह हर साल इस कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन करते थे और उनका यह नेक कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुनीत कार्य तब तक चलता रहेगा जब तक वे और उनका परिवार सक्षम हैं। इस अवसर पर बुजुर्गों को चुड़ा-गुड़ भी वितरित किया गया, ताकि उनका सम्मान और आशीर्वाद प्राप्त हो सके। मौके पर दिलेश्वर साह, दिलीप सिंह, ऋषि चन्दन गुप्ता, नंदू साह आदि लोग उपस्थित थे।

### फुले जयंती पर समाज को जागरूक करने का संकल्प

**हैदरनगर (पलामू)।** राजद पार्टी की ओर से राजद प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि शमीम खां ने कार्यकताओं के साथ अपने आवास पर शिक्षा के जनक व प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की जयंती बड़े धूमधाम तथा उत्साह के साथ मनायी गयी। इस मौके पर शमीम खां ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने समाज के वंचित दलित पीड़ित और शोषित वर्गो के अधिकारों के लिए दृढ़ता से संघर्ष किया। साथ ही स्त्री शिक्षा और महिला अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए उनका काफी योगदान रहा है। उनकी पार्टी उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम महिला को शिक्षा के प्रति जागरूक करने में उनकी पार्टी खरा उतरने का काम करेगी। मौके पर राजद अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद खान, लल्लू सिंह, सुदर्शन राम, रामचंद्र यादव तथा शिव प्रशाद राम सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### पंसस ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**पाटन पलामू।** पालहे कला पंचायत समिति सदस्य अर्चना देवी ने पंचायत में गरीब बुजुर्ग असहाय लोगों के बीच 100 कम्बल का वितरण किया। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि एवं पालहे कला पैक्स अध्यक्ष गौतम सिंह, पुर्व उप मुखिया अशोक सिंह, अनिल साव, झरी बैठा, मनोज रजक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कंबल वितरण के दौरान पंचायत समिति सदस्य अर्चना देवी ने कहा कि गरीब असहाय लोगों के बीच कम्बल दिया जा रहा है जिससे इस कड़कड़ाती ठंड में लोगों को राहत मिले। अर्चना देवी ने कहा कि जो भी गरीब बुजुर्ग असहाय लोग हैं उन सभी को राहत पहुंचाना ही मेरा मकसद है। इसके लिए हर गांव मुहल्ला में जाकर कम्बल दिया जा रहा है। कहा कि ठंड में गरीबों को कंबल प्रदान करना पुनित कार्य है। इस वर्ष काफी ठंढ़ का असर देखा जा रहा है। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि एवं पैक्स अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा कि गरीबों कि सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है । बहुत ऐसे ग्रामीण इलाकों में लोग हैं जो अत्यंत गरीब है वे इस ठंड में बेहाल हैं। उन सभी को कम्बल दिया जा रहा है ताकि वे ठंड से अपना बचाव कर सकें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सभी लोगों को आगे आने की जरुरत है।

### मासूम के रंगकर्मियों का किया गया सम्मान

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर छह पुरस्कार जीतने के लिए पलामू यूथ फाउंडेशन के द्वारा शनिवार की रात रंगकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष पंडित प्रदीप नारायण ने की। उन्होंने कहा कि पलामू में कला संस्कृति के क्षेत्र में मासूम आर्ट ग्रुप हमेशा शानदार प्रदर्शन करती रही है। हाल ही में बिहार के डालमिया नगर में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में छह पुरस्कार जीता गया है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर पलामू का मान बढ़ा है।

# हाथियों के हमले से घर तबाह, ग्रामीणों में डर का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता


हाथियों की तबाही से प्रभावित लाभुक जानकारी देते हुए।

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के कनहर तटीय इलाके में स्थित बालचौरा गांव में एक बार फिर जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शनिवार की मध्य रात्रि जंगली हाथियों के एक बड़े झुंड ने गांव के निवासी नारायण सिंह के घर पर हमला कर दिया।

नारायण सिंह जो अपने परिवार का भरण-पोषण होटल चलाकर करते थे, उस रात को शायद कभी नहीं भूल पाएंगे। हाथियों ने उनका खपरैल मकान पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया, जिससे न केवल घर की संरचना बल्कि घर में रखी खाद्य सामग्री भी बुरी तरह नष्ट हो गई। घटना के समय नारायण सिंह के परिवार के लोग घर में सो रहे थे। अचानक हुए इस हमले से पूरा परिवार घबराकर घर से बाहर निकल आया। इस बीच हाथियों ने घर के अंदर घुसकर मचायी तबाही, लेकिन शुक्र है कि घर के मालिक की पत्नी बाल-बाल बची।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल था। ग्रामीणों ने शोर मचाया और किसी तरह हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सौभाग्य से इस हमले में कोई गंभीर जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन घर का बड़ा हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वनपाल प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि विभाग ने घटना स्थल का मुआयना किया है। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग प्रभावित परिवार को नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान करेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से रात के समय सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में हाथियों के नजदीक जाने का प्रयास न करें। ग्रामीणों का कहना है कि कनहर तटीय क्षेत्र में पिछले कुछ समय से हाथियों की आवाजाही बढ़ रही है, जिससे आए दिन ऐसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उतरी वन प्रमंडल के पदाधिकारी अंशुमान राजहंस ने बताया कि उनके क्षेत्र में हाथियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्हें हाल ही में हाथियों द्वारा फसलों और घरों को नुकसान पहुंचाने की जानकारी मिली है। अंशुमान ने कहा कि वन विभाग प्रभावित परिवारों को मुआवजा देगा और यदि आवश्यकता पड़ी, तो बाहर से हाथी भगाने वाली विशेष टीम को बुलाकर हाथियों को जंगलों की ओर खदेड़ा जायेगा।

## महुआ शराब निर्माण के खिलाफ एसडीएम की सघन छापामारी



गढ़वा। रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मेराल प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में अवैध महुआ शराब निर्माण की मिल रही शिकायतों के आधार पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान लातदाग गांव में चूड़ामणि पहाड़ के पास अवैध शराब निर्माण का एक अड्डा पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए, जिन्हें तत्काल नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, 14 ड्रमों में संग्रहित लगभग 25 क्विंटल महुआ जावा (अर्ध-प्रसंस्कृत शराब) को मौके पर ही बहाकर विनष्ट कर दिया गया। ये ड्रम पांच अलग-अलग स्थानों पर छुपाकर रखे गए थे, जिनमें से चार ड्रम जमीन में गाड़कर छुपाए गए थे। एसडीएम के निर्देश पर इन ड्रमों को सुरक्षा कर्मियों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। यह स्पष्ट हुआ कि अवैध शराब निर्माण एक सुनियोजित तरीके से चल रहा था और जैसे ही छापेमारी की सूचना अवैध कारोबारियों तक पहुंची, वे मौके से फरार हो गये। मिली जानकारी और पूछताछ के आधार पर तीन व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही एसडीएम संजय कुमार ने संबंधित उत्पाद और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सतत निगरानी रखी जाए। एसडीएम ने कहा कि अवैध शराब निर्माण न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि यह समाज और ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे अवैध कार्यों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार और सख्ती से जारी रहेगी। मौके पर रविंद्र पासवान, कंचन प्रसाद, अनिल कुमार, रमेश प्रसाद और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हत्या की गुत्थी सुलझी, पुलिस ने 12 घंटे में 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**भवनाथपुर।** केतार मुख्य पथ स्थित आसना बांध यात्री शेड में शुक्रवार की रात को एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या के मामले को भवनाथपुर थाना पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में प्रयुक्त दो देसी कट्टे भी बरामद किए हैं। यह उपलब्धि थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान पांडु थाना क्षेत्र के मुरमाकला गांव निवासी 43 वर्षीय रूखी रजवार के रूप में की गई है। हत्या के आरोप में गिरफ्तार होने वाले मुख्य आरोपी सीता रजवार (ग्राम सेमरी टोला परती मांझी, थाना उंटारी रोड) और उसके ममेरा साला मनोज रजवार (ग्राम बेंदुआ, थाना उंटारी रोड) के अलावा सिंघीताली गांव की मनमती कुंवर (जो झाड़-फूंक करती हैं) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार हत्या का मुख्य कारण अंधविश्वास था। आरोपी सीता रजवार की बेटी की मौत लगभग एक वर्ष पहले हुई थी, जिसके बाद सीता ने सिंघीताली गांव की झाड़-फूंक करने वाली मनमती कुंवर से संपर्क किया। मनमती ने सीता को बताया कि उसकी बेटी की मौत एक ओझा-गुणी के कारण हुई है, जो उसके घर के पास रहता था। इस अंधविश्वास ने सीता को इतना प्रभावित किया कि उसने रूखी रजवार की हत्या की योजना बनाई। सीता रजवार जो पूर्व में नक्सली रह चुका था ने अपनी योजना के तहत अपने ममेरा साले मनोज रजवार के साथ मिलकर रूखी रजवार को झाड़-फूंक कराने के बहाने घर से बाहर निकाला। वे कांडी बाजार से शराब खरीदने के बाद शाम करीब सात बजे आसना बांध यात्री शेड पहुंचे। वहां शराब पीने के बाद रात करीब नौ बजे शराब के नशे में सीता ने अपने देसी कट्टे से रूखी रजवार की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद सीता और मनोज अपने घर लौट गए और रूखी की लाश वहीं छोड़ दी। घटना के तुरंत बाद भवनाथपुर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की और रविवार को तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस घटना से पहले भी भवनाथपुर थाना पुलिस ने केतार भगवान घाटी में हुई लूटपाट की घटना का सफलतापूर्वक उद्भेदन कर आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया था।

एक नजर में

### पीएलवी करायेगा दिव्यांग का इलाज, दिलायेगा पेंशन



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों के बीच संपर्क कर सौहार्द स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांगों के मुद्दे पर काम करते हुए ग्रामीण अंजलि पन्ना के मामले में मदद की है। अंजलि पन्ना जो ग्राम बड़वाहा टोला, विश्रामपुर की निवासी हैं 21 वर्ष की उम्र में एक पेड़ से गिरकर दिव्यांग हो गई थीं। इस घटना के बाद उनका इलाज रांची में चल रहा है। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने अंजलि के परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जानकारी प्राप्त की और उनकी मदद के लिए आवश्यक कदम उठाए। अंजलि ने दिव्यांग पेंशन के लिए कई बार प्रयास किया था, लेकिन अब पीएलवी ने दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन फॉर्म भरकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। इसके साथ ही उन्होंने गढ़वा के सिविल सर्जन से परामर्श लेने की योजना बनाई है, ताकि अंजलि का इलाज और बेहतर तरीके से किया जा सके। विश्रामपुर पंचायत की मुखिया जीना देवी और पंचायत सचिव सुष्मिता चौबे ने भी इस प्रयास में सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यों को सर्वप्रथम सत्यापित किया जाता है ताकि संबंधित व्यक्ति को सभी जरूरी लाभ जल्दी मिल सकें। सुनिश्चित किया कि दिव्यांग अंजलि को पेंशन और ट्राई साइकल की उपलब्धता जल्द से जल्द सुनिश्चित की जायेगी। अंजलि पन्ना के परिवार के सदस्य लेमन पन्ना ने बताया कि अंजलि के इलाज में अब तक घर का सारा पैसा खर्च हो चुका है, लेकिन फिर भी कोई ठोस सुधार नहीं हो पाया है। इस स्थिति में पंचायत और पीएलवी के प्रयासों से अंजलि को जरूरी मदद मिल सकी है, जिससे उनके इलाज में कुछ राहत मिल सकती है।

### हरिहरगंज में उन्नति मार्बल एंड टाईल्स का उद्घाटन



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज के बेलौदर मेन रोड़ स्थित उन्नति मार्बल एंड टाईल्स का शुभारंभ रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन प्रोपराइटर के पिता विजय प्रसाद व माता कुसुम देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रोपराइटर दौलत सोनी तथा दीपक सोनी,अमीत सोनी,आकाश सोनी ने बताया कि उन्नति मार्बल एण्ड टाईल्स में विभिन्न उन्नत कंपनियों के टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट तथा इंटिरियर साज सज्जा उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की सुविधा व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। ग्राहकों की संतुष्टि ही प्रथम उद्देश्य है। मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सांस्कृति कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। मौके पर विजय प्रसाद सोनी, दौलत सोनी, अमित सोनी, दीपक सोनी, आकाश सोनी, सेल्स मैनेजर संजय कुमार, समाजसेवी राजीव रंजन, सोनू जायसवाल, गंगा जायसवाल, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महादेव यादव, कमलेश यादव, अमित सोनी, अमित सिंह, बबलू कुमार सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, रामउदगार सिंह, शिक्षक अजय कुमार, रितेश कुमार, कुंदन यादव, विनोद सिंह, महेंद्र सिंह, ललन गुप्ता, भोला पासवान, विमलेश यादव, दिनेश स्वर्णकार, शंभू यादव आदि उपस्थित थे।

## 64 प्रशिक्षु अधिकारियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** एसआईएस लिमिटेड, बेलचंपा में आयोजित दीक्षांत समारोह में 64 प्रशिक्षु अधिकारियों को सम्मानित किया गया। ये अधिकारी कठिन चयन प्रक्रिया और 90 दिनों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक प्रशिक्षण के बाद अब देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे। समारोह में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य परिचालन अधिकारी नारायण लेंका, वरीय अध्यक्ष आरपी सिंह, अध्यक्ष हिरण्य मोहंती, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश गुप्ता और उपाध्यक्ष अमिया शंकर ने शहीद स्थल पर जाकर शहीदों को पत्र चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और शानदार परेड करते हुए अतिथियों को सलामी दी। परेड के बाद सभी प्रशिक्षुओं को कंपनी के उच्च अधिकारियों ने रैंक पहनाकर सम्मानित किया।

## रमना में मकर संक्रांति मेला की तैयारियां शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्र के बारे में जानकारी देते अतिथि व अन्य।

**रमना।** प्रखंड के चंद राज पहाड़ी पर प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले मकर संक्रांति मेला के सफल आयोजन को लेकर रमना और सिलीदाग पंचायत के ग्रामीणों की संयुक्त बैठक श्री सीताराम मानस मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मेला आयोजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मेला आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मंतोष चंद्रवंशी को मेला आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ ही प्रभात कुमार को सचिव, धनंजय प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष, गोपाल प्रसाद को उप सचिव, मंतोष पासवान को मीडिया प्रभारी और दिनेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने पिछले वर्ष आयोजित मेला का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। इसके बाद मेला के प्रचार-प्रसार को तेज करने, सहयोग राशि संग्रह करने और मेला के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के विषय पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मेला के आयोजन से पहले पहाड़ी पर स्थित बाबा चांद राज मंदिर, संतोषी माता मंदिर और शिवालय की मरम्मत तथा साफ-सफाई करायी जायेगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम के दौरान संकल्प लेते लोग।

**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर बाईपास स्थित अमित शुक्ला के आवास पर पर्यावरण परिवार की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सदस्यों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम और समाज को इसके प्रति जागरूक करने के लिए साझा प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में पर्यावरण परिवार ने अपने नियमित कार्यों के साथ-साथ इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया। सभी सदस्यों ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान पर विचार व्यक्त किए और इस वर्ष गढ़वा शहर में इसे रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा। देवराज उपाध्याय ने सुझाव दिया कि विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चर्चा की जाए, ताकि समाज में जागरूकता फैलाई जा सके। शुभम तिवारी ने इस कार्य की सफलता के लिए एक गांव को गोद लेने का सुझाव दिया, जहां प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के लिए विशेष रूप से अभियान चलाया जाए। इसके अलावा पर्यावरण परिवार के अन्य सदस्य अलख द्विवेदी, श्रीरामधर दुबे, आनंद पांडेय, पंकज तिवारी, नवीन कुमार शुक्ला, अनंत दुबे ने इस मुद्दे पर अपने विचार रखे और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को घटाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## चंद्रयान फुटबॉल कमेटी सीजन-2 टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** रविवार को कांडी स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर चंद्रयान फुटबॉल कमेटी सीजन-2 टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय युवा समाजसेवी और विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी विकास दुबे ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच पीपर खाड़ और घाटहुआकला की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने खेल भावना का परिचय देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबले के बाद, फाइनल मैच भी संपन्न हुआ। फाइनल में घाटहुआकला की टीम ने पीपर खाड़ को 2-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के महर्षि कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया।

### तीन दिन से लापता बच्चा का कुएं से मिला शव



**पंडवा पलामू।** पड़वा के प्रमोद मेहता के तीन दिन से लापता पुत्र का शव उसके घर के पीछे स्थित एक पुराना कुआं से बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार दो वर्षीय अंकुश एक जनवरी के लगभग सुबह दस से लापता था। प्रमोद ने पड़वा थाना में पुत्र के लापता होने की लिखित जानकारी दी थी। पुलिस व परिजनों ने काफी खोजबीन की थी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। पड़वा पुलिस ने खोजी कुता का भी सहारा लिया लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया था। रविवार की सुबह प्रमोद के घर आयी एक महिला रिश्तेदार जब घर के पीछे दातुन तोड़ने गयी। कुंआ के बाहर झाड़ी में दातुन तोड़ने के दौरान वह कुंआ में झांकी तो शव होने का संदेह हुआ। शोर मचाया, तो परिवार के सदस्य तैरता शव देखे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पड़वा थाना के अवर निरीक्षक चिंटु कुमार घटनास्थल पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकाल पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अंकुश के परिजनों का आरोप है कि किसी ने हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए शव कुएं में डाला।

# ज्ञान भारती बेलचंपा, आरके पब्लिक, बीएनटी संत मैरी की शानदार जीत, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश


खबर मन्त्र संवाददाता


पुरस्कार देते अतिथि।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान मे आयोजित 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में रविवार को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में ज्ञान भारती बेलचंपा, आरके पब्लिक स्कूल और बीएनटी संत मैरी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। पहला मैच ज्ञान भारती बेलचंपा और डीएवी मॉडल स्कूल के बीच हुआ। ज्ञान भारती बेलचंपा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरुषि (25 रन) और अतिका (44 रन) की बेहतरीन पारियों की मदद से 107 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में डीएवी मॉडल स्कूल की टीम 55 रन ही बना पाई और इस तरह ज्ञान भारती बेलचंपा ने 55 रन से मैच जीत लिया। ज्ञान भारती की अतिका ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी लिए, जो उनकी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर केवल 34 रन बनाये। आरके पब्लिक स्कूल की साक्षी ने दो विकेट लेकर विरोधी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने का मौका नहीं दिया। फिर आरके पब्लिक स्कूल की टीम साक्षी के 19 रन की मदद से बिना विकेट खोए आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया और दस विकेट से जीत दर्ज की।

### निकाय चुनाव : सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी भाजपा



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना के समीप स्थित आर बी पैलेस होटल में रविवार को भाजपा प्रखंड इकाई की बैठक हुई। जिसमें राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव टालने के प्रयास के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि राज्य में पंचायत चुनाव से लेकर नगर निकाय चुनाव तक भाजपा की सरकार ने ही कराई है। जबकि 6 वर्षों से चल रही निकम्मी सरकार निकाय चुनाव को टालने का भरसक प्रयास कर रही है। इसके खिलाफ 7 जनवरी को भाजपा जोरदार आंदोलन करेगी। विशिष्ट अतिथि पांकी विधायक शशी भूषण मेहता तथा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता ठान ले तो नगर निकाय के सभी पदों पर भाजपा काबिज होगी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने किया। मौके पर रामप्यारे विश्वकर्मा, सत्येंद्र पासवान, अरुण मिश्रा, सतेंद्र मेहता, गणेश शौंडिक, राजीव रंजन, रूबी सिंह भी थे।

# इतिहास खुद को दोहराता है

दुनिया के राजनीतिक इतिहास में कई घटनाएं ऐसी होती हैं, जो समय बीतने के बाद भी खुद को दोहराती नजर आती हैं। कुछ ऐसा ही उदाहरण हाल के फिर देखने को मिला है, जब अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया है। यानी इतिहास खुद को दोहराता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को जिस तरह से अमेरिका की ट्रंप सरकार ने सत्ता से बेदखल कर उन्हें गिरफ्तार किया है, उसने तकरीबन 36 साल पहले की यादें ताजा कर दीं। तब अमेरिका की बुश (सीनियर) सरकार ने पहले पनामा के शासक नोरीएगा को पकड़ा और फिर उनपर उन्हीं आरोपों में मुकदमा चलाया गया, जिनमें मादुरो को आरोपी बनाया गया है। वेनेजुएला की घटना ने पनामा ऑपरेशन की याद दिला दी है। पनामा ऑपरेशन के बाद इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी पकड़ कर फांसी पर लटका दिया गया था। वेनेजुएला की तरह ही करीब 36 साल पहले अमेरिका ने पनामा के तानाशाह मैनुएल नोरीएगा को पकड़ने के लिए देश पर हमला किया था। उसी तरह अब 3 जनवरी को कहा कि अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया। अमेरिका लंबे समय से मादुरो पर ड्रग तस्करी और आतंकवादी गिरोहों से संबंध रखने का आरोप लगाता रहा है। वर्ष 2020 में अमेरिकी अदालत में मादुरो पर भ्रष्टाचार, ड्रग तस्करी और अन्य गंभीर आरोपों में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। अमेरिका ने उनकी गिरफ्तारी या सजा से जुड़ी जानकारी देने पर 5 करोड़ डॉलर के इनाम की घोषणा की थी। सवाल उठता है कि अब निकोलस मादुरो का भविष्य क्या है। कहीं पनामा के शासक नोरीएगा और ईराक के सद्दाम हुसैन की तरह उनका ही हाल न हो। दोनों को अमेरिका सरकार की और से सजा ए मौत दी गयी थी।

## राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

धनु : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा किसका दायित्व है?



**बांग्लादेश** में अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध हो रही हिंसा अब किसी छिटपुट घटना या आकस्मिक उन्माद का विषय नहीं रह गई है। यह बार-बार दोहराया जाने वाला, स्पष्ट पैटर्न वाला और भय पैदा करने वाला यथार्थ है, जिसे आज वही लोग नकार सकते हैं जो या तो जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं या फिर वैचारिक कारणों से सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। हाल के दिनों में राजबाड़ी जिले में 29 वर्षीय हिंदू युवक अमृत मंडल उर्फ सम्राट की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या और उससे पहले दीपू चंद्र दास की हत्या कर उसके शव को पेड़ पर लटका कर जलाने की घटना साफ तौर पर साबित करती है कि बांग्लादेश में हिंदू होना कभी भी जानलेवा हो सकता है।

ऐसे समय में, जब संवेदनशीलता, नैतिक स्पष्टता और पीड़ितों के साथ खड़े होने की आवश्यकता है, भारत में ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी का घोर निराशाजनक बयान सामने आया है। उनका यह कहना कि ह्लबांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या को नरसंहार नहीं कहा जाना चाहिएह्व और यह कि ह्लकोई अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैह्व, वास्?तव में नैतिक पतन, बौद्धिक बेईमानी और मानवीय संवेदना के अभाव का खुला प्रदर्शन है।

रशीदी का यह तर्क कि बांग्लादेश में हिंसा हिंदुओं के खिलाफ नहीं हो रही है, सरकार और प्रशासन के खिलाफ लोगों के गुस्से का नतीजा है, तथ्यों के साथ क्रूर मजाक भी कहा जा सकता है। यदि यह गुस्सा वास्तव में सत्ता या प्रशासन के विरुद्ध है तब फिर उसका शिकार हिंदू युवक-युवतियां एवं उनके परिवार ही क्यों बनाए जा रहे हैं? क?यों मंदिर तोड़े जा रहे हैं, मूर्तियां खंडित करने का क?या औचित?य है? हिंदू बस्तियां ही क्यों जलाई जातीं और हिंदू परिवार ही क्यों पलायन को मजबूर होते दिख रहे हैं? कहना होगा कि यह कोई संयोग नहीं है, यथार्थ में एक स्थापित और पहचाना जा सकने वाला पैटर्न है, जिसे नकारना या छिपाना सच्चाई से भागने जैसा है।

रशीदी की बयानबाजी का सबसे घिनौना पहलू यह है कि वे हिंसा को ह्लधार्मिक दृष्टि से जोड़नेह्व को गलत बताते हैं, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि पीड़ितों की पहचान बार-बार उनकी धार्मिक पहचान (मजहब) से तय होती है। जब हर बड़ी हिंसक घटना में पीड़ित एक ही समुदाय से हों तो उसे धर्मनिरपेक्ष गुस्से का नाम देना सच को ढंकने की चालाक कोशिश है। यह वही पुराना तरीका है, जिसमें पीड़ित को ही अदृश्य बना दिया जाता है।



-डॉ मयंक

> 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे।

मौलाना रशीदी द्वारा गाजा और भारत की मॉब लिंचिंग का उदाहरण देना भी उनकी बौद्धिक दिवालियापन को उजागर करता है। यह तथाकथित तुलना बिल्?कुल अप्रासंगिक है और नैतिक रूप से भी आपत्तिजनक भी है। नरसंहार एक दिन में लाखों लोगों की हत्या का नाम नहीं है। यह एक धीमी, सुनियोजित और लगातार चलने वाली प्रक्रिया भी हो सकती है, जिसमें किसी समुदाय को डर, हिंसा और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर किया जाए, जिससे कि वो अंततः अपना घर, जमीन और देश छोड़ पलायन कर जाए। वस्?तुतः बांग्लादेश में हिंदुओं की घटती आबादी इसी सच्चाई की गवाही देती है।

यह एक एतिहासिक तथ्य है कि साल 1971 के बाद से आज तक बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या में लगातार गिरावट आई है। यह गिरावट कोई प्राकृतिक जनसंख्या परिवर्तन का परिणाम नहीं है, यह तो उस हिंसा, धमकी, जमीन हड़पने और सामाजिक बहिष्कार का सीधा नतीजा है जो हिन्दुओं के साथ वर्षों बसर से लगातार यहां किया जा रहा है। वास्तव में जब कोई समुदाय दशकों तक इसी तरह निशाने पर रहे, तो उसे नरसंहार के दायरे से बाहर रखने की जिद केवल शब्दों का खेल है, सच्चाई का नहीं।

रशीदी का यह कहना कि इस्लाम किसी को मारने की अनुमति नहीं देता, सुनने में अच्छा लग सकता है, किंतु यह बयान जमीनी हकीकत से पूरी तरह अलग है। सवाल यह नहीं है कि धर्म क्या कहता है, सवाल यह है कि धर्म के नाम पर या धर्म की आड़ में क्या हो रहा है। जब एक ही समुदाय बार-बार मारा जा रहा हो और दोषियों को सजा न मिलती हो, तब यह कोई व्यक्तिगत अपराध नहीं रह जाता है, ऐसे में यह एक सामूहिक और संस्थागत अपराध का रूप ले लेता है। जो बांग ?लादेश में देखा जा रहा है।

सबसे खतरनाक बात यह है कि रशीदी जैसों के इस तरह के बयान हिंसा करने वालों को नैतिक संबल देते हैं। जब प्रभावशाली मजहबी नेता यह कहने लगें कि ह्लकोई अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैह्व, तो यह संदेश जाता है कि पीड़ितों की चीखें मायने नहीं रखतीं। आज यह बयान न सिर्फ बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए अपमानजनक है, बल्कि भारत जैसे देश में रहने वाले करोड़ों हिंदुओं की पीड़ा का भी उपहास है।

रशीदी दोहरे मापदंडह्व की बात करते हैं, लेकिन असली दोहरा मापदंड उनकी अपनी सोच में झलकता है। जब पीड़ित हिंदू हों, तो शब्दों की कसौटी बदल जाती है, परिभाषाएँ सख्त हो जाती हैं और संवेदना सीमित हो जाती है। यह चयनात्मक नैतिकता किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक है। मानवाधिकार धर्म देखकर लागू नहीं होते और हिंसा को सही या गलत ठहराने के पैमाने भी धर्म के आधार पर नहीं बदले जा सकते।

आज आवश्यकता इस बात की है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को बिना किसी वैचारिक चश्मे के देखा जाए। उसे स्वीकार किया जाए, उस पर खुलकर बात की जाए और पीड़ितों के साथ खड़ा हुआ जाए। मौलाना रशीदी जैसे बयान इस प्रक्रिया में बाधा हैं, वे सच्चाई को कुचलने का काम करते हैं। यह बेशर्मी है, नैतिक जिम्मेदारी से पलायन है।

कहना होगा कि जब निर्दोष लोग मारे जा रहे हों और कोई प्रभावशाली आवाज यह कहे कि ह्लकुछ भी गलत नहीं हो रहाह्व, तो वह आवाज भी अपराध में सहभागी बन जाती है। बांग्लादेश के हिंदुओं की पीड़ा को नकारना या हल्का दिखाना एक गंभीर नैतिक अपराध है और इस पर चुप्पी या समर्थन, दोनों ही समान रूप से दोषी हैं। यही वह सच्चाई है, जिससे भागने की कोशिश मौलाना रशीदी कर रहे हैं, जिसकी भरसक आलोचना चहुंओर से होना ही चाहिए। आखिर भारत का दायित्व क्या है?

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

**-शिवशंकर सिंह , रांची**

### कब बदलेंगे राहुल गांधी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जर्मनी के एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंच से मोदी सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में आयोजित व्याख्यान के दौरान उन्होंने भारत की चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूचियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए।

पॉलिटिक्स इज द आर्ट ऑफ लिसनिंग विषय पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने 2024 में हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के दौरान सामने आई कथित अनियमितताओं को लेकर औपचारिक रूप से आपत्तियां दर्ज कराईं। उनके अनुसार पार्टी ने इन मामलों में ठोस साक्ष्य भी पेश किए, लेकिन भारतीय चुनाव आयोग की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

**- रवि रांची**


# पर्यावरण में बड़ी चुनौती बना रहेगा

समस्या

**- कुलभूषण उपमन्यु**

**पिछली** डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक-निर्माण-शक्ति मानव के हाथ में दे दी तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरूआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया, उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है। इसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढ़ती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है।

वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरूपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेषण में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को संरेखित करती है और अपने तौर-तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है।



जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस उर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो साल 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जो आगे बढ़ता जाएगा। यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है। जिससे 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। 20 से 40% प्रतिशत भू-भाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है, जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे।

जलवायु से जुड़ी भीषण घटनाओं के कारण जनधन की भारी हानि हो रही है। आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण साल 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थ व्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मानव शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि साल 2040 तक तापमान वृद्धि 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक पंहुच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएँ चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे।

इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं। जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे। खासकर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी। जिसके लिए कार्बन मुक्त उर्जा विकल्पों की ओर मुड़ना होगा। सौर उर्जा, पवन उर्जा, हाइड्रो काइनेटिक उर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीजल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित उर्जा की ओर मोड़ना पड़ेगा।

अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरूपयोग को नियंत्रित करने के लिए ह्लयूज एंड थ्रोह्व उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मरम्मत किये जा सकने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वायु प्रदूषण को रोकना, पारिस्थितिक तंत्र को बचाना और पुनर्जीवित करने पर जोर देना पड़ेगा।

जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए इसे रोकने के जरूरी कदम उठाने के साथ-साथ जलवायु अनुकूलन की विधियाँ तलाशनी होंगी। परिवहन के कारण होने वाले भारी प्रदूषण से निपटने के लिए टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आरामदायक बनाते हुए उसे विकसित करना पड़ेगा। समस्याएँ तो आती रहेंगी किन्तु समाधान के लिए प्रकृति आधारित हल प्राथमिकता से ढूंढे जाएं तो हालत सुधरने में मदद जरूर मिलेगी।

**(लेखक, जाने-माने पर्यावरण विद् हैं।)**

# 'तेल की जंग, लोकतंत्र एक बहाना

बेनेजुएला : सामयिक



**वेनेजुएला** के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की राजनीति में तीखी बहस छिड़ गयी है। अमेरिकी की ही पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा हमला बोला है। हैरिस ने कहा कि यह कदम न तो ड्रग तस्करी रोकने के लिए है और न ही लोकतंत्र की रक्षा के लिए, बल्कि इसके पीछे तेल हित हैं। यह कार्रवाई लोकतंत्र या ड्रग्स नहीं, तेल हितों से प्रेरित है। हैरिस ने कहा कि यह कदम न तो ड्रग तस्करी रोकने के लिए है और न ही लोकतंत्र की रक्षा के लिए, बल्कि इसके पीछे तेल हित हैं। वहीं चीन, रुस और कोरिया ने ट्रंप की इस कार्रवाई पर कड़ी आपति की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने कहा कि वेनेजुएला के नेता को हिंसक तरीके से पकड़ना पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक और बेहद खतरनाक मिसाल है।

कमला हैरिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वेनेजुएला में ट्रंप की कार्रवाई अमेरिका को न तो ज्यादा सुरक्षित बनाती है और न ही मजबूत। उन्होंने कहा मादुरो एक क्रूर और अवैध तानाशाह हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह कार्रवाई सही या कानूनी है। हमने पहले भी ऐसा देखा है तेल या सत्ता परिवर्तन के नाम पर शुरू की गयी जंग, जो अंत में अराजकता बन जाती है। हैरिस ने चेतावनी दी कि जबरन सत्ता परिवर्तन की नीति से पूरा क्षेत्र अस्थिर हो सकता है। इससे अमेरिकी सैनिकों की जान जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के पीछे न तो कोई स्पष्ट कानूनी आधार है और न ही कोई एग्जिट प्लान। मादुरो की गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों बाद ट्रंप ने बयान दिया कि अमेरिका अब वेनेजुएला के विशाल तेल भंडारों को अपने नियंत्रण में लेगा। गौरतलब है कि वेनेजुएला के पास करीब 303 अरब बैरल कच्चे तेल का भंडार है, जो दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडारों में से एक है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी तेल कंपनियां वहां निवेश कर तेल क्षेत्र का पुनर्निर्माण करेंगी।

**अमेरिका ने मादुरो को ऐसे पकड़ा :** कई महीनों तक अमेरिकी जासूस वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। यह एक छोटी टीम थी, जिसमें वेनेजुएला सरकार के भीतर का एक सूत्र भी शामिल था। शीर्ष सैन्य अधिकारियों का कहना है कि 63 साल के मादुरो कहां सोते थे, क्या खाते थे, क्या पहनते थे और यहां तक कि उनके पालतू जानवरों तक पर यह टीम नजर रख रही थी। दिसंबर की शुरूआत में ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व नाम के एक मिशन को अंतिम रूप दिया गया। यह महीनों की बारीकी से बनाई गई योजना और अभ्यास का नतीजा था, जिसमें अमेरिका के एलीट सैनिकों ने मादुरो के काराकास स्थित सुरक्षित ठिकाने का डुप्लीकेट बनाकर प्रवेश के रास्तों से घुसने का अभ्यास किया। यह योजना पूरी तरह गोपनीय रखी गयी। कांग्रेस को पहले से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही उससे सलाह ली गयी। सभी सटीक विवरण तय हो जाने पर शीर्ष सैन्य अधिकारियों को बस सही समय का इंतजार करना था। आखिरकार मिशन शुरू करने का आदेश राष्ट्रपति की ओर से शुक्रवार रात 10 बजकर 46 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर आया। ट्रंप ने शनिवार को रातों-रात हुई कार्रवाई के कुछ घंटों बाद 'फॉक्स एंड फ्रेंड्स' से कहा, हम इसे चार दिन पहले, तीन दिन पहले या दो दिन पहले करने वाले थे और फिर अचानक हालात सही हुए और हमने कहा, जाओ करो। ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' के शुरूआती संकेत आसमान में तैनात थे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, बमवर्षक, लड़ाकू विमान और निगरानी विमानों सहित 150 से ज्यादा विमान रात भर में तैनात किये गये थे। ट्रंप ने कहा, यह बहुत जटिल था, बेहद जटिल। पूरा युद्धाभ्यास, लैंडिंग, विमानों की संख्या. हर संभावित स्थिति के लिए हमारे पास एक लड़ाकू विमान था। स्थानीय समय के मुताबिक करीब 02:00 बजे काराकास में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई और शहर के ऊपर धुएं के गुबार उठते देखे गये। कई तेज धमाके हुए चारो और धुआं ही धुआं था। एक वीडियो में हेलीकॉप्टरों का काफि ला काराकास के ऊपर कम ऊंचाई पर उड़ता दिखा, जबकि नीचे धमाकों से उठता धुआं दिखाई दे रहा था। सब कुछ पूरी तरह अंधेरे में डूब गया था, सिर्फ. पास में हो रहे धमाकों की चमक दिखाई दे रही थी।

## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच ने किया कंबल का वितरण




भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में कोयलांचल के वरिष्ठ पत्रकार सह शिक्षाविद स्वर्गीय नारायण नाथ तिवारी (नाना तिवारी) की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वर्गीय नारायण नाथ तिवारी के परिजनों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत भुरकुंडा बाजार में दूर-दराज से दातुन-पत्तल बेचने वाले एवं अन्य जरूरतमंदों के बीच पूरी-सब्जी और जलेबी का वितरण स्व. तिवारी के परिजनो द्वारा मंच के सदस्यों के सहयोग से किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय नारायण नाथ तिवारी के पोता कुमार शिवम एवं पोती दिव्य दीक्षा ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंच के सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच पिछले 10 वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार में जनसहयोग से भोजन वितरण का कार्य निरंतर कर रहा है। इसी कड़ी में पुण्यतिथि पर सेवा कार्य को आगे बढ़ाते हुए कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह सहित उमाशंकर जायसवाल, राजकिशोर पांडेय, जगतार सिंह, उदयभान दुबे, आशुतोष कुमार, प्रेमनाथ साहू, गौरी शंकर महतो, मनोज सिन्हा, शिवकुमार यादव, रविंद्र करमाली, लखन राम, रंजीत यादव, मुस्कान, प्रवीण सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित थे।

### अंचल निरीक्षक का भव्य स्वागत



**कुजू।** बडकी डूंडी लोहसिंघना निवासी खुशल कुमार करमाली जेएसएससी सीजीएल 2023 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अंचल निरीक्षक में नियुक्त होने के बाद जब शनिवार को अपने गांव पहुंचे तो गांव वालों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुखिया रामसेवक कुमार महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण खुशल कुमार करमाली को मंदिर ले गये। जहां उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और बड़े-बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। खुशल अपने गांव के पहले ऐसे युवक हैं, जिन्होंने अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया है। खुशल कुमार को रांची जिले के चान्हो अंचल में अंचल निरीक्षक सह कानून विभाग में पदस्थापित किया गया है। स्वागत करने वालों में मुखिया रामसेवक कुमार महतो, संतोष कुमार, प्रदीप महतो, डालचंद महतो, राकेश मुंडा, शंकर करमाली, मनोज सोरेन, विष्णुदेव महतो, श्यामलाल महतो, तेकलाल करमाली, पूनम देवी, कर्मचंद महतो, पुनीत महतो, जीवलाल महतो, बहादुर महतो, त्रिभुवन करमाली, संतोष कुमार एवं सचिन करमाली सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सुरुंगिया बाबा करमा में लगेगा मेला

**कुजू।** मकर संक्रांति पर 15 जनवरी को श्री श्री सुरुंगिया बाबा करमा में मेले के आयोजन को लेकर बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो व संचालन पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी को भव्य मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधायक तिवारी महतो शामिल होंगे। मौके पर हरिशंकर बिहारी, गुड्डू वर्मा, डोमन ठाकुर, इंद्र महतो, संजय कुमार, धानेश्वर महतो, पंकज महतो, धनु महतो, किन्नू रविदास, टेकलाल महतो, दुलारचंद महतो, खीरू महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में चित्रगुप्त परिवार की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिवर साइड भुरकुंडा स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में शनिवार की शाम चित्रगुप्त परिवार की बैठक हुयी। बैठक में अरुण सिन्हा शामिल हुए। बैठक में नववर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले पिकनिक उत्सव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। इसमें आयोजन की रूपरेखा, सहभागिता बढ़ाने के उपाय और जिम्मेदारियों का बंटवारा। बैठक में समिति के सक्रिय सदस्यों में सुनील सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, वीरेंद्र सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सामाजिक सौहार्द और उत्साह के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया।

### यदुवंशी समाज का वनभोज फरवरी में



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यदुवंशी समाज का 1 फरवरी को रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में आयोजित होने वाले वनभोज सह मिलन समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में रविवार को मतकमा चौक स्थित धनंजय यादव के कार्यालय में यदुवंशी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया तथा सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर आयोजन को भव्य और यादगार बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह मिलन समारोह आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सौहार्द को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# संघर्ष के मंच पर अंबा प्रसाद!

## सत्ता के गलियारे में खामोशी, सवालों के घेरे में बयानबाजी की राजनीति

**अभय कुमार सिंह**



**हजारीबाग।** झारखंड की राजनीति में कुछ मुद्दे स्थायी हैं। एनटीपीसी, विस्थापन और रैयतों का दर्द। इन्हीं मुद्दों पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद वर्षों से मुखर रही हैं। रविवार को भी उनके आवास पर हुई प्रेस वार्ता में वही तेवर, वही आरोप और वही संकल्प सुनाई दिया। फर्क सिर्फ इतना था कि समय काफी बीत चुका है, सरकार वही है, चेहरे वही हैं पर समाधान अब भी गायब है। यही ठहराव आज अंबा प्रसाद की राजनीति पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा है।

अंबा प्रसाद ने एक बार फिर एनटीपीसी पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि परियोजना क्षेत्र के रैयतों को मिलने वाला मुआवजा और नौकरी दलालों की मर्जी से तय हो रही है, ग्रामीणों से जबरन जमीन ली जा रही है और विस्थापितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि उनका परिवार शुरू से ही रैयतों के साथ खड़ा रहा है, संघर्ष किया है और आगे भी जुल्म के खिलाफ लड़ता रहेगा। कंपनी उनके साथ उनके पूरे परिवार के ऊपर झूठे केस दर्ज कर फसा रही है। उनके पिता, माता व भाई जेल भेजे गए। कई केस कोर्ट में चल रहे हैं। एक तरह से उन्हें और उनके परिवार को पूरी तरह से तोड़ने की साजिश हो रही है।

लेकिन यहीं से विरोधाभास शुरू होता है। झारखंड में झामुमो की सरकार कांग्रेस के समर्थन से चल रही है और अंबा प्रसाद खुद कांग्रेस की एक बड़ी नेता हैं। जब सत्ता में साझेदारी है, तब सवाल उठता है कि जिन पर आरोप लगाए जा रहे हैं, उनके खिलाफ सरकारी कार्रवाई क्यों नहीं होती? अगर उनकी आवाज सुनी जाती है, तो परिणाम क्यों नहीं दिखते? और अगर नहीं सुनी जाती, तो सत्ता के भीतर रहते हुए खुली बगावत क्यों नहीं? उल्लेखनीय है कि अंबा विधायक रहते हुए भी यही आरोप लगाती रहीं और विधायक न रहने पर भी वही बात दोहरा रही हैं। इससे यह संदेह गहराता है कि समस्या व्यवस्था की है या राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी की। रविवार की प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में है और वे कानून के रास्ते पर हैं। जब न्यायालय में भरोसा है, तो फिर हर कुछ महीनों में वही बयान, वही आक्रोश क्यों? फैसले का इंतजार क्यों नहीं किया जाता?

रविवार को ही केरेडारी के जोरदाग गांव स्थित झुमरी टांड़ धरना स्थल पर उनकी मां, पूर्व विधायक निर्मला देवी समर्थकों के साथ धरने पर बैठी रहीं। समर्थन में हजारीबाग कांग्रेस जिलाध्यक्ष जे.पी. पटेल पहुंचे। मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की मौजूदगी भी रही, लेकिन अपेक्षित जनसैलाब और स्थानीय चेहरों की कमी ने आंदोलन की जमीनी ताकत पर सवाल खड़े कर दिए। धरना, प्रेस वार्ता और तीखे बयान, ये सब लोकतंत्र के औजार हैं। लेकिन जब ये औजार बार-बार इस्तेमाल हों और नतीजा शून्य रहे, तो संघर्ष भी संदेह के घेरे में आ जाता है। अंबा प्रसाद की लड़ाई अगर सचमुच रैयतों के हक की है, तो उसे सिर्फ मंच नहीं, सत्ता के भीतर भी लड़ना होगा। वरना इतिहास इसे संघर्ष नहीं, बयानबाजी की राजनीति के रूप में याद रखेगा।धरना हो, बयान हो या प्रेस वार्ता। जब शब्द बार-बार लौटते हैं और परिणाम कहीं नहीं दिखते, तो संघर्ष भी संदेह के कटघरे में आ खड़ा होता है। अंबा का सवाल सिर्फ एनटीपीसी से नहीं, सत्ता से भी है और शायद सबसे बड़ा सवाल उनसे खुद से।

# हजारीबाग सदर अस्पताल का ब्लड बैंक संकट में

## रक्त की भारी कमी से मरीज और परिजन परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** अस्पतालों में दवाइयों, डॉक्टरों और मशीनों की चर्चा तो होती है, लेकिन जब खून ही न हो, तो इलाज की सारी व्यवस्थाएं बेमानी हो जाती हैं। हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का ब्लड बैंक इन दिनों ऐसे ही गहरे संकट से गुजर रहा है। यहां रक्त की भारी कमी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, ब्लड बैंक पर सबसे बड़ा दबाव थैलेसीमिया पीड़ितों का है। इस अस्पताल से जुड़े 295 थैलेसीमिया मरीज ऐसे हैं, जिन्हें नियमित रूप से रक्त चढ़ाना अनिवार्य है। इनके अलावा दुर्घटना, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। जरूरत बढ़ती जा रही है, लेकिन रक्तदान करने वालों की संख्या तेजी से घट रही है। सूत्र बताते हैं कि पहले रक्तदान को लेकर लोगों में उत्साह था। रक्तदान करने पर डोनर कार्ड दिया जाता था, जिससे भविष्य में जरूरत पड़ने पर आसानी से रक्त उपलब्ध हो जाता था। लेकिन जब से ब्लड को पूरी तरह मुफ्त कर दिया गया है, यह व्यवस्था लगभग खत्म हो गई है। नतीजा यह हुआ कि लोग रक्तदान से दूरी बनाने लगे हैं और ब्लड बैंक की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। एक और चिंता की बात यह है कि स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रियता भी लगभग समाप्त हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने कई सरकारी और गैर-सरकारी विभागों को ब्लड डोनेशन कैंप लगाने के लिए पत्र भेजे, लेकिन गिने-चुने प्रयासों को छोड़ दें तो कहीं से ठोस पहल नहीं हो रही। जागरूकता की कमी और व्यस्त जीवनशैली भी इस संकट को और गहरा रही है। इसके अलावा, अब रक्तदाताओं के सैंपल जांच के लिए रांची भेजे जाते हैं। सैंपल भेजने के बाद रिपोर्ट आने में समय लगता है, जिसके कारण कई बार रक्त उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। हजारीबाग सदर अस्पताल का ब्लड बैंक आज सिर्फ रक्त की कमी से नहीं, बल्कि समाज की उदासीनता से भी जूझ रहा है। जब तक रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी नहीं समझा जाएगा, तब तक अस्पताल की यह कमी कई जिंदगियों के लिए खतरा बनी रहेगी।

### केरेडारी में धरना पर बैठे लोगों से मिले जेपी पटेल

**केरेडारी।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल माइंस एवं एमडीओ ऋत्विक कंपनी के खिलाफ पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व पत्नी, पूर्व विधायक निर्मला देवी द्वारा 31 दिसंबर से जारी धरना-प्रदर्शन का जायजा लेने पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल रविवार धरना स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पगार गांव स्थित कर्बला के समीप तथा जोरदाग गांव के झुमरी टांड़ पर पहुंचकर आंदोलन की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया और धरने पर बैठे लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। जेपी पटेल ने कहा कि धरना के दौरान कई गंभीर जन समस्याएं सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सड़क से कोयला परिवहन, स्कूल के समीप हो रही ब्लास्टिंग, 14 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लेकिन अनुपयोगी पड़ी जलमीनार, मुआवजा नीति में खामियां सहित स्थानीय रैयतों से जुड़े अनेक मुद्दों की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन सभी समस्याओं को लेकर वे जल्द ही हजारीबाग के उपायुक्त से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।कंपनी प्रबंधन एवं राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों से भी वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि रैयतों और स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी का रामगढ़ में स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड की टीम की शानदार जीत के बाद मिले चौंपियनशिप ट्रॉफी का रविवार को रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने छावनी मैदान रामगढ़ में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मंजीत साहनी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मुश्ताक अली क्रिकेट टूर्नामेंट जीत कर झारखंड ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह जीत झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस जीत से जिले के खिलाड़ियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। खिलाड़ी अपनी मेहनत से जिला में क्रिकेट को ऊंचाइयों पर ले जायें। श्री सहनी ने इस ट्रॉफी की जीत पर जेएससीए के साथ साथ रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन को भी बधाई दी।

मंजीत साहनी ने कहा कि जिले के खिलाड़ी भी अपने मेहनत की बदौलत राज्य व देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जबकि जेएससीए के सुरेश कुमार ने कहा कि यही ट्रॉफी झारखंड के सभी जिले में ले जाया जा रहा है ताकि इससे जिले के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिले तथा वे बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने में जेएससीए हर संभव मदद करेगी। रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय ने कहा कि आज का दिन रामगढ़

**टूर्नामेंट जीत कर झारखंड ने बड़ी उपलब्धि हासिल की: मंजीत साहनी**

जिला क्रिकेट के लिए गौरव का दिन है। यहां इस विजयी ट्रॉफी का आगमन हुआ है। कार्यक्रम का संचालन वरीय उपाध्यक्ष सुबोध पांडे तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने किया। मौके पर जेएससीए सदस्य एवं आरसी अध्यक्ष अशोक जैन, रामगढ़ क्रिकेट संघ कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहु, उपाध्यक्ष सुबोध पांडे, गिरधारी गोप, परमदीप सिंह कालरा,उपेन्द्र सिंह, बिरेंद्र प्रसाद पासवान, रोहित कुमार, यमुना प्रसाद, दिगम्बर प्रसाद साह,सूरज प्रसाद,विशाल वासुदेवा, सुबोजीत दत्ता, महेंद्र राणा, जावेद खान, विनय कुमार सिंह, अजय जैन, परशुराम साह, शिवशरण शाह, मुकेश कुमार शाह, पवन कुमार साह आदि उपस्थित थे।

# पीवीयूएनएल में गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन विंटर वर्कशॉप संपन्न

## बच्चियों ने कौशल और प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के तत्वावधान में गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम) के अंतर्गत आयोजित सप्ताहीय विंटर वर्कशॉप का समापन शनिवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप में संपन्न हुआ। बालिकाओं ने एक सप्ताह के दौरान सीखे गए विविध कौशलों का आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एके सहगल एवं स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेणु सहगल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने आत्मरक्षा तकनीकों, विज्ञान प्रयोगों एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा। प्रस्तुतियों से बालिकाओं का बढ़ता आत्मविश्वास और सीखने की ललक स्पष्ट रूप से झलकी। अपने संबोधन में एके सहगल ने बालिकाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों से बेटियों की शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। वहीं रेणु सहगल ने कार्यशाला के दौरान हुई प्रगति को रेखांकित करते हुए एक सप्ताह की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समापन समारोह यह दर्शाता है कि बालिका सशक्तिकरण की दिशा में पीवीयूएनएल की प्रतिबद्धता निरंतर और सशक्त है, तथा ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। समारोह में प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी, लेडीज क्लब की सदस्याएं, बालिकाओं के माता-पिता तथा परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग की टीम बनी खो-खो टूर्नामेंट में चैंपियन



**हजारीबाग।** हजारीबाग खो-खो अकादमी द्वारा आयोजित हजारीबाग खो-खो टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को कर्जन ग्राउंड में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हजारीबाग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोकारो टीम को 20झ्12 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल देखने के लिए कर्जन ग्राउंड में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टॉस जीतकर बोकारो टीम ने पहले डिफेंस का निर्णय लिया, लेकिन हजारीबाग टीम ने शुरूआत से ही तेज गति, बेहतर तालमेल और अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली। पूरे मुकाबले के दौरान हजारीबाग टीम का दबदबा बना रहा, जिसका परिणाम जीत के रूप में सामने आया। इस जीत के साथ हजारीबाग टीम विजेता बनी, जबकि बोकारो टीम को उपविजेता संतोष करना पड़ा। मैच के बाद कर्जन ग्राउंड में ही पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी सह हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। हर्ष अजमेरा ने कहा कि खो-खो जैसे पारंपरिक खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। आयोजकों ने भी ऐसे खेल आयोजनों को खेल संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### कपका में खुला जनवितरण प्रणाली दुकान



**बरकट्ठा।** कपका गांव में संचालित उज्वला महिला जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान का उद्घाटन रविवार को पूर्व विधायक सह पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि महिला जनवितरण प्रणाली दुकानों से न केवल राशन वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मुखिया कमलेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मनोहर प्रसाद चौधरी, भुनेश्वर दास, देवनंदन मंडल, राजीव मंडल, अशोक सिंह, बीरेंद्र पासवान, गणेश यादव, रंजीत पासवान, भोला प्रसाद एवं सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अब उन्हें समय पर और सही मात्रा में राशन उपलब्ध होगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### पंचमाधव में टाटा मैजिक टेंपो पलटी

बरही। पंचमाधव गांव के समीप रविवार सुबह करीब 8 बजे एक टाटा मैजिक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। टेंपो का पंजीकरण संख्या जेएच 12 एन 8557 बताया गया है। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई और चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार टेंपो चालक कोडरमा जिले के डोमचांच से अटका क्षेत्र की ओर यूरिया खाद लेकर जा रहा था। इसी दौरान वाहन में अचानक तकनीकी खराबी (झोल) आ जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और टेंपो पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित वाहन से बाहर निकाला। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से वाहन को हटाया गया और यातायात सामान्य कराया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की नियमित जांच की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### फिल्म शादी-चट मांगनी पट ब्याह लॉन्च




बरही। बरही में खोरठा भाषा में बनी कॉमेडी वीडियो फिल्म कलयुग की शादी-चट मांगनी पट ब्याह का लॉन्चिंग कार्यक्रम हंसी-ठहाकों और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह फिल्म आज के दौर की शादियों में बढ़ती जल्दबाजी, दिखावे और सामाजिक विसंगतियों को हास्य के अंदाज में प्रस्तुत करती है। फिल्म में मुख्य भूमिका बरही प्रखंड के जावड़ गांव निवासी सुभाष सानिया दास ने निभाई है। अन्य कलाकारों में धनेश्वर कुमार यादव, कुमकुम बिहारी, ललिता देवी और राहुल शामिल हैं, जिनकी सहज अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी और संवाद धनेश्वर कुमार यादव एवं सुभाष सानिया दास ने लिखे हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी भी इन्हीं दोनों ने संभाली है। कैमरामैन के रूप में धनेश्वर कुमार यादव और कुमकुम बिहारी ने बेहतरीन दृश्यांकन किया है। लॉन्चिंग कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने कहा कि ऐसी खोरठा फिल्मों से क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। फिल्म कलयुग की शादी-चट मांगनी पट ब्याह यूट्यूब चैनल फिल्मी दीवाने पर रिलीज की गई है और इसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

# कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री ने किया 32 विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को प्रखंड में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। देवीपुर पंचायत के ग्राम डोंगोडीह स्थित साहू धर्मशाला में आयोजित समारोह की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया बेदु साव ने की व संचालन पवन सिंह ने किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 1 करोड़ 2 लाख की लागत से 32 विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार संसाधन उपलब्ध करा रही है। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि विकास कार्यों में सहयोग करें और योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाएं। विकास की रफ्तार रूके नहीं, इसलिए हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहा है। मेरा प्रयास है कि विकास की रोशनी जन-जन तक पहुंचे, इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। इस मौके पर पीसीसी, छठ घाट, पेवर ब्लॉक, श्मशान शेड आदि निर्माण कार्य का शिलान्यासा व उद्घाटन किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, राजकुमार यादव, विजय यादव, कैलाश यादव, शम्भू सिंह, सावित्री देवी, सुनील यादव, बसंत साव, रंजीत सिंह, किशोर यादव, रामलाल यादव, रामचंद्र यादव, विकास यादव, भीष्म साव आदि मौजूद थे।

## चंदवारा प्रखंड में केंद्रीय मंत्री ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवारा (कोडरमा)।** सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रखंड में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं पिपराडीह पंचायत भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज साव व संचालन सतीश राणा ने किया। वहीं स्वागत भाषण मनोज साव, लखन यादव, सुरेश यादव, द्वारिका राणा, किशोर यादव, दिलीप यादव, सतीश राणा, रमेश यादव ने दिया। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की पांच विकास योजनाओं का शिलान्यास किया एवं कहा कि हमारे क्षेत्र में विकास की रफ्तार रूके नहीं, इसलिए हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहा है। मेरा प्रयास है कि विकास की रोशनी जन-जन तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांटी गांव श्मशान घाट पर चबूतरा व शेड निर्माण, चरकी पहरी (बिरसोडीह) श्मशान शेड का निर्माण, बड़की धमराय मंडप के पास चबूतरा और शेड निर्माण, गरायडीह (कांको) चबूतरा व शेड निर्माण, पिपराडीह अडवार खेल मैदान में चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यासा किया। मौके पर कल्याणी देवी, रमेश यादव, सतीश कुमार, अभिषेक कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## केदली में गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 359वां प्रकाश पर्व धूमधाम से संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के श्री गुरु सिंह सभा केदली कला गुरुद्वारा में दसवें गुरु गोविंद सिंह महाराज का 359वां प्रकाश उत्सव रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य दीवान सजाकर शबद कीर्तन और अरदास किया गया। मुख्य अतिथि में सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, विशिष्ट अतिथि में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, मुखिया अशोक यादव, उपाध्यक्ष वकील खान को गुरुद्वारा कमेटी के द्वारा सरोपा देकर सम्मानित किया गया। वहीं पटना साहिब से आये धर्म प्रचारक हरविंदर सिंह के द्वारा गुरु गोविंद सिंह महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सिख धर्म के बलिदान की जानकारी दी व उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने आपस में भाईचारे के साथ रहने की बात कही थी। वहीं भाई तख्त श्री हरिमंदिर जी भाई हरभजन सिंह, ज्ञानी दयाल सिंह, विक्की सिंह एवं ताजेंद्र कौर तथा स्थानीय बच्चों ने अपने गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। प्रकाश उत्सव के दौरान किए जा रहे शबद कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह, की जय घोष से पूरा गुरुद्वारा गूंजता रहा। प्रकाश उत्सव में पंजाब, दिल्ली, पटना, सासाराम, गया, रांची, हजारीबाग, कोलकाता, धनबाद, जमशेदपुर, कानपुर के अलावा कई जगहों से काफी संख्या में सत्संगत शामिल हुए। प्रकाश उत्सव का समापन अटूट लंगर से किया गया जिसमें सभी समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान सरदार बलजीत सिंह, सचिव नंदकिशोर सिंह, उप प्रधान समरजीत सिंह, उपसचिव तख्त सिंह, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, सतपाल सिंह, मोहित सिंह के अलावा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी, बाबा दीप सिंह सेवा समिति तथा माता गुजरी की सेवा समिति के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

### कोडरमा थाना के समीप चला वाहन जांच अभियान

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का पालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोडरमा थाना के समीप थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गई, वहीं चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट, लाइसेंस एवं वाहन से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 12 वाहनों का चालान काटा गया। वहीं वाहन जांच अभियान में एएसआई विकेश कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### गिट्टी लदा हाइवा अनियंत्रित होकर पलटा, चालक फरार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र खूंटा स्थित बरियारपुर मोड़ के समीप एक गिट्टी लदा हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गिट्टी लदा हाइवा बीआर27जी–7797 तेज गति से गांवा की ओर आ रही थी, जो बरियारडीह मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गेहूं लगे खेत में पलट गई और पूरे खेत में गिट्टी बिखर गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हालांकि इस दुर्घटना में ड्राईवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना को जानकारी दी गई। मौके पर सतगावां पुलिस पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

### माता वैष्णो देवी की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ पहुंचाया गया मंदिर के गर्भगृह तक

पी–3



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कादोडीह में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह वैष्णो देवी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 19 मार्च से 27 मार्च तक निर्धारित है। इसी कार्यक्रम के तहत रविवार को माता वैष्णो देवी प्रतिमा राजस्थान के जयपुर से कादोडीह आगमन हुआ। माता वैष्णो देवी की प्रतिमा को गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ नावाडीह के रेलवे मैदान में भव्य स्वागत कर, माता वैष्णो देवी की प्रतिमा को मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचाया गया। माता रानी के स्वागत में हजारों श्रद्धालु जुलूस के रूप में कादोडीह से नावाडीह तक पहुंचे। जय माता दी के नारों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजमान रहा। कार्यक्रम में कोडरमा सांसद सह बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थिति हुई तथा क्षेत्र वासियों के खुशहाल जीवन की कामना की। जुलूस में क्या बच्चे क्या नौजवान, माता बहने सभी माता रानी की एक झलक पाने के लिए काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण ग्राम वासियों का भूमिका महत्वपूर्ण रही। मौके पर प्रयाग सिंह, बिहारी महतो, बद्री राम, रामेश्वर महतो, डुगन महतो, सुशील राम, चंद्रदेव कुशवाहा, जनार्दन महतो, महेश प्रसाद वर्मा, बंसीलाल शर्मा, अर्जुन महतो, नागेश्वर महतो, योगेंद्र कुशवाहा, सहदेव महतो, वासुदेव राणा, अशोक राम, भुवनेश्वर राम आजाद, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, राजेश सिंह, विनोद महतो, कार्तिक प्रसाद वर्मा, संदीप वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, विक्रांत वर्मा, सुधीर वर्मा, प्रकाश वर्मा, उपेंद्र पासवान, संतोष सिंह, उमेश सिंह, इंद्रदेव सिंह, सोनू पासवान आदि मौजूद थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य को मिला लुमिनरी लीडरशिप अवार्ड




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शिता एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए लुमिनरी लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह नई दिल्ली में केआईईटी यूनिवर्सिटी एवं पाई टीवी के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसी कारणवश श्री जी.सी. वर्मा स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, उनके स्थान पर राकेश ने उनकी ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में देशभर से शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविद् एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त होने पर प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय मॉडर्न पब्लिक स्कूल की पूरी समर्पित टीम को देते हुए कहा कि यह पुरस्कार विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। वहीं उन्होंने टीम के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने हर्ष व्यक्त एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राचार्य जी. सी. वर्मा को मिला लुमिनरी लीडरशिप अवार्ड मॉडर्न पब्लिक स्कूल, के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने श्री वर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। निदेशक ने पूरी विद्यालय टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। श्री वर्मा को मिले इस सम्मान से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है तथा यह उपलब्धि जिले के लिए भी गर्व की बात है।

## धनबाद रेल मंडल के 400 बोगियों में सीसीटीवी कैमरे व ट्रेन के इंजन में लगेंगे वॉयस रिकॉर्डर

- टेंडर की प्रक्रिया के बाद मार्च से होगी सुविधा बहाल : मो. इकबाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** यात्रियों को सीसीटीवी कैमरे की सौगात मिलेगी। इसके लिए धनबाद रेलमंडल के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो जक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जक्शन होकर चलने वाली ट्रेनों में सामानों की चोरी या अन्य घटनाओं से राहत मिलेगी। भारतीय रेलवे ने ट्रेनें में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब सभी यात्री कोचों व इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। यह कदम उत्तर रेलवे में किये गये सफल प्रशिक्षण के बाद धनबाद रेलमंडल में भी लागू किया जा रहा है। इससे ट्रेनों में होने वाले अपराधों में लगाम लगेगी और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव होगा। धनबाद रेल मंडल के वरीय वाणिज्य प्रबंधक सह पी.आर.ओ मो. इकबाल ने दूरभाष पर बताया कि प्रत्येक धनबाद रेल मंडल से खुलने वाली ट्रेनों के लगभग 400 बोगियों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार कैमरा कोच के दोनों दरवाजे के पास लगाये जायेंगे, ताकि आवाजाही पर निगरानी रखी जा सके। एसी में 4 कैमरे और नन एसी में 6 कैमरे लगाये जायेंगे, जो कि 30 दिनों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। बताया कि एक से दो महिने में इस योजना का प्रथम फेज में एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाया जायेगा, इसके बाद अन्य ट्रेनों में यह सुविधा लागू होगी। इसके अलावा इंजनों में भी 6-6 कैमरे लगाये जायेंगे। कैमरा का क्षेत्र रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा या अधिक पर भी साफ रिकॉर्ड कर सकेगा और कम रौशनी में भी अच्छा परिणाम देगा। पूर्व मध्य रेलवे ट्रेनों के इंजन (लोको) में जल्द ही वॉयस रिकॉर्डर सिस्टम लगाएगा। इसके लगने से लोको पायलट की बातचीत और इंजन में किसी भी तरह की आवाज रिकॉर्ड हो सकेगी। रेल प्रशासन ने इसके लिए इंजनों में इसे लगाने के लिए टेंडर निकाला है। यह हवाई जहाज में लगे ब्लैक बॉक्स की तरह काम करेगा। वायस रिकॉर्डर के लगने के बाद ट्रेन चलने के दौरान इंजन में लोको पायलट या सहायक लोको पायलट मोबाइल फोन से बातचीत नहीं कर सकेंगे। सिर्फ वॉकी-टॉकी से गार्ड और स्टेशन मास्टर से बातचीत करनी होगी। कई बार सिग्नल ओवरशूट में यह जानकारी मिली है कि लोको पायलट और गार्ड या स्टेशन मास्टर से सही संवाद नहीं हो पाया। इसे देखते हुए अब वॉयस रिकॉर्डर सिस्टम लगाए जा रहे हैं।

### अवैध बालू लोड तीन ट्रैक्टर जब्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के आदेशानुसार नवलशाही पुलिस द्वारा नवलशाही थाना क्षेत्र के नीमाडीह से दो और डोंगोडीह से एक बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नीमाडीह नदी से अवैध बालू लोड कर दो ट्रैक्टर बच्छेडीह की ओर आ रही थी, इसी दौरान नवलशाही थाना के एएसआई शांतिभूषण अपने दल-बल के साथ गश्ती में निकले थे। इसी दौरान उक्त दोनों ट्रैक्टर को रोककर बालू से सबंधित कागजात देखने को मांगा गया। इस दौरान दोनों ट्रैक्टर का चालक वाहन खड़ा कर भागने लगा, जिसके बाद दोनों वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं डोंगोडीह में भी एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जा रही थी, इसी दौरान उसे भी बालू से सबंधित कागजात की मांग की गई, मगर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। जिसके बाद इसे भी जब्त कर नवलशाही थाना में सुरक्षित रखा गया है। इस सबंध में थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि उक्त तीनो वाहनों को जब्त कर खनन विभाग को सूचना दे दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड ग्रामीण पुलिस के जवान की इलाज के दौरान मौत, श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ी भीड़



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के लेंजवा पंचायत अंतर्गत कोसमाही गांव निवासी सह झारखंड ग्रामीण पुलिस जवान कामेश्वर यादव (55) की मौत इलाज के दौरान शनिवार को लोकनायक हॉस्पिटल न्यू दिल्ली में हो गयी। वे पिछले कई माह से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका इलाज दिल्ली से चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया। जहां शव देख परिजन दहाड़ मारकर चीखने चिल्लाने लगे। जवान की असमायिक मौत से गांव में मातम छा गया। स्थानीय नदी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। झारखंड ग्रामीण पुलिस के जवान व लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रंद्धाजलि अर्पित की। इसके बाद उनके बड़े पुत्र लेंजवा पंचायत मुखिया योगेन्द्र यादव ने मुखाग्नि दी। बताया जाता कि ग्रामीण पुलिस जवान वर्तमान में हंटरगंज थाना में पदस्थापित थे। वे अपने पीछे पूरा भरापूरा परिवार छोड़कर चले गये। उनके आकस्मिक निधन से गांव में शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण पुलिस संघ जिला अध्यक्ष उमेश पासवान, सचिव विंदु पासवान, जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक यादव, रामबाबू, दिलीप दास, सुनील रजक, पिंटू सिंह, समरेश सिंह, उर्फ पिंटू सिंह पंचायत समिति विनोद यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### छठ घाट अतिक्रमण व मंदिर विवाद पर सख्त हुई ग्राम समिति, पुलिस प्रशासन को आवेदन देने का निर्णय



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघानी में ग्राम समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता शिक्षक घनश्याम रजक ने की, जबकि संचालन वासुदेव दांगी ने किया। बैठक में गांव से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक का प्रमुख मुद्दा छठ घाट अतिक्रमण को लेकर रहा। समिति के समक्ष यह तथ्य सामने आया कि कई किसान रैयत नदी क्षेत्र में खेती कर अतिक्रमण कर रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए ग्राम सभा के सदस्य निरीक्षण के लिए नदी घाट पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर नदी की जमीन को जोतकर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। इसके साथ ही बैठक में मंदिर से संबंधित पूर्व में लिए गए फैसलों के उल्लंघन का मामला भी उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंदिर से जुड़े पुराने निर्णयों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस विषय को लेकर ग्राम समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों की ओर से आवेदन सौंपा जाएगा, ताकि उचित जांच व कार्रवाई हो सके। इस बैठक में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे

### सिंघानी मुखिया ने करायी अलाव का व्यवस्था



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** कड़ाके की ठंड और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए ग्राम पंचायत सिंघानी की मुखिया राधिका देवी द्वारा पंचायत क्षेत्र में जलावन की व्यापक व्यवस्था की गई। खासकर पंचमुखी चौक से गांधी चौक तक जलावन की व्यवस्था कर राहगीरों, दुकानदारों एवं आसपास के ग्रामीणों को ठंड से राहत पहुंचाई गई। मुखिया राधिका देवी ने बताया कि ठंड के इस मौसम में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों पर जलावन की व्यवस्था कराई गई है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने मुखिया के इस जनहितकारी और संवेदनशील कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से न सिर्फ ठंड से राहत मिलती है, बल्कि पंचायत प्रशासन की सक्रियता भी दिखाई देती है। लोगों ने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह जनकल्याणकारी कार्य पंचायत स्तर पर जारी रहेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वावधान में बारीसाखी गांव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना एवं प्रकृति संरक्षण की दिशा में प्रेरित करना था। उपस्थित ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल का सदुपयोग करन तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गयी।

## डोमचांच नगर पंचायत चुनाव बहिष्कार किए जाने को लेकर वार्ड छह के लोगों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत चुनाव को बहिष्कार करने को लेकर एक बैठक वार्ड नंबर छह के लोगों ने की। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक साव ने किया। इस दौरान समाजसेवी देवेंद्र मेहता ने कहा कि डोमचांच नगर पंचायत में कम आमदनी वाले लोगों की संख्या 80 प्रतिशत से अधिक है, जो नगर पंचायत का होल्डिंग टैक्स भुगतान करने में अक्षम है। फिर से चुनाव आ रहा है, 5 साल किसी तरह लोग झेल लिए। वहीं उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के बहिष्कार के लिए एक समिति बनाई गई है जो सर्वदलीय है।

चुनाव बहिष्कार समिति के माध्यम से सभी वार्डों में बैठक की जाएगी और उसके बाद एक मेमोरेंडम तैयार कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जायेगा। वहीं द्वारिका मेहता ने कहा कि नगर पंचायत के विकास से जनता संतुष्ट नहीं सिर्फ कागजों पर ही विकास दिखाई दिया है और कागजी विकास के नाम पर होल्डिंग टैक्स वसूला जा रहा है। जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। वहीं अशोक साव ने कहा कि जनता को नगर पंचायत बनने से कोई लाभ अभी तक नहीं मिला है, न ही पेयजल की व्यवस्था, न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई है। वहीं अशोक मेहता ने कहा कि पहले जब पंचायती राज व्यवस्था थी, तो सभी लोग खुशहाल थे, जब से नगर पंचायत बना लोग कर्जदार हो गए हैं। सिर्फ होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है, जबकि सुविधा न के बराबर है। वहीं सरोज मेहता ने कहा कि नगर पंचायत भंग होना चाहिए, क्योंकि नगर पंचायत जब से बना है तबसे नगर में जो कार्य होना चाहिए वह नहीं हुआ है। होल्डिंग टैक्स नहीं देने पर लोगों का खाता फ्रिज कर दिया जा रहा है। मौके पर चंद्रिका सिंह, अनिल पांडेय, राजेंद्र मेहता, इंद्रदेव दास, संजय दास, द्वारिका मेहता, सरोज मेहता, पंकज पांडेय, उमेश बर्णवाल, मनोहर पांडेय, अभिषेक सिंह, मुकेश मेहता, मुनेश्वर सिंह, अजीत कुमार दास, जीवनलाल मेहता, कमलेश पांडे, महेश सिंह, सुरेंद्र साव, महेंद्र मेहता, बंटी राम, यमुना मेहता आदि मौजूद थे।

## फ्लाईऐश और कोल वाहन परिचालन पर आयोजित वार्ता विफल

- समुचित वार्ता नहीं होने तक सिमरिया की सड़कों पर राख ढुलाई एवं कोल वाहन परिचालन रहेगा बंद : मनोज चंद्रा

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** सिमरिया के रास्ते से कोयला एवं फ्लाईऐस ढुलाई नहीं करने को लेकर आंदोलनरत लोगों और प्रशासन के बीच वार्ता की सहमति को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने की। किंतु कोल कंपनी के जीएम या उनके प्रतिनिधि और आरटीओ चतरा के उपस्थित नहीं रहने के कारण वार्ता विफल हो गयी। वहीं यह वार्ता सभी कोल कंपनी के जीएम या उनके प्रतिनिधियों तथा आरटीओ चतरा के उपस्थित होने पर अगले सोमवार को बैठक की सहमति बनाई गई। वहीं सहमति में फ्लाई ऐस और कोयला लोड पकरी बरवाडीह से टिप टेलर परिचालन हमेशा के लिए बंद रखा जाएगा। इसी सहमति पर अगले सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पुनः बैठक कर वार्ता की जाएगी। गौरतलब है कि अनुमंडल मुख्यालय के सिमरिया चौक पर सिमरिया के रास्ते कोल तथा फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग के विरुद्ध अनिश्चित कालीन धरना एवं बंदी बीते शनिवार से जारी है। हालांकि वार्ता को लेकर प्रखंड मुख्यालय में बैठक की गई थी लेकिन सीसीएल और आम्रपाली के जीएम या उनके प्रतिनिधि नहीं आने से वार्ता विफल हो गयी। बैठक में विभिन्न कोल कंपनियों के ट्रांसपोर्टरों के पहुंचने से आंदोलनकारी नाराज होकर उनसे बात करने से इनकार कर दिये। आंदोलनकारियों का कहना था कि ट्रांसपोर्टर महज चार या छह माह के लिए रहते हैं। आज नहीं तो कल चले जाएंगे और हम लोग भुक्तभोगी बनते रहेंगे। वैसे में यह वार्ता यदि होगी तो भविष्य के लिए नियम बना रहेगा। जिससे सिमरिया प्रखंड वासियों या टंडवा प्रखंड के कुछ गांव वासियों के लिए लाभकारी होगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज चंद्रा ने कहा कि जब आंदोलन की रूपरेखा तय की है तो जब तक प्रशासन या कोल कंपनियों द्वारा चार मांगों पर सहमति नहीं बनेगी तब तक यह आंदोलन आरपार की स्थिति में यथावत जारी रहेगा। इसके लिए हम सबों को यदि जेल जाने की नौबत भी आ पड़ी तो हम सभी तैयार हैं। किंतु किसी भी हालत में पकरी बरवाडीह का कोयला या फ्लाईऐस सिमरिया के रास्ते नहीं जाने दिया जाएगा।

वार्ता में प्रखंड प्रमुख रोहन साव, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर सनोज चौधरी, थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह, नेमधारी महतो, हाइवा एसोसिएशन के अध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रमन साहू, विकास पाण्डेय, जागेश्वर दास, टंडवा उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, मुखिया महावीर साव, बिनोद महतो, कृष्णा साहू, सलीम अख्तर, मालेश्वर साहू, रामटहल मिर्धा, सुरेंद्र सोनी, भूपेंद्र ठाकुर, अर्जुन दास, गोविंद पासवान, चंद्रदेव साव, बैजनाथ दांगी, यदुनंदन पाण्डेय, भुनेश्वर दांगी, मो. साहिल, गिरधारी यादव, संजय दास, खेमलाल साव, मोबारक अंसारी के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## झाकोमयू मनोज चंद्रा के मनोनीत सदस्य लालजीत गंझू ने जीएम से मिलकर बुके देकर दी बधाई

- लालजीत गंझू पचड़ा स्थित चंद्रगुप्त सीसीएल कंपनी में कर रहे हैं कमेटी का विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के टंडवा स्थित पचड़ा में संचालित कोल कंपनी चंद्रगुप्त सीसीएल के नव नियुक्त जीएम संजीव कुमार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय सदस्य सह आम्रपाली चंद्रगुप्त के मुख्य संयोजक मनोज चंद्रा द्वारा मनोनीत लालजीत गंझू ने अपने सहयोगियों के साथ मुलाकात कर व बुके देकर बधाई दी। लालजीत गंझू ने औपचारिक बातचीत में कहा कि कंपनी जीएम संजीव कुमार को यदि आवश्यकता पड़ी तो सहयोग किया जाएगा। परंतु प्रभावित विस्थापितों के हक और न्याय से समझौता नहीं किया जा सकता है। आपको बता दें कि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय सदस्य सह आम्रपाली चंद्रगुप्त के मुख्य संयोजक सह सिमरिया विधानसभा के झारखंड मुक्ति मोर्चा से चहेते विधायक उम्मीदवार मनोज चंद्रा द्वारा पगार निवासी लालजीत गंझू को कमेटी विस्तार के लिए जिम्मेवारी सौंपी गयी है, जो सीसीएल चंद्रगुप्त का कमिटी विस्तार करने के लिए लालजीत गंझू दिन-रात एक कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं ताकि विस्थापित, प्रभावित लाभान्वित लोगों को हक व न्याय मिल सके। मौके पर कोड़न साव, विराट दास, अक्षय गंझू, शिवा कुमार दास, मुकेश कुमार दास, बिटू यादव, प्रेम साव के अलावे बलदेव साव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात चोरों ने एक घर से लाखों रुपए सहित सोने के कई जेवरात का किया चोरी

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के जग बगीचा निवासी कौशल्या देवी के घर मे अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ नगद सहित लाखो रुपये के जेवरात ले उड़े। इस बावत पीड़िता कौशल्या देवी ने घाघरा थाने में लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि वह जग बगीचा में लगने वाले साप्ताहिक हाट गयी थी। इसी दौरान उसके घर का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने ऑटो खरीदने के लिए धीरे धीरे करीब डेढ़ लाख रुपये जमा किये थे जो बक्से में रखा था। जबकि उसकी ब्याहता पुत्री के बक्से में 30 हजार नगद कुल करीब एक लाख अस्सी हजार रुपये नगद दोनों बक्से का ताला तोड़ ले गए। गहना में सोने का दो मांगटीका, एक चैन, एक मंगलसूत्र, दो अंगूठी, नथिया, कनबाली सहित चांदी के बिछिया, पायल एवं अंगूठी घर से चोरों ने चुरा लिए। घटना की सूचना पर तुरंत घाघरा पुलिस घटना स्थल पहुँच मुआयना किया। पुलिस फिलहाल घटना की छानबीन में जुटी है।

### ट्रेलर वाहन ने ट्रैक्टर को मारा टक्कर ट्रैक्टर चालक सहित तीन घायल

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के पतराटोली में एक कोयला लदा ट्रेलर वाहन ने ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर का इंजन बीच सड़क में पलट गया। इस घटना में ट्रेक्टर चालक 35 वर्षीय भौला गोप पिता मंगरा गोप, मजदूर प 16 वर्षीय रोहित गोप व 18 वर्षीय राजकुमार गोप तीनों ग्राम भलमंडा आम्बाटोली निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा अनन फनन में तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ईंट लदा ट्रैक्टर मांझाटोली की ओर से रायडीह भलमंडा की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर के इंजन में चालक सहित दो लेबर बैठे हुए थे। तभी छत्तीसगढ़ की ओर से गुमला की ओर जा रहा कोयला लदा ट्रेलर ने रायडीह पतराटोली के समीप पीछे से जोरदार टक्कर मारा दिया। जिससे ट्रैक्टर का इंजन बीच सड़क में पलट गया।

### झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में हुआ कंबल वितरण

**लोहरदगा।** कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा मानवीय सरोकार का परिचय देते हुए लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में गरीब, असहाय, वृद्ध एवं विधवा महिलाओं के बीच डोर टू डोर कंबल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार गरीब, वंचित और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की सोच है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचे और कोई भी ठंड, भूख या अभाव के कारण पीड़ित न हो। झामुमो इसी भावना के साथ लगातार जनसेवा के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। कंबल वितरण का यह अभियान भी उसी संवेदनशील और जनहितकारी नीति का हिस्सा है। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बुजुर्गों और महिलाओं ने झामुमो नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में यह सहायता उनके लिए बहुत बड़ी राहत है। कार्यक्रम में झामुमो के प्रखंड एवं पंचायत स्तर के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुखिया व वार्ड सदस्य ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरित

**भंडरा लोहरदगा।** कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए सामाजिक सरोकार के तहत भंडरा प्रखंड के भैसमुंदो गांव में एक विशेष राहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली और वार्ड सदस्य कांति देवी के नेतृत्व में गांव के 20 असहाय, जरूरत मंद वृद्ध और आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।मौके पर मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि भीषण शीतलहर के इस मौसम में गरीब और असहाय परिवारों को सुरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन और पंचायत का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में ठंड से न ठिठुरे। कंबल वितरण का यह छोटा सा प्रयास उन लोगों के लिए है जो इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड में बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वार्ड सदस्य कांति देवी ने कहा कि पंचायत का विकास केवल सड़कों और भवनों से नहीं, बल्कि एक-दूसरे के दुख-सुख में भागीदार बनने से होता है। हमारी कोशिश है कि पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सामाजिक सहायता का लाभ पहुंचे। इस दौरान कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों ने मुखिया और वार्ड सदस्य के इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस ठिठुरती ठंड में यह कंबल उनके लिए एक बड़ा सहारा साबित होगा।

# सिखों के दशवें गुरू गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशपर्व श्रद्धा, उल्लास व समरसता के साथ मना

## शब्द-कीर्तन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के जीवन, त्याग, बलिदान और धर्मरक्षा के संदेशों को स्मरण किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


सामुहिक अरदास करते सिख समाज के सदस्य।


लंगर में शामिल लोग

**गुमला।** सिख समाज के दशवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह का पावन प्रकाशपर्व गुमला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर भक्ति, सेवा और भाईचारे की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का विधिवत पाठ संपन्न हुआ। इसके पश्चात आयोजित विशेष दीवान में शब्द-कीर्तन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के महान जीवन, त्याग, बलिदान और धर्मरक्षा के संदेशों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। कीर्तन की मधुर ध्वनि से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा और गुरुद्वारा परिसर वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सबके भलाई की भावना के साथ सामूहिक अरदास की गई। जिसमें समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और न्याय की कामना की गई। अरदास उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। जहाँ सभी जाति, वर्ग और धर्म के श्रद्धालुओं ने एक पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। यह दृश्य गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा प्रतिपादित समानता, भाईचारे और मानव गरिमा के संदेश को सजीव रूप में प्रस्तुत करता नजर आया। गुरु गोविंद सिंह जी का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। उन्होंने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, सत्य के लिए त्याग और धर्म की रक्षा का मार्ग प्रशस्त किया।

खालसा पंथ की स्थापना कर उन्होंने समाज को साहस, अनुशासन, आत्मसम्मान और समानता का संदेश दिया। चार साहिबजादों का अद्वितीय बलिदान आज भी यह प्रेरणा देता है कि धर्म और न्याय की रक्षा के लिए दिया गया त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाता। इस आयोजन का नेतृत्व पालकोट रोड गुरुद्वारा के प्रधान महेंद्र सिंह सचदेव, सेक्रेट्री रंजीत सिंह, गुरु गोविंद सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसवीर सिंह, सचिव गगनदीप सिंह मुख संरक्षक दिलदार सिंह ,गुरजीत सिंह, मनोहर सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, राजू सिंह, कमलेश कौर, कमलजीत कौर, परमजीत कौर, हेमा कौर, शालू कौर, सन्टी, बंटी, हरप्रीत,पप्पु, छोटू सहित समाज के अनेक बच्चे महिलाएं और पुरूष समेत वरिष्ठजनों ने किया।

कार्यक्रम के दौरान संगत ने गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# लापरवाही या सिस्टम का शिकार, डुमरी में टीकाकरण के बाद मासूम की मौत

## स्वास्थ्य विभाग पर उठे रहे हैं सवाल, बच्चे की मौत से ग्रामीण आक्रोशित

खबर मन्त्र संवाददाता


मृत बच्चा।


घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण

**डुमरी।** आकांक्षी प्रखंड डुमरी के लठाटोली गांव में सरकारी टीकाकरण अभियान के दौरान शनिवार को एक माह छह दिन के मासूम बच्चे की टीका लगाने के मात्र 90 मिनट के भीतर मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने न केवल एक परिवार का चिराग बुझा दिया है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था और टीकाकरण की सुरक्षा के दावों की भी पोल खोल दी है। परिजनों के अनुसार वे बच्चे को नियमित टीकाकरण के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर ले गए थे। वहां तैनात एएनएम सुषमा टोप्पो ने बच्चे को टीका लगाया। परिजनों का आरोप है कि टीका लगने के कुछ ही देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। शरीर में अकड़न आई और वह लगातार रोने लगा। आरोप है कि टीकाकरण के बाद जो अनिवार्य निगरानी होनी चाहिए थी, वह नहीं की गई। आक्रोशित परिजनों ने एएनएम पर सीधी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चे की स्थिति बिगड़ने पर न तो उसे तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया और न ही उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में आपातकालीन दवाओं और ऑक्सीजन जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। परिजनों ने कहा कि जब सरकार सुरक्षित टीकाकरण का दम भरती है, तो फिर हमारा बच्चा कैसे मर गया? अगर नर्स और विभाग थोड़ा भी जिम्मेदार होते, तो शायद मेरा बच्चा आज जीवित होता।

**एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और जांच में दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई: डॉ अलबेल :** मामले की गंभीरता को देखते हुए जब डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अलबेल केरकेट्टा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। संबंधित एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से लठाटोली और आसपास के क्षेत्रों में डर और गुस्से का माहौल है। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या यह जांच केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगी या वाकई गरीब परिवार को न्याय मिलेगा। चर्चा इस बात की भी है कि कहीं मामले को रफा-दफा करने की कोशिश तो नहीं होगी। फिलहाल ग्रामीणों ने आरोपी नर्स के तत्काल निलंबन और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि भविष्य में किसी और मासूम को अपनी जान न गंवानी पड़े।

## तेली समाज के लोग अपनी एकता व अखंडता को बनाये रखे: कलिंद्र साहु

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक रविवार को तेली छात्रावास गुमला में जिला अध्यक्ष कलिंद्र साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नव वर्ष के साथ उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए प्रारंभ किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदु जैसे संगठन की मजबूती, सामाजिक वनभोज, सामाजिक तेली जतरा, प्रखंड कमेटी गठन, युवा शक्ति, महिला मातृशक्ति को मजबूत करना, कोष मजबूती सहित अनेक बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस चर्चा में अनेक वक्ताओं द्वारा समाज को दशा दिशा देने का प्रयास किया गया। जिसमें समाज के संरक्षक हीरा साहू द्वारा सन 2000 में आरंभ किए गए तेली जतरा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किये। उन्होंने इस क्षेत्र का शक्ति प्रदर्शन जतरा में एक लाख का जुटान के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुमला के धरती में लाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष श्री कलिंद्र साहू ने तेली समाज के संगठन की संरचना पर गंभीर होते हुए प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष और उनकी कमेटी के लोगों का स्वागत करते हुए उनके कर्तव्य और अधिकार के संबंध में समझाएं। गुमला जिले में तेली महाजतरा एक पहचान बना हुआ है। उसमें बढ़ चढ़कर लोगों को अपने पारंपरिक सांस्कृतिक के साथ उपस्थित होने का आह्वान किया। साथ ही तेली समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने का अनुरोध करते हुए 11 जनवरी 2026 को बसिया स्थित बाघमुंडा पर्यटक क्षेत्र में सामाजिक वनभोज में सभी को गाजे बाजे के साथ उपस्थित होने का अनुरोध किये। गुमला जिला सहित पूरा झारखंड में तेली समाज को सशक्त बनाने का संकल्प और वचनबद्ध के साथ तेली एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। बैठक में श्यामसुंदर साहू, रामकृष्ण ओहदार, केसरी साहू, रामनाथ साहू ,नीलांबर साहू , दिनेश साहू, मदन साहू, सिद्धेश्वरी साहू, सुषमा देवी सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन रंधू साहू ने और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव राम कृष्ण ओहदार ने की।

## मसरिया डैम परिसर में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का बैठक सह वनभोज संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते समाज का सदस्य

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के मसरिया डैम के समीप राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन का बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि तेली-साहू समाज को संगठित होकर एक मंच पर आने की जरूरत है। तभी समाज की राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने युवाओं को शिक्षा और संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष गायत्री देवी ने अपने संबोधन में महिलाओं की भागीदारी, शिक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम है। वहीं प्रदेश कार्यकारि युवा अध्यक्ष मनोज साहू ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सदस्यता बढ़ाने और समाज की समस्याओं को एकजुट होकर प्रशासन के समक्ष रखने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत नागफेनी में चला सघन जांच अभियान

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर हुआ प्रहार, चालकों की हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता


वाहन चालक के शराब पीने की जांच करते परिवहन विभाग के कर्मी व उपस्थित डीटीओ

**गुमला।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत रविवार को गुमला जिला में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में नागफेनी स्थित विभिन्न ढाबा के समीप ड्रिंक एंड ड्राइव और सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान मुख्य रूप से मालवाहक वाहनों, बसों , कार और बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहनों को रोका गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन के जरिए चालकों की जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई शराब के नशे में वाहन तो नहीं चला रहा है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में अधिकतर मौतें शराब के सेवन और बिना हेलमेट वाहन चलाने के कारण हो रही हैं। उन्होंने आम जनों को जागरूक करते हुए कहा कि हेलमेट पहनने में लापरवाही बिलकुल भी न करें। भले ही आप राशन, सब्जी या दूध लाने जैसी छोटी दूरी के लिए ही घर से निकले हों। अनचाही दुर्घटना से मात्र हेलमेट ही आपको सुरक्षित रख सकता है। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि बाइक पर पीछे बैठने वाले अक्सर दुर्घटना का सबसे पहले शिकार होते हैं, इसलिए सुरक्षा के साथ समझौता न करें। जांच अभियान के दौरान स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यह अभियान अब जिले के सभी चौक-चौराहों पर लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कम से कम 10,000 रुपये का चालान एवं 3 महीने की कारावास या दोनों होगी। साथ ही 3 महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाएगा।

# वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हो ट्रेनों का परिचालन: सुखदेव

## लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने डीआरएम से की वार्ता

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** रांची से टोरी जाने वाली मेमू ट्रेन लोहरदगा दक्षिण कोयल में बने रेलवे पुल में कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण पूल के समीप ट्रेन घंटो खड़ा रहा जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेल विभाग ने लोहरदगा एवं टोरी जाने वाले ट्रेन का आवागमन को स्थगित कर दिया इस बात की जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत डीआरएम से वार्ता कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। सांसद ने कहा कि लोहरदगा मेमू ट्रेन लोहरदगा की लाइफ लाइन है प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। परिचालन बंद रहने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सांसद ने डीआरएम से कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ट्रेनों का परिचालन चालू रखें। डीआरएम ने सांसद को बताया की लोहरदगा रेलवे पुल में कुछ त्रुटियां पाई गई है इसलिए वे अभी लोहरदगा स्टेशन आने वाली ट्रेन को बंद करवाया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रत्येक दिन मेमो ट्रेन नगजुआ स्टेशन से रांची तक आवागमन करेगी। राजधानी ट्रेन को बड़काकाना टोरी होते हुए ट्रेन चलाया जाएगा। रांची सासाराम ट्रेन की भी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे एक सप्ताह पहले रेलवे ब्रिज का जायजा भी लिए थे। तकनीकी अधिकारियों को बुलाया गया है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगजुआ स्टेशन में टेंपो एवं बसों की संख्या बढ़ाने के प्रयास करें ताकि नागरिकों को असुविधा नहीं हो।

### केंद्र व राज्य सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन 16 जनवरी से: विजय

**गुमला।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल गुमला जिला लीडिंग टीम की महत्वपूर्ण बैठक गुमला स्थित स्टेडियम के पास महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित आईपीएफ के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन की शुरूआत करने का समय आ गया है। 16 जनवरी 2026 से गुमला जैसे पिछड़े जिले में चहुंओर फैली भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना कार्यक्रम आयोजित कर आंदोलन शुरू की जाएगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि जन विरोधी सरकार के विरुद्ध प्रचंड आंदोलन की तैयारी की जाएगी और हर स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए सभी मंच मोर्चा के नेताओं से कमर कस लेने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक संकट से उबारने तथा मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधा एवं हर हाथ को नौकरी या रोजगार मिले इसके लिए राज्यभर में होनेवाली देशव्यापी रोजगार व सामाजिक अधिकार अभियान के तहत सम्मेलन में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट, झारखंड नवनिर्माण दल, भाकपा (माले) रेड स्टार, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी जैसे कई पार्टी व संगठन शिरकत करेंगे।

### अज्ञात लोगों ने वाहन पर किया पत्थर से हमला

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के सिलाफारी गांव निवासी दिलीप कुमार साहु के वाहन पर शनिवार की रात सिसई रोड हवाई अड्डा के पास अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से हमला कर दिया। जिसे वे और उनके दो बच्चे बाल-बाल बच गये। दिलीप कुमार साहु ने बताया कि उनके बेटे को कुते ने काट लिया था। वे शाम 7 बजे अपने वाहन से सिलाफारी स्थित घर से अपने बेटों के साथ गुमला सदर अस्पताल एंटी रेबिज सुई लेने पहुंचे थे। लेकिन अस्पताल में एंटी रेबिज सुई नहीं मिलने पर बाहर दवा दुकान से सुई दिलाकर अपने घर लगभग 9 बजे लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने सिसई रोड हवाई अड्डा के पास उसके वाहन पर पत्थरों से हमला कर दिया। जिसे वाहन का शीशा टूट गया।

# रूहानियत व भाईचारे के पैगाम के साथ 101वें सलाना उर्स की तैयारियां शुरू

## पूर्व राज्यसभा सांसद से मिला अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा का प्रतिनिधिमंडल

खबर मंत्र संवाददाता


पूर्व राज्यसभा सांसद से मिलते अंजुमन के ओहदेदार।

**लोहरदगा।** रूहानियत, मोहब्बत, अमन और इंसानियत की पैगाम को आम करने वाले आलमे-ए-विलायत, हजरत बाबा दुखन शाह रहमतुल्ला अलैह के 101वें सलाना उर्स मुबारक को यादगार और पुरअमन ढंग से मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में उर्स मुबारक 12 से 15 जनवरी की बरकत भरी तैयारियों को लेकर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से उनके आवास पर अदब व एहतराम के साथ मुलाकात कर तफसीली बातचीत की। मुलाकात के दौरान उर्स मुबारक में होने वाली ज़ियारत, फातिहा, चादरपोशी, महफि ल-ए-नात व कव्वाली, जायरीनों की सहूलियत, साफ सफाई, रोशनी, पानी की व्यवस्था, अमन-ओ-अमान तथा प्रशासनिक तालमेल जैसे अहम बिंदुओं पर रूहानी वातावरण में चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने दरगाह शरीफ की ऐतिहासिक अहमियत, उर्स की रूहानी बरकतों और दूर-दराज से आने वाले जायरीनों की संख्या से अवगत कराते हुए सहयोग का निवेदन किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने औलिया-ए-किराम की दरगाहों को आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का मरकज बताते हुए 101वें सलाना उर्स मुबारक के कामयाब, सुव्यवस्थित और पुरअमन आयोजन के लिए हर मुमकिन सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने उर्स के सकुशल आयोजन के लिए अपनी नेक दुआओं से भी नवाजा। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी, सेक्रेटरी सैय्यद शाहिद अहमद बेलू, आरिफ हुसैन बब्लू, फिरोज शाह, अल्ताफ कुरैशी, मुजम्मिल अंसारी, नेहाल कुरैशी, यासीन कुरैशी, दानिस अली, सेराज अंसारी, परवेज सिद्दीकी सहित अन्य जिम्मेदारान मौजूद रहे। अंत में सभी ने दुआ की कि हजरत बाबा दुखन शाह रहमतुल्ला अलैह का 101वां सलाना उर्स मुबारक अमन, चैन, भाईचारे और रूहानी फैज का पैगाम लेकर आए तथा मुल्क और समाज में मोहब्बत व इंसानियत की खुशबू फैलाए।

## खुश माही रांची को हराकर लोहरदगा टीम बना विजेता

खबर मंत्र संवाददाता


विजेता टीम के खिलाड़ी।

**लोहरदगा।** इटकी रांची में आयोजित अंडर 14 क्रिकेट टूनामेंट में लोहरदगा की टीम बनी विजेता। खेले गए अंडर 14 क्रिकेट टूनामेंट अंडर में लोहरदगा वर्सेस खुश माही रांची क्रिकेट अकादमी के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें चार विकेट से लोहरदगा की टीम विजई रही। खुश माही की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। टीम के तरफ से अर्जुन ने नाबाद 65 तथा समीर ने 30 रन बनाएं। लोहरदगा की टीम के तरफ से केशव ने तीन विकेट, रणवीर ने दो विकेट तथा नितिन और आयुष ने एक-एक विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा की टीम 18.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 170 रन बना लिए। टीम के तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए नयन कुमार ने नाबाद 50 रन और नितिन ने 30 रन, तन्मय गुप्ता ने 30 रन बनाए। वहीं कुशवाहा क्रिकेट अकादमी की तरफ से फैजान ने दो विकेट तथा अर्जुन ने एक विकेट लिए शानदार बैटिंग के लिए नयन कुमार को फाइनल का मैन ऑफ द मैच दिया गया। फाइनल मैच के विजेता टीम लोहरदगा को 31000 रुपया के साथ ट्रॉफी दिया गया टीम के कोच जयजीत चौबे तथा अमित कुमार को क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने बहुत-बहुत बधाई दिए। इस शानदार जीत के लिए लोहरदगा उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह ने भी लोहरदगा अंदर 14 टीम को तथा उनके कोच को शुभकामनाएं दी। इधर लोहरदगा जिला के सचिव आलोक राय ने भी विजेता टीम और उनके कोचों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# पेसा नियमावली लागू होते ही आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम स्वशासन का नया अध्याय शुरू

## पेसा नियमावली अधिसूचित, पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को मिली निर्णायक ताकत

**जल-जंगल-जमीन पर अब ग्राम सभा का अंतिम फैसला, वन विभाग को भी लेनी होगी मंजूरी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** 29 साल के लम्बे संघर्ष, तपस्या और आदिवासियों के बलिदान का परिणाम है पेसा नियमावली का अधिसूचित होना। अब राज्य के 5वीं अनुसूची वाले इलाकों की ग्राम सभाओं को असीमित संविधानिक और कानूनी अधिकार प्राप्त हो गए हैं। इसे कम शब्दों में कहा जाए तो ग्राम सभाओं को विधायी, कार्यपालिक और न्यायपालिका की शक्ति प्राप्त है। अब प्राकृतिक संपदा यथा जल, जंगल, जमीन के जो अवैध दोहन, खनन, हस्तांतरण धड़ल्ले से हो रहे थे, उस पर ग्राम सभाएँ सर्वसम्मति से न्याय संगत फैसले लेंगी। लातेहार के बेतला ब्याघ्र परियोजना क्षेत्र में वन विभाग अपना एकक्षत्र राज समझता था, उसे भी सम्पूर्ण वन क्षेत्र में किसी भी तरह के परियोजना संचालित करनी है उसे ग्राम सभा से मंजूरी लेनी ही पड़ेगी।

**29 वर्षो के संघर्ष के बाद पेसा नियमावली अधिसूचित :** कार्यक्रम के प्रारम्भ में परम्परिक परिधान में सजी-धजी छोटी बच्चियाँ और महिलाओं ने गाजे-बाजे ढोल, नगाड़े, मांदर के साथ कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत कर उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया. इसी क्रम में केलसा नदी पर गाँव पाहन राजेश्वर सिंह ने अपने गाँव गम्हेल की आदिवासी रीति पूजा-पाठ कर जल, जंगल, जमीन के अवैध दोहन से बचाने की कामना की। बैठक में दलदलिया ग्राम सभा के अतिरिक्त कर्रवाई, गोइंदी, लोहरगडा सहित अन्य ग्राम सभा के सदस्य भी मौजूद थे। ग्राम स्वशासन अभियान से जुड़े मिथिलेश कुमार ने पेसा नियमावली के अंतर्गत ग्राम सभाओं द्वारा किए जाने वाले प्रशासनिक प्रक्रियाओं को बताया।

**मौके में मौजूद लोग :** कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान राजू उराँव, संध्या देवी, निर्मल बिरजिया, कमलेश सिंह, विमल तिग्गा, ग्राम स्वराज अभियान के विमल सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम का संचालन सोमवती देवी ने की।

### परंपरागत स्वागत और आदिवासी पूजा से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा अपने गाँवों में ग्राम सभा सचिवालय की स्थापना करेंगे। दस्तावेजों के दुरुस्त संधारण के लिए गाँव को ही सहायक सचिव का चयन करना है। ग्राम सभा बैठक का एक ही संवैधानिक पंजी होगा। जिसपर सभी तरह के ग्राम सभाओं द्वारा लिए गए निर्णयों को लिपिबद्ध किया जायेगा। जिस भी विभाग को प्रस्तावों की कॉपी लेनी होगी वो फोटो कॉपी का वास्तविक मूल्य जमा कर प्रस्तावों की कॉपी हासिल कर सकेंगे।

# बनहरदी कोल परियोजना के विस्थापित रैयतों की बैठक

## पेशा कानून के नए नियमों पर विस्तार से हुई चर्चा



बैठक करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बनहरदी कोल परियोजना अंतर्गत विस्थापित रैयतों की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम प्रधान रोबिन उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा पारित पेसा कानून के नए नियमों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम प्रधान रोबिन उरांव ने कहा कि पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को मिले नए अधिकारों से ग्रामीण सशक्त होंगे और ग्राम सभा की भूमिका को और अधिक महत्व मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया मजबूत होगी। नए नियमों को लेकर ग्रामीणों में उत्साह और हर्ष का माहौल देखा गया। बैठक में विस्थापित रैयतों ने बनहरदी कोल ब्लॉक के नाम पर लगातार हो रहे विस्थापन और उससे जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

रैयतों ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी समस्या जमीन संबंधी त्रुटियां हैं। इस संबंध में अंचल कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे ग्राम बारी के रैयतों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि पेसा कानून के तहत ग्राम सभा को मिले अधिकारों के माध्यम से अब उनकी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

बैठक में बेलाल अहमद, रमेश उरांव, हाजी हाशिम अहमद, अंसारी, जीते उरांव, रामसाहय उरांव, जितेंद्र उरांव, नेजाम मियां, शंकर सिंह, ताहिर अंसारी, तेतर मोची, प्रदीप भुइयां, धनलाल उरांव, सुरेश उरांव, इदरीस अंसारी, प्रभु यादव, शिबू सरदार, शमशेर अंसारी, परमेश्वर लोहरा, सहादेव उरांव, गोपाल ठाकुर, कंदरू मोची, रूपांति देवी, जात्री देवी, बसंती देवी, सकुंती देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# क्षेत्र की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता : प्रकाश राम



ग्रामीणों की समस्या का निवारण करते विधायक


खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** रविवार को लातेहार सदर प्रखंड के जालिम खुर्द के ग्राम जालिम गोवा शबानो बोरा गांव में लातेहार विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम भ्रमण किया। इस दौरान संबधित गांव के ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष बुनियादी समस्याओं को ध्यानाकृष्ट कराया। कई समस्याओं को विधायक ने ऑन स्पॉट सम्बन्धित पदाधिकारियों को फोन से बात कर समाधान किया। जबकि कई समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक राम ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को नजर अंदाज न करे इसे प्राथमिकता के तौर पर समस्या समाधान करे। ताकि ग्रामीणों के लिए क्षेत्र में बुनियादी सुविधा बहाल हो सके। इधर विधायक के भ्रमण कार्यक्रम से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार अनिल सिंह शंभू प्रसाद कपिल प्रसाद नीरज सिंह नरेश यादव विनोद प्रसाद सूरजदेव प्रसाद समेत अन्य कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# रांची-टोरी मेमू पैसेंजर का परिचालन रहा रद्द, यात्रियों को हुई परेशानी

## नगजुआ स्टेशन के समीप ट्रैक में तकनीकी खराबी, करीब 300 यात्रियों के टिकट वापस

खबर मन्त्र संवाददाता



ट्रेन रद्द होने के कारण परेशान यात्री

**चंदवा।** रांची-लोहरदगा-टोरी रेलखंड पर प्रतिदिन चलने वाली रांची-लोहरदगा-टोरी मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या 68027/68028 का परिचालन रविवार को अचानक रद्द कर दिया गया, जिससे सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा-नगजुआ के बीच स्थित ब्रिज संख्या 215 के समीप रेलवे ट्रैक में तकनीकी खराबी पाई गई, जिसके कारण मेमू पैसेंजर ट्रेन को नगजुआ रेलवे स्टेशन से ही वापस लौटा दिया गया। इस कारण ट्रेन का टोरी तक परिचालन नहीं हो सका। ट्रेन रद्द होने की सूचना सार्वजनिक होने से पहले ही बड़ी संख्या में यात्रियों ने टिकट खरीद लिए थे और यात्रा के लिए स्टेशन पहुंच चुके थे। जैसे ही ट्रेन के रद्द होने की जानकारी मिली, यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद यात्री टिकट काउंटर पर पहुंचकर टिकट वापस करने लगे। रेलवे द्वारा करीब 300 से अधिक यात्रियों के टिकट वापस किए गए। इस दौरान लगभग एक घंटे तक टिकट काउंटर पर भारी भीड़ देखी गई। अचानक ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में टोरी स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि उन्हें लगभग दोपहर 12 बजे ट्रेन के परिचालन नहीं होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल टिकट वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने बताया कि ट्रेन रद्द होने के पीछे तकनीकी कारण बताया गया है, हालांकि उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

## एक नजर में

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी ने गरीब असहाय के बीच किया कंबल वितरण

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद वृद्धों, महिलाओं एवं बेसहारा लोगों को कंबल प्रदान कर राहत पहुंचाई। कंबल वितरण के दौरान मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब व असहाय लोगों की मदद करना सामाजिक दायित्व है। झामुमो हमेशा से जनहित के कार्यों में आगे रहा है और आगे भी जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहेगा। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए झामुमो प्रखंड अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे।

### अलग-अलग दुर्घटना में तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में संजय गंझु 22 वर्ष पिता सुरु गंझु ग्राम बधार जिला चतरा निवासी बालूमाथ की ओर से अपने घर बधार जा रहा था। इसी दौरान बरनी पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। वहीं दूसरी घटना में बालूमाथ के टमटमटोला ग्राम के समीप अज्ञात वाहन के चकमे की वजह से जयप्रकाश भगत 40 वर्ष पिता झरी भगत ग्राम बिशनपुर थाना बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल से गिर गया और घायल हो गया। जयप्रकाश भगत बारियातू से अपने घर वापस बिशनपुर जा रहा था। वहीं तीसरी घटना में पांकी मोड़ के समीप अनियंत्रित हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार मनोज उरांव 25 वर्ष पिता हरिलाल उरांव ग्राम बालू थाना बालूमाथ निवासी को टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद सभी घायलो का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

### दूसरे दिन भी विस्थापितों का धरना जारी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोल परियोजना में विस्थापित ग्रामीणों ने धरना दिया। वही इसके अलावा बालूमाथ बसिया पंचायत के ट्रक मालिक लिफ्टर, डीओ होल्डर भी इस धरना का समर्थन करते हुए शामिल हुए। आयोजित धरना कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भूमि-रैयतों ने बताया कि तेतरियाखांड कोलियरी अंतर्गत पिंडारकोम गांव के 35 एकड़ रैयती जमीन पर सीसीएल अपना खनन, रोड, ट्रक पार्किंग कर अपने उपयोग में ला रही है। रैयती जमीन पर बने इस सड़क में कई बार इस में सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। वही कोलियरी से उड़ते धूल प्रदूषण के कारण लोग बीमारी से भी ग्रसित हो चुके हैं। इसकी शिकायत लिखित रूप से दर्जनों बार सीसीएल प्रबंधन को दी गई है। वही 35 एकड़ जमीन पर नौकरी मुआवजा की मांग लगातार की जा रही है। लेकिन सीसीएल द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर आगामी 16 जनवरी तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा वहीं उनकी मांगे नहीं माने जाने पर 17 जनवरी से भूख हड़ताल भी किया जाएगा। जिसकी सारी जवाब देही सीसीएल प्रबंधन की होगी। वही धरना पर बैठे रैयत महेंद्र भुईया,जोगेंद्र भुइयां, ,गणेश गंझु,बुधन यादव,अर्जुन राम,परदेशी राम,दिलीप समेंत कई लोग के नाम शामिल है।

### ठंड से राहत दिलाने के लिए अस्पताल में मरीजों को मिले कंबल, लोगों ने की सराहना

**बरवाडीह।** कड़ाके की ठंड के बीच मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए बरवाडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने शनिवार की रात बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच कंबल वितरित किया। अचानक मिली इस राहत से मरीजों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। अस्पताल में ठहरने वाले कई लोगों के पास ठंड से बचाव का पर्याप्त साधन नहीं था। ऐसे में कंबल मिलते ही सभी ने प्रवीण कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। मरीजों ने कहा कि इस सहयोग से उन्हें अत्यधिक ठंड में बड़ी मदद मिली है। इस दौरान प्रवीण कुमार ने कहा कि सर्द मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कमजोर और असहाय लोगों के लिए ऐसे जनसेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। कंबल वितरण के साथ ही मरीजों के लिए स्वच्छ पेयजल और हल्के नाश्ते की व्यवस्था भी की गई, जिससे उन्हें अतिरिक्त सुविधा मिली। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पहल को सराहनीय और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में दीपक सिंह, छोटू कुमार, हरीश कुमार, पप्पू गुप्ता और विक्की कुमार शामिल थे।

### जिला परिषद लातेहार की टीम बोधगया प्रशिक्षण के लिए हुई रवाना

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद की टीम बिहार के आईआईएम बोधगया में प्रशिक्षण के लिए रविवार को बालूमाथ से रवाना हुई। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद सरोज देवी, चंचला देवी संतोषी शेखर, जीरा देवी, बुद्धेश्वर उरांव विनोद उरांव, बलवंत सिंह, प्रियंका देवी, अनीता देवी समेत बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को प्रभावशाली नेतृत्व सुशासन योजनाओं के प्रबंधन एवं सामुदायिक भागीरदारी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण किया जाना है।

## सड़क सुरक्षा माह : संयुक्त वाहन जांच अभियान तेज

# ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट और ओवर स्पीडिंग पर सख्ती, 45 वाहनों का चालान

खबर मन्त्र संवाददाता



वाहनों की जांच करते डीटीओ

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान सड़क सुरक्षा माह के चौथे दिन जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संचालित किया गया। यह सघन जांच अभियान नेतरहाट-महुआडांड-कुटमू-मेदनीनगर मुख्य मार्ग सहित पिकनिक स्थलों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चलाया गया। जांच के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग और ट्रिपल लोड जैसे नियम उल्लंघनों की विशेष रूप से जांच की गई। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई और भविष्य में नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। अभियान के दौरान कुल 238 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 45 वाहनों पर चालान काटा गया। वहीं ड्रिंक एंड ड्राइव के तीन मामलों में वाहन जब्त किए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 32 वां स्थापना दिवस 30 को, बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार का 32 वां स्थापना दिवस आगामी 30 जनवरी को मनाया जायेगा। आयोजन की तैयारियों के लिए श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के कार्यकारिणी समिति की एक बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गयी। बैठक में 32 वें स्थापना दिवस के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। आगामी 28 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। जबकि 29 जनवरी को वेदी पूजन और दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा। जबकि 30 जनवरी को नौ कन्या पूजन के बाद अपराह्न 12 बजे से संध्या साढ़े चार बजे तक भंडारा और रात्रि नौ बजे से मंदिर परिसर में भगवती जागरण किया जायेगा। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए दायित्वों का बंटवारा भी किया गया। सचिव आशीष टैगोर ने पिछले वर्ष आयोजित किये गये कार्यक्रमो का विवरण प्रस्तुत किये। बैठक में मासिक दानपात्र भी खोला गया. कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह ने बताया कि इस माह दानपात्र व अन्य मद से कुल 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद ने सभी दायित्वों का निवर्हन पूरी निष्ठा के साथ करने की अपील की। समिति के उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल ने इस आयोजन को भव्य रूप देने एवं सामुहिक रूप से प्रयास कर सफल करने की बात कही। बैठक में सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, आकाश जायसवाल, दीपक विश्वकर्मा, पुजारी रामेश्वर पांडेय, प्रबंधक परितोष ठाकुर व सेविका रेखा देवी तथा वीरनाथ प्रजापति आदि मौजूद थे।

# मनिका पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को किया नष्ट



**मनिका।** मनिका थाना पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है,थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंकी पंचायत स्थित सेलदाग गांव में थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास के नेतृत्व में 2 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया है। वहीं लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मनिका प्रभात कुमार दास के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया,जहां पर सेलदाग गांव में वन भूमि एवं गैर मंजूरूआ भूमि पर लगाई गई 2 एकड़ पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया। वहीं थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध धंधे करने वाले पर मनिका पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है,इस तरह के गैर कानूनी कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा,हालांकि पोस्ता की खेती किसने की,यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है,पुलिस इसकी गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है। वहीं इस छापेमारी दल में थाना सब इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार,सत्येंद्र कुमार,समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## पीडीजे-सह-डालसा अध्यक्ष शेषनाथ सिंह के मार्गदर्शन में प्रभात फेरी आज

# नशा मुक्त बनाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध : शेषनाथ सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



लातेहार। माननीय नालसा एवं झालसा के निदेर्शानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह - अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री शेषनाथ सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत शोमवार को प्रभात फेरी के माध्यम से की जाएगी। यह अभियान 5 जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगी। यह प्रभात फेरी सुबह 9 बजे जिले मुख्यालय के निर्धारित मार्गों से होकर निकाली जाएगी, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के सदस्य, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थकर्ता, लीगल ऐड डिफेंस कॉंसिल के अधिवक्ता, पारा लीगल वालंटियर्स, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी सहित जिला प्रसाशन के अधिकारी शामिल होंगे। कार्यकम के बारे में जानकारी देते हुए पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रभात फेरी के दौरान नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशा मुक्त युवा–सशक्त भारत जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला के अंतिम व्यक्ति तक नशा के दुष्प्रभावों के बारे में बताकर उन्हें जागरूक किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार द्वारा यह अभियान समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राधिकार द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस प्रभात फेरी में शामिल होकर नशा मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाएं।

### पूरे सप्ताह होंगे कई कार्यक्रम

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा नशा छोड़ो, जीवन जोड़ों के थीम पर चलाये जा रहे इस नाश मुक्त भारत अभियान में पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। इसमें रैली, प्रभात फेरी, नुकड़ नाटक, बैनर-पोस्टर, जागरूकता शिविर, निबंध, भाषण प्रतियोगिता आदि जैसे कार्यक्रम किये जायेंगे।

# सोहराय पोरोब संताल आदिवासियों का है सबसे बड़ा पर्व: शिवा बास्की

## दिसोम मांझी थान में धूमधाम से मना दिसोम सोहराय पोरोब

खबर मन्त्र संवाददाता




परांपरिक नृत्य प्रस्तुत करती महिलाएं एवं पूजा-अर्चना करते अतिथि व अन्य

**दुमका।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति की ओर से अतांग दाराम दिसोम सोहराय पोरोब धूमधाम व हर्षोल्लास से रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व में आयोजित हुई। सुबह 8 बजे स्नान कर नायकी बाबा सीताराम सोरेन के अगुवाई में गोट टांडी में विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया।

इसके बाद बलि के रूप में दिया गया मुर्गा का खिचड़ी बना कर प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। मांझी बाबा श्री टुडू ने कहा कि सोहराय पर्व मूल रूप से सोहराय चांदो (अक्टूबर) में मनाया जाता है। लेकिन संताल विद्रोह (1855-56) में मार्शल लॉ के कारण संताल परगना क्षेत्र में पूस चांदो (जनवरी) में धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झामुमों जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की, विशिष्ट अतिथि सीओ, सदर दुमका अमर कुमार, दिलीप बेसरा, संताली साहित्यकार मान चुंडा सोरेन 'सिपाही' मसलिया प्रमुख बासु टुडू, शिकारीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेम्ब्रम और रामकृष्ण हेम्ब्रम मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री बास्की ने कहा कि मान्यता है कि सोहराय पोरोब संताल आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व है। जिसका तुलना हाथी के साथ किया गया है। सोहराय पर्व पांच दिन तक मनाया जाता है। पहला दिन उम माहा, दूसरा दिन बोंगा/दाकाय माहा, तीसरा दिन खूंटाव माहा, चौथा दिन जाले माहा और पांचवां या अंतिम दिन हाकू काटकोम के रूप में मनाया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी मिल-जुल कर इस सोहराय पर्व को हर्षोल्लास से मनाते हुए समाज में भाईचारा कायम रखने का अपील किया। इस अवसर पर संताल परगना के विभिन्न हिस्सों से मांझी बाबा और आतो मोड़ें होड़ शामिल हुए। साथ ही आसपास के गावों से युवक-युवतियां और छात्र-छात्राएं भी पारंपरिक वेशभूषा में सोहराय नृत्य का खूब आनंद लिया। मौके पर समिति सदस्य सुरेशचंद्र सोरेन, निलेश हांसदा, टेकलाल मरांडी, ईमेल मरांडी, लैंड मुर्मू, सुनील मरांडी, दीपक हेंब्रम, मोहन टुडू, प्रेम हांसदा, सीमांत हांसदा, शिव सोरेन, संदीप मुर्मू, सनी बेसरा, अंजनी बेसरा, पिंकी, शमीर्ला हेंब्रम, ऊषा किरण किस्कू, झुमरी सोरेन, सीमा सोरेन, लवकिशोर टुडू, लक्ष्मण हांसदा आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रेन से कटकर 30 वर्षीय युवक ने दी जान

**दुमका।** जिले के दुमका-हंसडीहा रेलखंड के बीच नोनीहाट रेलवे स्टेशन से लगभग 3 किलोमीटर पहले भण्डारो गाँव के समीप इलेक्ट्रिक पोल संख्या 94/3 के समीप रविवार दोपहर करीब 11:15 बजे गोड्डा सियालदह पैसेंजर ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही रामगढ़ पुलिस को मिली। पुलिस की गश्ती दल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए कागजी प्रक्रिया कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के नायचक गांव निवासी 30 वर्षीय सोबान मुर्मू (30), पिता लखीराम मुर्मू के रूप में हुई। मृतक के पिता ने बताया कि घर में आपसी वाद-विवाद के कारण यह घटना घटी। मृतक अपने पीछे माता-पिता एवं पत्नी को छोड़ चले गये। घटना से पूरे परिवार में मातम पसरा है।

### पांच पुलिस पदाधिकारियों का हुआ फेरबदल

**दुमका।** दुमका जिला में इंस्पेक्टर और दारोगा स्तर के पांच पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हुआ। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने शनिवार को देर रात पुलिस पदाधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया। दुमका मुफस्सिल थाना और तालझारी थाना के थाना प्रभारी भी बदल दिए गए हैं। जबकि चर्चित हंसडीहा थाना में नए थाना पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। तालझारी के थाना प्रभारी अजीत कुमार यादव को हंसडीहा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। अजीत कुमार यादव की जगह दुमका टाउन थाना के एसआई संगम पाठक को तालझारी थाना का थाना प्रभारी बनाया गया है।

### निकाय चुनाव को लेकर भाजपा बासुकीनाथ मंडल की बैठक आहुत

**दुमका।** प्रदेश कमेटी के निदेर्शानुसार रविवार को भाजपा की बासुकीनाथ नगर इकाई की बैठक आहूत हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पूनम देवी ने की। बैठक में नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर कराए जाने एवं एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान कराए जाने के विषय पर प्रमुख रूप से केंद्रित था।

### झारखंड स्टील वर्कर्स यूनियन ने बीएसएल निदेशक प्रभारी को दी बधाई

**बोकारो।** झारखण्ड स्टील वर्कर्स यूनियन बोकारो के प्रतिनिधिमण्डल ने बोकारो इस्पात संयत्र के नव नियुक्त निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन से मुलाकात कर उन्हें बधाई देते हुवे संयत्र के उत्पादन सुरक्षा नगर सेवा भवन संयत्रकर्मी के उतरदायित्व पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सरयू केवट महामंत्री अजय कुमार सिंह उपाध्यक्ष लोकेश दे संयुक्त महामंत्री दीपक कैवर्त सचिव सुकदेव सिंह संगठन सचिव संदीप कैवर्त रमेश महतो रंजीत कुमार सुशील कुमार बाबुल कुमार राजेंद्र कुमार इलेक्सजेंडर सीरील व यूनियन के पदाधिकारी महेश सिंह एसपी रजवार मिठू महतो आदि शामिल थे।

### दहेज की आग ने ली फिर एक गर्भवती महिला की जान

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के अंगवाली गांव में दहेज की भूख ने एक गर्भवती महिला की जान ले ली। दहेज के लिए ससुराल पक्ष द्वारा महिला को जिंदा जलाकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस अमानवीय घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतू कुमारी(29) की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व अंगवाली निवासी विनोद रविदास के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद से पति समेत ससुराल के लोग दहेज की मांग को लेकर नीतू को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना के चलते कई बार सामाजिक स्तर पर समझौता भी कराया गया, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि 18 दिसंबर को नीतू कुमारी जब रसोई में खाना बना रही थी, तभी पीछे से उस पर आग लगा दी गई।

## एक नजर में

### रानीश्वर के रखाल पहाड़ी गांव में साप्ताहिक मांझी थान पूजा की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के रानीश्वर प्रखंड के रखाल पहाड़ी गांव में ग्रामीणों के पहल पर संताल आदिवासी समुदाय ने पारंपरिक पूजा स्थल मांझी थान में सप्ताहिक पूजा शुरू किया। इस अवसर पर समाजसेवी सच्चिदानंद सोरेन और गांव के मंझी बाबा, नायकी, गुडित, जोग मंझी, प्राणिक एवं कुडम नायकी उपस्थित रहे। पूजा के पूर्व मांझी थान का साफ-सफाई किया गया। इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार धूप, अगरबत्ती, जल, लड्डू, चुड़ा आदि ईष्ट देव मरांग बुरू को अर्पण किया। ग्रामीणों ने हर रविवार को सामूहिक रूप से मंझी थान में पूजा-अर्चना करने की बात कही। वर्तमान समय में धार्मिक आस्था और संस्कृति को बनाये रखने के लिए साप्ताहिक सामूहिक पूजा आवश्यक बताया। ग्रामीणों के अनुसार पूजा का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक एकता, आध्यात्मिक शांति और सांस्कृतिक विरासत को संयोजना बताया। यह पहल खासकर युवा पीढ़ी और बच्चों को परंपरा से जोड़ने के लिए की गयी है। जिससे वे अपने रीति-रिवाजों को समझें और उसका सम्मान एवं गर्व अनुभव करे। पूजा सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे गांव व परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और भाईचारा बढ़ेगा। पूजा में बच्चों का समग्र विकास के लिए ईष्टदेव मरांग बुरू से विशेष प्रार्थना भी किया गया। जिसमे नशा नहीं करने, स्कूल जाने, माता-पिता और बुजुर्गो का सेवा व सम्मान करना आदि शामिल है। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया गया। पूजा में अनिल हेम्ब्रम, मिसिल टुडू, अमीन मुर्मू, आनंद टुडू, मलुती हेम्ब्रम, ईश्वर हेम्ब्रम, मानेस्वर टुडू, सुजीत हेम्ब्रम आदि मौजूद रहे।

# कोयला लदी हाइवा ने कार को मारी टक्कर

## दो घंटे तक सड़क पर चलता रहा हाई वोल्टेज ड्रामा, स्टेट हाइवे रही जाम

➡ थाना प्रभारी के समझाने के बाद दो घंटे बाद हटा जाम

खबर मन्त्र संवाददाता




पेड़ से बंधा चालक, लोगों को समझाते थाना प्रभारी, दुर्घटनाग्रस्त कार व हाईवा

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर बजरंगबली मंदिर के समीप स्टेट हाइवे पर एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। दुर्घटना में आई 20 कार एक तरफ क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने हाइवा चालक को पकड़ लिया और खजूर के पेड़ में बांधकर पिटाई कर दिया। हालांकि सूचना मिलने के बाद गोपीकांदर पुलिस मौके पर पहुंच चालक को बंधक से मुक्त करा कर थाना ले आयी। करीब दो घंटे तक सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा चली और स्टेट हाइवे जाम रही। थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने कार सवार को समझा-बुझाकर शांत करा जाम को हटवाया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को थाना ले गई। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि कार सवार राधे श्याम मंडल सह परिवार पाकुड़ से दुमका के चूटोनाथ पूजा करने जा रहा था। इसी बीच कोयला लेकर हाइवा दुमका रैक जा रहा था। कार में दो महिला, दो पुरुष और चार बच्चे शामिल थे। राधेश्याम ने बताया कि वह लोग गोपीकांदर के पहले बने ब्रेकर से पहले कोयला लदे हाइवा को साइड लेने के लिए हॉर्न दे रहे है, लेकिन वह साइड नहीं दिया। बाद में वह दूसरे साइड लेकर निकले लेकिन हाइवा फिर से आगकर कर दाहिने ले लिया। हॉर्न मारने के बाद भी चालक ने दाहिने मोड़ने नहीं छोड़ा। कार हाइवा के बीच वाले पहिया के चपेट में आ गया। गनीमत थी कि सड़क पर सामने कुछ लोग थे जो हाइवा के सामने आकर रुकने का इशारा किया नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

**अधिकांश हाइवा के पीछे का नंबर प्लेट पर जमा रहती है धूल :** डब्ल्यूपीडीसीएल का कोयला ढुलाई में लगे हाइवा वाहनों से आए दिन दुर्घटना होती रही है। इसको लेकर कई बार पुलिस पदाधिकारियों ने स्पीड ब्रेकर बनाए, निगरानी रखी और चालान भी काटा लेकिन हाइवा चालकों को इससे कान में जू तक नहीं रेंग रहा है। आए दिन हाइवा का तेज गति और ओवरटेक करने के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। दर्जनों लोगों ने अब तक हाइवा दुर्घटना से जान गवा चुके है। आपको बता दें कि कोयला ढुलाई में लगे हाइवा का पीछे लगे नंबर या तो धूल से लतपत दिखेगी या फिर मिटा दिया जाता है। बताया जाता है इसे हाइवा को दुर्घटना के बाद भागने में आसानी होती है। कोयला ढुलाई में लगी हाइवा वाहनों में सिर्फ सामने सीसे में लगे नंबर ही स्पष्ट दिखेगा, लेकिन पीछे और डाला पर लिखा हुआ नंबर रगड़कर मिटा दिया जाता है।

## सर्वे के बाद असुरक्षित इमारतें होंगी ध्वस्त

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-1बी में हाल ही में हुए भवन गिरने के भयावह हादसे ने जिला प्रशासन की नींद उड़ा दी है। इस घटना में हुई संपत्ति की क्षति और कई लोगों के घायल होने के बाद अब प्रशासन ने जिले भर के जर्जर और असुरक्षित भवनों को लेकर बेहद सख्त रुख अपना लिया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने व्यापक और कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं जिससे अब जर्जर सरकारी और आवासीय संरचनाओं पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। उपायुक्त सह प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय नाथ झा ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले के सभी सरकारी भवनों कार्यालयों आवासीय क्वार्टरों छात्रावासों और अन्य संरचनाओं का तत्काल भौतिक निरीक्षण एवं संरचनात्मक सुरक्षा सर्वेक्षण कराया जाएगा। जो भवन जर्जर क्षतिग्रस्त या असुरक्षित पाए जाएंगे उनकी शीघ्र मरम्मत सुदृढ़ीकरण या रेट्रोफिटिंग अनिवार्य रूप से की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सीधी चेतावनी दी है कि रिपोर्टिंग में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पत्थर खदान कंपनी ने दिखाया सामाजिक सरोकार, जरूरतमंद महिलाओं के बीच बांटी साड़ियां



महिलाओं के बीच साड़ी वितरण करते निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** नए साल के आगमन के उल्लास के बीच लाइम्सवुड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, शिकारीपाड़ा ने सामाजिक उत्तरदायित्व की एक मिसाल पेश की है। कंपनी के हथबाड़ी स्थित पत्थर खदान के निदेशक अविनाश कुमार ने रविवार को खदान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हथबाड़ी गांव की सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया।

नए साल के उपहार से खिले महिलाओं के चेहरे कड़ाके की ठंड और नए साल के अवसर पर कंपनी की ओर से मिले इस विशेष उपहार को पाकर ग्रामीण महिलाओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 पीस साड़ियों का वितरण किया। उपहार पाकर महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए कंपनी के इस कदम की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक अविनाश कुमार ने कहा कि वे केवल व्यापार ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने को भी अपनी प्राथमिकता मानते हैं।

उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य जारी रखने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों और स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने निदेशक की इस पहल को काफी सराहनीय बताया। खुशी का माहौल नया साल कंपनी की तरफ से मिले इस उपहार ने गांव की महिलाओं के लिए उत्सव को और भी खास बना दिया। वितरण समारोह के दौरान कंपनी के कर्मी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा के लिए बोकारो पुलिस ने चलाया सघन 'रोको-टोको' अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए उपायुक्त अजय नाथ झा के कड़े निदेर्शानुसार बोकारो स्टील सिटी के एलआईसी मोड़ सेक्टर-5 हटिया चौक सहित शहर के तमाम मुख्य चौक-चौराहों पर जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा सघन रोको-टोको अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस और सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने दो पहिया वाहनों को रोककर हेलमेट और आवश्यक कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस वाहन पंजीकरण इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट की गहन जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को गुलाब का फूल भेंट किया गया और कुछ को तो फूलों की माला पहनाकर यह एहसास कराया गया कि उनकी सुरक्षा उनके परिवार के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। पुलिस अधिकारियों ने चालकों को समझाया कि भविष्य में ऐसी गलती न दोहराएं और जब भी घर से दो पहिया वाहन लेकर निकलें तो सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट और जूते पहनना कभी न भूलें। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देना और सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर लगाम लगाना है। प्रशासन की इस पहल का मकसद अनुचित ड्राइविंग और नियमों के उल्लंघन पर कड़ा नियंत्रण रखना है ताकि लोग स्वेच्छा से नियमों का पालन करें।

बीएसएल में 'अभिव्यक्ति' के माध्यम से शीर्ष प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच संवाद कार्यक्रम

## सुरक्षा है सर्वोपरि, शून्य ब्रेकडाउन के साथ उत्पादन में वृद्धि करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: डीआई प्रिय रंजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित संवाद कार्यक्रम- अभिव्यक्ति में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 280 अनाधिशासी कर्मचारियों ने सहभागिता की। बतौर मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक-प्रभारी प्रिय रंजन उपस्थित रहे। उनके साथ ईडी-एचआर राजश्री बनर्जी ईडी-माइंस विकास मनवटी ईडी-एमएम सीआर मिश्रा ईडी-प्रोजेक्ट अनीष सेनगुप्ता ईडी-वर्क्स अनूप कुमार दत्त ईडी-एमएस डॉ बीबी करुणामय सीजीएम-प्रभारी व एक्टिंग ईडी-एफ एंड ए एसके भारद्वाज सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों के सीजीएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक-प्रभारी प्रिय रंजन ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई एवं कहा कि संयंत्र की सतत प्रगति के लिए सुरक्षा सर्वोपरि है तथा शून्य दुर्घटना व शून्य ब्रेकडाउन के लक्ष्य के साथ उत्पादन में वृद्धि करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कौशल दक्षता एवं कार्य-प्रणालियों के माध्यम से संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्रिय योगदान दें। मंचासीन अन्य ईडी ने भी कर्मचारियों को प्लांट की निरंतर प्रगति में अपनी भूमिका सुदृढ़ करने का संदेश दिया। संवादात्मक सत्र के दौरान कर्मचारियों ने अपने विचार सुझाव एवं अनुभव साझा किए।

## आनंद नगर में महिला पौरोहित्य ने संपन्न कराए 15 विप्लवी विवाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** इस्पातनगरी के निकटवर्ती आनंद नगर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 15 जोड़ों का विप्लवी विवाह अत्यंत सादगी और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवमयी वैवाहिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसे महिला पौरोहित्य द्वारा संपन्न कराकर समाज में महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त संदेश दिया गया। इस वैवाहिक कार्यक्रम में वर पक्ष से आचार्य विनीत कुमार देव और वधू पक्ष से आनंद मार्ग की महिला पौरोहित्य अवधूतिका आनंद चित्रप्रभा आचार्या उपस्थित थीं। नवदंपतियों ने पौरोहित्य के साथ बारी-बारी से तीन बार मंत्रों का उच्चारण किया और उपस्थित जनसमूह को साक्षी मानकर परम ब्रह्म तथा मार्ग गुरुदेव के नाम पर सुखमय जीवन की शपथ ली। विवाह की रस्मों के दौरान जोड़ों ने तीन बार एक-दूसरे को माला पहनाकर वरमाला का आदान-प्रदान किया। मौके पर महिला पौरोहित्य ने कहा कि जाति-पाति रंगभेद नस्लवाद और दहेज जैसी कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए ही इन अंतरजातीय क्रांतिकारी विवाहों का आयोजन किया गया है। आनंद मार्ग प्रचारक संघ की अवधूतिका आनंद आराधना आचार्या ने कहा कि महिलाओं को भौतिक स्तर के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी विकसित होने का अवसर मिलना चाहिए। अब महिलाएं विवाह- दाह संस्कार और श्राद्ध कर्म जैसे धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न करा सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष समाज रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं और दोनों के समान अधिकार के बिना समाज का सर्वांगीण उत्थान संभव नहीं है।

# नगर निकाय चुनाव समेत विभिन्न मुद्दे को लेकर भाजपा धरना प्रदर्शन करेगी सात जनवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते भाजपा दुमका नगर इकाई

**दुमका।** भाजपा नगर इकाई बैठक रविवार को परिसदन भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष गौरवकांत एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल उपस्थित रहे। बैठक में नगर निकाय चुनाव समेत विभिन्न मुद्दे को लेकर एक दिवसीय महाधरना कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में नगर निकाय चुनाव अविलंब कराने, चुनाव दलीय आधार पर कराने एवं ईवीएम से मतदान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 5, 6 एवं 7 जनवरी को लेकर आयोजित प्रदेश के सभी नगर निकायों में चरणबद्ध रूप से एक दिवसीय महाधरना कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसी क्रम में दुमका नगर में प्रस्तावित धरना कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने कहा कि हेमंत सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के उद्देश्य से नगर निकाय चुनाव को लगातार टालने और जनता अपने प्रतिनिधि चुनने के अधिकार से वंचित रखने का आरोप लगाया। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर सरकार को जगाने का काम करेगी। इस अवसर पर कार्यसमिति सदस्य श्री मंडल ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को दलीय आधार पर एवं ईवीएम से कराना पारदर्शिता और जनविश्वास के लिए आवश्यक है। राज्य सरकार की नीयत स्पष्ट नहीं है, इसलिए भाजपा चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से जनदबाव बनाकर सरकार को निर्णय लेने के लिए बाध्य करेगी। वहीं नगर अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि दुमका नगर की जनता लंबे समय से नगर निकाय चुनाव की प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन राज्य सरकार जानबूझकर चुनाव टालकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। भाजपा जनहित और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। आगामी 7 जनवरी का धरना इस दिशा में एक निर्णायक कदम होगा। बैठक में पुराने समाहरणालय परिसर में धरना कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अंजुला मुर्मू, अमिता रक्षित, मनोज पाण्डेय, मार्शल ऋषिराज टुडू, बबलू मंडल, पिंटू साह, सोनी हेंब्रम, नवल किस्कू, अनुज आर्या, रूपेश मंडल, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डीसी आवास में प्रशिक्षु पदाधिकारियों का विदाई समारोह, स्मृति चिन्ह किया भेंट



**बोकारो।** प्रशिक्षु पदाधिकारियों के विदाई समारोह के दौरान उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने जिले में कार्य के दौरान अपने प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारियों के लिए व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में संवेदनशीलता पारदर्शिता त्वरित निर्णय क्षमता एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। प्रशिक्षु पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर जाकर समस्याओं को समझने टीम भावना के साथ कार्य करने तथा विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सतत प्रयास करने की सलाह दी। मौके पर एसपी हरविंदर सिंह डीडीसी शताब्दी मजूमदार आदि पदाधिकारियों ने भी क्रमवार अपने प्रशासनिक अनुभव साझा किया। प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने बोकारो जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान मिले सहयोग मार्गदर्शन एवं सीख के लिए समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में घायलों को बचायें 25 हजार रुपये पायें




**नयी दिल्ली।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को बचाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने लोगों से बिना डरे आगे आने की अपील की है। सड़क दुर्घटना के शुरुआती एक घंटे (गोल्डन आवर) में घायलों की मदद करने वाले राहवीर को कानूनी कार्रवाई, पुलिस हिरासत और व्यक्तिगत विवरण साझा करने की बाध्यता से पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। सरकार ऐसे मददगारों को घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने पर 25000 रुपये नकद पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाणपत्र दे रही है। एक व्यक्ति को साल में 5 बार तक यह सम्मान दिया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पहले कहा था कि सड़क दुर्घटनाओं से भारत को जीडीपी का करीब 3 प्रतिशत नुकसान होता है। मंत्रालय ने कहा कि कई मौतें समय पर मदद न मिलने से होती हैं क्योंकि बायस्टैंडर्स पुलिस और कानूनी डर से हिचकिचाते हैं। मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की कि दुर्घटना देखते ही बिना डर मदद के लिए आगे आएं, क्योंकि राहवीर बनकर उठाया गया एक कदम किसी की जान बचा सकता है।

### दुर्गावती नदी पर बनेगा नया पुल

**सासाराम।** रामपुर प्रखंड के सबारगढ़ में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत दुर्गावती नदी में पुल निर्माण किया जाएगा। इस पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराया जाएगा। इसकी लंबाई 111.6 मीटर और पहुंच पथ का लंबाई 280 मीटर होगी। जिसकी लागत 7 करोड़ 72 लाख होने वाली है। बोर्ड के अनुसार पुल का निर्माण 23 सितंबर 2025 को ही शुरू होना था, लेकिन अब तक पुल का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। लेकिन बोर्ड लगाने के बाद मिट्टी की जांच विभागीय अधिकारियों द्वारा नदी के दोनों से किनारे कराया गया।

### राम रहीम को 40 दिन की मिली पैरोल

**रोहतक/सिरसा।** दो साध्वियों से दुष्कर्म और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या जैसे गंभीर मामलों में दोषी ठहराए जा चुके गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल दी गई है। रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहे राम रहीम की यह 15वीं जेल रिहाई होगी। इससे पहले 15 सितंबर को भी उसे 40 दिन की पैरोल मिली थी। इससे पूर्व 21 दिन और चालीस दिन की पैरोल अवधि के दौरान भी राम रहीम सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा परिसर में ही रहा था।

### कुख्यात अपराधी विजय पांडे गिरफ्तार

**बक्सर।** जिले के टॉप-10 कुख्यात अपराधियों में शामिल 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी विजय पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। रविवार को डुमरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी विजय पांडे, ग्राम पोखरहा, थाना बगेन गोला, जिला बक्सर का रहने वाला है। वह हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन आपराधिक मामलों में वांछित था।

### पटना में हथियार के साथ 11 अपराधी गिरफ्तार

**पटना।** गौरीचक थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। सिटी एसपी (पूर्वी) ने रविवार को बताया कि शनिवार को सूचना मिली थी कि अण्डारी में कुछ अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन कर उक्त गांव में छापामारी की गई। पुलिस ने 11 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

# भैरव बटालियन राजस्थान में तैनात

## कमांडो को दी गयी ऑपरेशन की ट्रेनिंग

- जयपुर में 14 जनवरी को सेना दिवस परेड में प्रदर्शन करेगी बटालियन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की सुरक्षा और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय सेना ने एक स्पेशल फोर्स तैयार की है, जिसका नाम भैरव रखा गया है। राजस्थान के नसीराबाद में तैनात यह फोर्स एक लाख से ज्यादा ड्रोन संचालित करेगी, जिसके लिए कमांडो को तैयार किया गया है। इन्हें ड्रोन संचालित करने और दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने की ट्रेनिंग दी गई है, जिससे आज के समय के युद्ध के हालात में भारतीय सेना की काबिलियत बढ़ती है। नसीराबाद में तैनात भैरव बटालियन के एक कमांडिंग ऑफिसर का कहना है कि आजकल की लड़ाई बहुत तेजी से बदल रही है। आज की लड़ाइयां हाइब्रिड होती हैं और चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक से पूरी तरह लैस होना जरूरी है। इसीलिए भैरव बटालियन को आधुनिक तकनीक, नई सोच और नई ऑपरेशनल जरूरतों के हिसाब से बनाया गया है। भारतीय सेना ने आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक लाख से ज्यादा ड्रोन संचालकों का समूह बनाया है। भैरव बटालियन जयपुर में इस साल 14 जनवरी को सेना दिवस परेड में अपने प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि भैरव बटालियन को युद्ध के नए तौर-तरीकों के लिए प्रशिक्षित किया गया है। बटालियन में विशेष रूप से प्रशिक्षित घातक कमांडो इकाइयां हैं, जिन्हें पारंपरिक पैदल सेना और विशिष्ट पैरा-स्पेशल फोर्सेज के बीच की खाई को पाटने के लिए बनाया गया है, ताकि वे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज, उच्च-प्रभाव वाले और क्रॉस-बॉर्डर ऑपरेशन कर सकें। इनमें आधुनिक तकनीक और ड्रोनों (जैसे अस्त्रों) का इस्तेमाल किया जाता है। ये बटालियन दुश्मन के ठिकानों पर डीप स्ट्राइक करने, टोही और घुसपैठ करने में माहिर होती हैं, जिससे एलीट स्पेशल फोर्सेज को अधिक जटिल मिशनों के लिए मुक्त रखा जा सके। सेना 25 भैरव बटालियन बना रही है, जिनमें से पहली बटालियन पिछले साल नवंबर में तैनाती के लिए तैयार हो गई थी और बाकी को तैयार किया जा रहा है। सामान्य तौर पर सेनाओं में अलग-अलग हथियारों, सिग्नल आदि की अलग-अलग इकाइयां होती हैं, जिन्हें युद्ध के दौरान सभी को साजो-सामान लेकर डटना होता है। अब नई बनाई गई प्रत्येक भैरव बटालियन में लगभग 250 सैनिक होंगे, जिनमें पैदल सेना, तोपखाने, सिग्नल और वायु रक्षा जैसी विभिन्न शाखाओं के जवान शामिल होंगे। यह जवान विशेष रूप से प्रशिक्षित और सुसज्जित सैनिक तोपखाने से लैस होंगे और उनके पास विमान-रोधी मिसाइलें भी होंगी।

### 25 और उत्कृष्ट बटालियन बनेगा

सेना की इन्फैंट्री के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने बताया कि भारत अगले छह महीनों में 25 उत्कृष्ट भैरव बटालियन स्थापित करेगा। पांच भैरव बटालियन गठित कर दी गई हैं और उन्हें इच्छित परिचालन क्षेत्रों में तैनात कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह बल पैदल सेना बटालियनों और विशेष बलों, कमांडो बटालियनों के बीच की खाई को पाटने, चुनौतियों का सामना करने के लिए बनाया गया है।



## ऑपरेशन के लिए तैयार रहे वायु सेना : एयर चीफ

- डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ कामत ने स्वदेशी तकनीक विकसित करने पर दिया जोर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) की दो दिवसीय नेशनल सेमिनार एयरोनॉटिक्स 2047 रविवार को बेंगलुरु के सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स में शुरू हुई। सेमिनार के में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक बार फिर स्वदेशी हथियारों की समय पर आपूर्ति करने पर जोर दिया है। उन्होंने एडीए को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस की उड़ान के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी और आज के लगातार बदलते समय में वायु सेना को ऑपरेशनली तैयार रखने के लिए कहा। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने पर जोर दिया, जिससे विकसित भारत @2047 का विजन पूरा हो सके। सेमिनार में आधुनिक एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी के अलग-अलग पहलुओं का अन्वेषण करना है, जिसमें अगली पीढ़ी के एयरक्राफ्ट के लिए डिजिटल विनिर्माण और संयोजन, डिजिटल विनिर्माण, एरोडायनामिक्स, प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी, फ्लाइट टेस्टिंग टेक्नीक, डिजिटल ट्विन टेक्नोलॉजी, सर्टिफिकेशन चैलेंज, फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम और एवियोनिक्स, फाइटर एयरक्राफ्ट में मेंटेनेंस चैलेंज, एयरक्राफ्ट डिजाइन पर ध्यान केंद्रित किया जाना है।

सेमिनार में भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के भविष्य और एलसीए तेजस के स्केच से स्क्वाड्रन तक के सफर के बारे में बताया जाएगा। एडीए ने एलसीए तेजस को डिजाइन और विकसित किया है, जिसके 5,600 से ज्यादा सफल फ्लाइट परीक्षण हो चुके हैं। इससे सरकारी लैब, एकेडमिक इंस्टीट्यूट और इंडस्ट्री समेत 100 से ज्यादा डिजाइन वर्क सेंटर जुड़े थे। एलसीए को चौथी पीढ़ी का फाइटर बनाने के लिए कार्बन कंपोजिट, हल्के मेटेरियल, फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल, डिजिटल यूटिलिटी मैनेजमेंट सिस्टम, ग्लास कॉकपिट वगैरह जैसी कई खास तकनीक विकसित की गईं। सेमिनार के दौरान तेजस प्रोग्राम से जुड़े जाने-माने स्पीकर टेक्निकल बातचीत की एक सीरीज देंगे। एलसीए तेजस मार्क-1ए देश में डिजाइन और बनाए गए फाइटर एयरक्राफ्ट का उन्नत संस्करण है और यह वायु सेना की ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए पावरफुल प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करेगा। एलसीए तेजस मार्क-2 नौसेना संस्करण होगा, जिसे अभी विकसित किया जा रहा है। इस सेमिनार के हिस्से के तौर पर बड़ी संख्या में पीएसयू, डीपीएसयू, इंडस्ट्रीज, लघु उद्योग अपने-अपने उत्पाद दिखा रहे हैं।

## वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति बनीं रोड्रिग्ज

### ये ड्रग्स का नहीं, तेल का मामला है : हैरिस

एजेंसी



**काराकास।** वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शनिवार देर रात उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाल लिया। यह आदेश अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व के तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैनिकों की गिरफ्तारी के बाद आया। सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश कैरिसलिया रोड्रिग्ज ने सरकारी टीवी चैनल वीटीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा था कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अपहरण से उत्पन्न असाधारण स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि गणतंत्र की कार्यकारी उपराष्ट्रपति कार्यवाहक क्षमता में राष्ट्रपति पद की सभी शक्तियों, कर्तव्यों और कार्यों को संभालें। यह निर्णय प्रशासनिक निरंतरता और राष्ट्र की व्यापक रक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। वेनेजुएला का संविधान अनुच्छेद 233 और 234 के तहत ऐसी स्थितियों का प्रावधान करता है, जो राष्ट्रपति की अस्थायी या पूर्ण अनुपस्थिति की स्थिति में उपराष्ट्रपति को पदभार संभालने की अनुमति देते हैं। रोड्रिग्ज ने जोर दिया कि मादुरो ही वेनेजुएला के एकमात्र वैध राष्ट्रपति हैं। उन्होंने वेनेजुएला के लोगों से इस ऑपरेशन का विरोध करने का आग्रह किया और मध्य अमेरिकी देशों की सरकारों से इसकी निंदा करने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने वेनेजुएला के लोगों और क्षेत्र के खिलाफ अमेरिका द्वारा किए गए सैन्य हमले और मादुरो और पत्नी के अपहरण की कड़ी निंदा की।

वेनेजुएला के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई को लेकर अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जमकर आलोचना की है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने ट्रंप की कार्रवाई को गैरकानूनी, खतरनाक और राष्ट्रीय हित के बजाय राजनीतिक महत्वाकांक्षा से प्रेरित बताया। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह ड्रग्स का मामला नहीं है यह तेल और डोनाल्ड ट्रंप की दबंगई है। अगर उन्हें इनमें से किसी की भी परवाह होती, तो वे किसी दोषी ड्रग ट्रैफिकर को माफ नहीं करते या मादुरो के साथियों के साथ डील करते हुए वेनेजुएला के जायज विपक्ष को नजरअंदाज नहीं करते।

### बातचीत से मामला सुलझाये दोनों देश : भारत

नयी दिल्ली। वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता और दोनों देशों से बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वेनेजुएला में हाल की घटनाएं गहरी चिंता का विषय हैं। हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध। मंत्रालय ने कहा कि काराकास में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में है और हर मुमकिन मदद देता रहेगा। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है।




**जन्म दिन पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी को नीतीश कुमार ने दी बधाई**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 90वें जन्मदिन पर बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी को दी बधाई। मुख्यमंत्री ने शकुनी चौधरी का कुशलक्षेम जाना। नीतीश ने शकुनी चौधरी से कहा कि आपके बेटा सम्राट चौधरी शानदार काम कर रहे हैं और वे राजनीति में बहुत आगे तक जाएंगे।

## वेनेजुएला में हमले के खिलाफ अमेरिका के कई शहरों में प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने वाली अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोग मैनहट्टन की सड़कों पर उतरे। वाशिंगटन, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, अटलांटा, शिकागो और मियामी जैसे 100 से अधिक शहरों में लोगों ने किया प्रदर्शन। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों के हाथों में वेनेजुएला से हाथ हटाओ, कैरिबियन से अमेरिका बाहर निकले, वेनेजुएला के तेल के लिए कोई युद्ध नहीं, और अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ वेनेजुएला की रक्षा करो लिखे हुए पोस्टर थे। भीड़ में वेनेजुएला की रक्षा करो, मादुरो को आजाद करो के नारे भी गूंज रहे थे। मार्च में शामिल न्यूयॉर्क के निवासी करेन ने कहा कि यह युद्ध मादक पदार्थों के बारे में नहीं है, यह वेनेजुएला के तेल के बारे में है। आपको वेनेजुएला में कदम रखने और वहां हमला करने का अधिकार कैसे है? ऐसा महसूस होता है जैसे हम अपराधियों की तरह काम कर रहे हैं।

## 19 बस डिपो में खुलेगी जीविका दीदी की रसोई

**पटना।** बिहार के 19 प्रमुख बस डिपो में जीविका दीदी की रसोई के तहत कैंटीन जाएंगी। इससे बस डिपो आने वाले यात्रियों, चालकों और कर्मियों को साफ-सुथरा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बांकीपुर, फुलवारी शरीफ, मुजफ्फरपुर, आरा, बिहार शरीफ, सीतामढ़ी, मोतिहारी, छपरा, सिवान, दरभंगा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा, भागलपुर, जमुई, मुंगेर, पूर्णिया और सहरसा में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। बाद में इसे और विस्तार दिया जा सकता है।

## बिहार में आयुष्मान का दायरा बढ़ा

- आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका और विशेष सशस्त्र पुलिस बल के जवानों का पांच लाख रुपये तक मुफ्त होगा इलाज
- 17 लाख से अधिक कामगारों के परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे का विस्तार करते हुए श्रमिक और फ्रंटलाइन वर्करों को बड़ी राहत दी है। अब आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका, विशेष सशस्त्र पुलिस बल के जवान और भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में निबंधित श्रमिकों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इन सभी पात्र लाभार्थियों और उनके परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य सुरक्षा समिति से मिली जानकारी के अनुसार निर्णय से राज्य में 17 लाख से अधिक कामगारों के परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) शशांक शेखर ने बताया कि राज्य में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका से जुड़े कुल 268492 परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। इनके अलावा भवन निर्माण कर्मकार बोर्ड में निबंधित श्रमिकों के 1426 लाख परिवार भी इस योजना के दायरे में आ गए हैं। इन श्रमिकों का स्वास्थ्य बीमा का कवरेज की राशि का भुगतान भी श्रम संसाधन विभाग द्वारा कराया जाएगा। किसी श्रमिक के बीमार पड़ने पर इलाज से संबंधित बीमा कवरेज की राशि का भुगतान भी श्रम संसाधन विभाग करेगा। उन्होंने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को मिलाकर कुल लाभार्थियों की संख्या तीन लाख से अधिक है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों और जमीनी स्तर पर सेवा देने वाले कर्मियों को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। सरकार के इस फैसले को सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

## सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.23 लाख करोड़ बढ़ा

### शेयर बाजार समीक्षा

- एसबीआई का 30,415 करोड़ और एलएंडटी का 16,204 करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

एजेंसी

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,23,724 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का कुल बाजार पूंजीकरण 22,623 करोड़ रुपये कम हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे ज्यादा 45,266.12 करोड़ रुपये बढ़कर 21,54,979 करोड़ रुपये हो गया। इस मामले में वह शीर्ष पर रहा। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,415 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का 16,204 करोड़ रुपये बढ़ा। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 14,626 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक में 13,538 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,104 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 570 करोड़ रुपये बढ़ा। टीसीएस का एमकैप 10,745 करोड़ रुपये घट गया। इंफोसिस के एमकैप में 6,183 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 5,694 करोड़ रुपये की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। बाजार पूंजीकरण के मामले में 15,40,304 करोड़ रुपये के साथ एचडीएफसी बैंक दूसरे और 12,01,263 करोड़ के साथ भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर रहा।

**वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा :** घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों पर रहेगी। घरेलू स्तर पर सेवा क्षेत्र के पीएमआई के आंकड़े 06 जनवरी को जारी किये जायेंगे। साथ ही वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह जारी होंगे। बाजार पर सबसे ज्यादा असर वैश्विक कारकों का दिखेगा। इस बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक इक्विटी बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं, लेकिन घरेलू निवेशक बाजार को गति दे रहे हैं।



## एफपीआई ने दो दिन में बेची 7608 करोड़ की इक्विटी

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नये साल में पहले दो दिन के कारोबार में भारतीय बाजारों में 7,608 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। एफपीआई ने जनवरी के पहले दो दिन में भारतीय पूंजी बाजार से 5,342 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। शुद्ध निकासी का मतलब है कि उन्होंने जितनी पूंजी लगायी उससे ज्यादा निकाली है। एक तरफ जहां एफपीआई इक्विटी से पैसा निकाल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वे डेट और म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने जनवरी में इक्विटी में 7,608 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। वहीं उन्होंने शुद्ध रूप से 2,266 करोड़ रुपये लगाये। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 22.46 करोड़ रुपये रहा।

